✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 255 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 11 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbiharitime.com



पटना में विकास कार्यों का निरीक्षण करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन

### पथ निर्माण मंत्री ने सदन में पेश किया 82 हजार करोड़ का रोडमैप

# बिहार में बनेंगे पांच एक्सप्रेस-वे, 19 आरओबी एवं दो हाईस्पीड कॉरिडोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पथ निर्माण विभाग का बजट पेश किया। इस क्रम में उन्होंने पथ निर्माण विभाग के लिए 82 अरब, 60 करोड़, 16 लाख के सकल बजट की अनुमति मांगी। उन्होंने सदन को यह जानकारी दी कि नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के बैद्यनाथधाम के बीच हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कारिडोर के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसी तरह नारायणी-गंगा हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कारिडोर के निर्माण की स्वीकृति का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। पशुपतिनाथ-बैद्यनाथ हाईस्पीड कॉरिडोर का एलायनमेंट नेपाल के समीप भीमनगर से शुरू होकर बिहार के चानन तक जाएगा। इसकी लंबाई 250 किमी है। सरकार अपने सीमित संसाधन में चरणबद्ध तरीके से सभी सिंगल लेन पथों (5000 किमी) को दो लेन या फिर उससे अधिक चौड़ा करने की योजना पर मुख्यमंत्री पथ विस्तारीकरण योजना के तहत काम कर रही है। पथ निर्माण मंत्री ने बिहार के लिए घोषित पांच एक्सप्रेसवे निर्माण योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने बजटीय संबोधन में कहा कि बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे की स्वीकृति प्रक्रिया में है। इसका डीपीआर तैयार किया जा रहा। रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे लिए भी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही। गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के लिए भी जमीन अधिग्रहण किया जा रहा। वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे के फिर से एलायनमेंट के बाद भू अर्जन प्रगति में है। सात निश्चय-3 के बनने वाले एक्सप्रेसवे के गठन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। एनएच पर स्थित 19 रेल समपारक पर आरओबी के निर्माण को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी स्वीकृति दी है। इनमें से 12 का निर्माण पूरा हो गया है और छह पर काम चल रहा। राज्य के (शेष पृष्ठ 11 पर)

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बिहार को 210 करोड़ की केंद्रीय सहायता राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बिहार राज्य को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 210 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता राशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि अनुदान सहायता के रूप में दी गई है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई है। जारी की गई यह राशि वर्ष 2023-24 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों से संबंधित है, जिनका क्रियान्वयन राज्य में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के इस चरण के लिए कुल केंद्रीय हिस्सेदारी 987.875 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें से पहले ही 383.75 करोड़ रुपये की राशि बिहार को जारी की जा चुकी है। अब 210 करोड़ रुपये की नई किस्त जारी होने के बाद केंद्रीय हिस्से की शेष राशि 394.125 करोड़ रुपये रह जाएगी। इस किस्त के अंतर्गत राज्य अंश के रूप में 165.53 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसे राज्य सरकार को वहन करना होगा। केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि बिहार सरकार को इस केंद्रीय सहायता राशि के साथ-साथ निर्धारित राज्यांश को बिहार ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार को 30 दिनों के भीतर स्थानांतरित करना अनिवार्य होगा। इसके बाद संबंधित परियोजनाओं के लिए राशि का उपयोग किया जाएगा, ताकि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की और सभी मौसम में चलने योग्य सड़कों के माध्यम से मुख्य मार्गों से जोड़ना है। इसके तहत गांवों, टोलों और दूरस्थ बस्तियों तक सड़क संपर्क उपलब्ध कराकर ग्रामीण आबादी को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने पर जोर दिया जाता है। बिहार जैसे राज्य में, जहां बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, यह योजना सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। 210 करोड़ रुपये की यह केंद्रीय सहायता राशि राज्य में ग्रामीण सड़क अवसंरचना को मजबूत करने, अधूरी परियोजनाओं को गति देने और नए संपर्क मार्गों के निर्माण में सहायक होगी। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, बल्कि कृषि उत्पादों के परिवहन, स्थानीय व्यापार और रोजगार (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में परिवहन विभाग में पदस्थापित सिपाही की मौत

अरवल(नबिटा ब्यूरो)। जिले में एनएच 139 पर बलिदाद बाजार के पास वाहन जांच के दौरान परिवहन विभाग में पदस्थापित एक सिपाही मुकेश कुमार यादव की ट्रक से धक्का लगने के कारण मृत्यु हो गई। परिवहन विभाग द्वारा बलिदाद बाजार के पास वाहन जांच किया जा रहा था, इसी दौरान औरंगाबाद के तरफ से एक आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर सिपाही को ठोकर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें घटनास्थल पर ही सिपाही की मृत्यु हो गई। मृतक सिपाही बक्सर के रहने वाले थे।

# फर्जी दो उत्पाद अधिकारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो फर्जी उत्पाद अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिलखवार से रांटी बरही टोल के पास की गई। उत्पाद अधीक्षक विजयकांत ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रांटी बरही टोल निवासी गोपी यादव के पुत्र दुर्गानंद कुमार एवं रांटी मोहनपुर निवासी हुकुमदेव यादव के पुत्र कमल कुमार के रूप में की गई है। दोनों आरोपी स्वयं को उत्पाद विभाग का अधिकारी बताकर लोगों से अवैध वसूली कर रहे थे। इसी क्रम में नगर थाना की पुलिस ने जयनगर थाना क्षेत्र के कमलाबारी निवासी रामसेवक यादव के पुत्र सुभाष यादव को भी गिरफ्तार किया जो इस पूरे मामले में पीड़ित बताया जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक विजयकांत ठाकुर ने बताया कि सुभाष यादव से दुर्गानंद कुमार और कमल कुमार ने फर्जी अधिकारी बनकर शराबबंदी कानून के नाम पर कार्रवाई की धमकी देते हुए 80 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित द्वारा दी गई सूचना के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए नगर थाना पुलिस के सहयोग से जाल बिछाकर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से बिना नंबर प्लेट की एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसका उपयोग वे लोगों को डराने-धमकाने और भ्रमित करने में कर रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी पहले भी कई लोगों से इसी तरह ठगी कर चुके हैं। उत्पाद अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति यदि खुद को उत्पाद विभाग या किसी अन्य सरकारी विभाग का अधिकारी बताकर पैसे की मांग करता है तो तुरंत संबंधित थाना या विभाग को सूचना दें।

# सीएम नीतीश ने बिहार की छवि को सुधारने का काम किया : नितिन नवीन

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा की कार्यवाही के बीच बांकीपुर से भाजपा विधायक और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन मंगलवार को सदन में पहुंचे। इसके बाद सदन में मौजूद सदस्यों ने उनका पूरे गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन पहली बार सदन पहुंचे। इस मौके पर सदन की तरफ से स्पीकर ने उनका स्वागत किया। सदन में बोलते हुए नितिन नबीन ने कहा कि मेरा विधायकी जीवन पूरे बीस साल का रहा है। आज के दिन की कल्पना मैंने कभी नहीं की थी। आज जिस प्रकार से सदन में मौजूद सभी अभिभावकों के शब्दों से जो आशीर्वाद मुझे मिला है, उसके लिए पूरे सदन का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि जब से हम इस सदन में आए तबसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को काम करते देखा है। जो नए लोग आते हैं राजनीति में, वह जहां एक ओर अपनी पार्टी के विचारों के साथ आते हैं और दूसरी तरफ जनता के बीच से एक मत लेकर आते हैं। सदन में जनता के मुद्दों के साथ पूरी मजबूती के साथ हम जुड़ते भी हैं। सदन में हमें सीखने को मिलता है कि कैसे जनता की बातों को सरकार के समक्ष रखे और जनता की आवाज बनकर बैठे। नितिन नबीन ने कहा कि एक-एक विधायक के तौर पर तमाम विषयों को लेकर हम सदन में बैठते हैं और यहां से लेकर सदन की भी गरीमा कैसे बढ़े, इसकी भी चिंता करते हैं। 2006 में पहली बार विधायक बना और तब से सदन में देखता आ रहा हूं कि किस तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की छवि को सुधारने का काम किया। हमलोग भी जब दूसरी जगह जाकर पढ़ते थे तो किस तरह के शब्दों का प्रयोग बिहार के लिए किया जाता था। उन्होंने कहा कि 2005 के कालखंड की बातों को मैं किसी सत्तापक्ष या विपक्ष के रूप में नहीं बल्कि उस छात्र के रूप में बता रहा हूं, जब हमलोग भी बाहर जाकर पढ़ते थे। 2006 से लेकर 2026 के बीच बिहार को देखता हूं तो ऐसा लगता है कि अपना बिहार अगर देश में भी सम्मान पा रहा है तो पिछले 20 वर्षों में हमलोगों ने जो बिहार की छवि बदली है, उसका एक बहुत बड़ा कारण है। नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझपर भरोसा किया है और पार्टी के काम करने के लिए हमेशा से उन्होंने सिस्टम को सम्मान दिया है। सदन में कई ऐसे पूर्व के वरिष्ठ नेता रहे हैं जिन्होंने बिहार को समय दिया लेकिन कुछ लोग जो साक्षात रूप से हमारे सामने हैं, जो नेतृत्व हमारे सामने है उनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने पिता नवीन किशोर सिन्हा को याद करते हुए नितिन (शेष पृष्ठ 11 पर)

# पनोरमा ई होम्स ग्रुप से जुड़े सभी ठिकानों पर छापा

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पनोरमा ई होम्स ग्रुप से जुड़े सभी ठिकानों पर इनकम टैक्स द्वारा छापेमारी की गयी है। रेड में पटना से आई इनकम टैक्स की टीम में आईटी के 20 से अधिक बड़े अधिकारी शामिल हैं। इनकम टैक्स की ओर से आज की कार्रवाई में पूर्णिया के पनोरमा ई-होम्स के जिला स्कूल रोड, बायपास रोड स्थित अन्य ठिकानों पर छापेमारी शामिल है। आयकर के अधिकारी पनोरमा के सीएमडी संजीव मिश्रा और उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। अचानक हुई इस छापेमारी से पनोरमा ग्रुप से जुड़े लोगों और जिले के बड़े वयवसायियों में हड़कंप है। पटना से आई इनकम टैक्स की टीम ने पनोरमा के सभी ठिकानों पर दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं। टीम आय-व्यय से संबंधित कागजात, जमीन के दस्तावेज और अन्य वित्तीय रिकॉर्ड खंगाल रही है। फिलहाल टीम में शामिल अधिकारियों ने बरामदगी को लेकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है।






# बियाडा की पीसीसी बैठक में 13 औद्योगिक इकाइयों को 11.52 एकड़ भूमि आवंटित

## 139.57 करोड़ निवेश और 1010 रोजगार अवसरों की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा और आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद योग्य आवेदकों को औद्योगिक भूखंड और शेड आवंटित करने का निर्णय लिया गया तथा नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई। बैठक में कुल 13 औद्योगिक इकाइयों को बिहार के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों पटना, बेगूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, औरंगाबाद, बक्सर और वैशाली में



11.52 एकड़ भूमि आवंटित की गई। आवंटन पाने वाली इकाइयां टेक्सटाइल और लेदर, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि निर्माण, प्लास्टिक, संपीड़ित जैव गैस और सामान्य विनिर्माण जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं जिससे राज्य की औद्योगिक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। पीसीसी की बैठक में जिन प्रमुख इकाइयों को भूमि आवंटित की गई उनमें सीएफ बायोटेक गुजरात प्राइवेट लिमिटेड, जे एंड जे एग्रोवेट प्राइवेट लिमिटेड, बरौना फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, केम्प्टी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड और ओलट्रेडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन इकाइयों द्वारा कुल 139.57 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है जिससे लगभग 1010 प्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बियाडा पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया के माध्यम से उद्यमियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। समिति के इस निर्णय से बिहार में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, निवेश वातावरण को बढ़ावा और रोजगार सृजन के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त होने की संभावना है। राज्य सरकार और बियाडा के संयुक्त प्रयासों से बिहार को प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नितिन नवीन का बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बिहार को बड़ा तोहफा : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के पहले आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन अपने अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के हजारों समर्थकों के साथ बापू सभागार में किया। उक्त बातें बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने दी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नितिन नवीन दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के लिए देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड के बिहार के जनता की ओर से आभार प्रकट किया। नितिन नवीन का बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना बिहार के प्रति केंद्रीय नेतृत्व के तरफ से बिहार को बड़ा तोहफा है। इस तोहफा को बचा कर रखना बिहार की जनता की जिम्मेवारी है। नितिन नवीन के माध्यम से बिहार का लाल देश का नेतृत्व करने का रास्ता



खुला है यह रास्ता बंद कभी नहीं हो इसके लिए बिहार के जनता को संकल्पित होना पड़ेगा। नितिन नवीन सरल, व्यक्तित्व के धनी हैं, नेतृत्व करने की अपार क्षमता है, दक्षता से परिपूर्ण उनकी क्षमता है। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हीं सब कारणों से उन्हें पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नितिन नवीन अपने राजनैतिक अनुभव, कुशल नेतृत्व, अपार संगठनिक क्षमता, दक्षता से पार्टी को पूरे देश में मजबूत करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि देश के जिस राज्य में बीजेपी का कमल नहीं खिला वहां इनके नेतृत्व में कमल खिलेगा। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नितिन नवीन को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ एवं बिहार के जनता की ओर से अभिनंदन करते हैं।

# एनटीपीसी कहलगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव।** एनटीपीसी कहलगांव में तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता शिविर 2026 के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुजाता सभागार, एनटीपीसी कहलगांव में संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, युवा सहभागिता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है, ताकि सांस्कृतिक आदान प्रदान और सामूहिक सीख के माध्यम से युवाओं में एकता की भावना को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल, महाप्रबंधक संचालन एवं अनुरक्षण मनोरंजन परिदा, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार सहित एनटीपीसी के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रबिंद्र पटेल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में विविधता में एकता की भावना को मजबूत करते हैं और राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 15 राज्यों से आए लगभग 250 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही एनटीपीसी टाउनशिप के विद्यालयों के छात्र छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन के दौरान विभिन्न राज्यों की राष्ट्रीय सेवा योजना टीमों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी द्वारा सतत सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण में किए जा रहे प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया। वक्ताओं ने युवाओं से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता शिविर 2026 के इस आयोजन ने युवाओं के बीच आपसी समझ, भाईचारे और सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त करने का संदेश दिया।

# शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाया जाएगा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाया जाएगा। मंगलवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इस संदर्भ में विधान परिषद को आश्वस्त किया। प्रो. वीरेंद्र नारायण यादव के गैर-सरकारी संकल्प का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पहले ही निर्देश दिया जा चुका है। जनगणना, निर्वाचन और आपदा में सहायता को छोड़कर शिक्षकों की सेवा किसी दूसरे गैर-शैक्षणिक कार्य में नहीं ली जा रही। वर्ष 2023 में ही प्राथमिक शिक्षा निदेशक की ओर से इसका आदेश दिया जा चुका है। इसके अलावा गैर-शैक्षणिक कार्यों में लिप्त शिक्षकों की सूची भी विभाग ने सभी जिलों से मांगी है। किसी राज्य में आवारा कुत्तों की गणना में शिक्षकों को लगाए जाने और उसके प्रतिरोध में एक हिंदी अखबार में प्रकाशित लेख का हवाला देते हुए वीरेंद्र पठन-पाठन की स्थिति पर चिंता प्रकट कर रहे थे। सरकार के उत्तर से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने संकल्प वापस ले लिया। मंत्री ने सदन से कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। अगर कहीं समस्या या कोई शिकायत है, तो व्यक्तिगत रूप से मुझे भी अवगत करा सकते हैं या पोर्टल पर जानकारी दे सकते हैं।

# बी.डी. कॉलेज, पटना में स्टार्टअप एवं एमएसएमई विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के स्टार्ट-अप सेल द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में 'बिहार में स्टार्ट-अप एवं एमएसएमई की वृद्धि' विषय पर एमसीए कांफ्रेंस हॉल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने उद्यमिता, नवाचार तथा बिहार के आर्थिक विकास में स्टार्ट-अप और एमएसएमई की भूमिका पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अरुण कुमार, सलाहकार, आईक्यूएसी तथा डॉ. मौसमी गुप्ता, एमसीए संकाय



सदस्य रहीं। दोनों निर्णायकों ने प्रतिभागियों की विषयवस्तु की समझ, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना की प्रतियोगिता में अभ्या आदर्श ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान ने द्वितीय स्थान हासिल किया जबकि साक्षी कुमारी एवं इशिका राय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्टार्ट-अप सेल के प्रभारी विशाल विजय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सचिन राज, स्टार्ट-अप समन्वयक के नेतृत्व में किया गया जिसमें स्टार्ट-अप सेल के छात्र प्रतिनिधि सपना कुमारी, दीप्ति, कुणाल एवं राहुल का सक्रिय सहयोग रहा।

# नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर चयन सभी कार्यकर्ताओं को नई दिशा दे रहा है : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने विधानसभा पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि आज न केवल सदन के लिए बल्कि हम सभी के लिए गौरवशाली दिन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज यह ऐतिहासिक क्षण है कि युवा, कर्मठ, जनप्रिय और लोकप्रिय साथी नितिन नवीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका विनीत स्वभाव, जनता के प्रति लगाव और अपने कार्यों के प्रति आपका समर्पण बोध हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। आज आपको राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पाकर बिहार की राजनीति अंगड़ाई ले रही है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में आपका सक्षम नेतृत्व देश की राजनीति को विश्व में एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि यह सदन आज इस बात का गवाह भी बन रहा है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सबसे युवा अध्यक्ष हमारे साथी नितिन नवीन हैं।

# सबका सपना, स्वच्छ भारत हो अपना : डॉ हनीफ मेवाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान में चल रहे खादी मेला एवं प्रदर्शनी में पटना नगर निगम की ओर से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ मोहम्मद हनीफ मेवाती, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पटना तथा पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने किया। उद्घाटन के समय लोक गायक राजेश केसरी एवं अन्य लोक कलाकार उपस्थित रहे। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में डॉ मोहम्मद हनीफ मेवाती, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग



आयोग, पटना ने कहा कि स्वच्छता का स्वप्न राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और ग्रामीण स्वरोजगार के साथ-साथ स्वच्छता को भी बहुत महत्व दिया क्योंकि उनका मानना था कि स्वच्छता देवत्व के समीप है और इसीलिए पूरे देश को साफ रहना जरूरी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सामाजिक राजनीतिक आंदोलन के दौरान भी स्वच्छता को बराबर महत्व दिया। हम सबका कर्तव्य है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाई रास्तों पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दें, स्वच्छता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने पटना को नंबर वन बनायें। हर रंग के डस्टबिन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने सभी युवाओं को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बिहार की लोक गायिका नीतू नवगीत ने पारंपरिक गीतों एवं स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छ भारत स्वच्छ पटना का संदेश दिया और सभी लोगों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में भाग लेने का निवेदन किया। लोगों के आग्रह पर उन्होंने बहुत सारे होली गीतों से भी दर्शकों को झुमाया। वादक कलाकारों ने बहुत अच्छी संगत की।

# प्रदेश कांग्रेस ने कुछ नेताओं के जिला भ्रमण कार्यक्रम से पार्टीजनों को दूर रहने का जारी किया आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस ने कार्यालय आदेश जारी कर सूचना जारी की है कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से जानकारी मिल रही है कि निम्नलिखित लोग जिला-दर-जिला भ्रमण कर कांग्रेसजनों को भ्रमित कर रहे हैं और कांग्रेस पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। ये लोग विधानसभा चुनाव के समय से ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं, अतः पार्टी अनुशासन समिति द्वारा इन लोगों पर अनुशासनिक कार्रवाई की गई है जिनमें छत्रपति यादव, आनंद माधव, सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी, राज कुमार राजन, नागेंद्र पासवान विकल, मधुरेंद्र कुमार सिंह, प्रद्युम्न यादव, शकीलुर रहमान, उर्मिला सिंह नीलू, सुधा मिश्रा, वसी अख्तर, कैसर खान, कुंदन गुप्ता, राज कुमार शर्मा आदि शामिल हैं।

पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार सूचित करना है कि जिला कांग्रेस या प्रखंड कांग्रेस की तरफ से इन लोगों को कोई सहयोग न दिया जाए। इन लोगों का मुख्य काम सीधे-साधे कांग्रेसजनों को भ्रमित कर कांग्रेस पार्टी को कमजोर करना और भाजपा एवं जदयू जैसी पार्टियों को मदद करना है।

# वैशाली जिले के एक एनजीओ पर 25 लाख गबन का आरोप, विजिलेंस जांच की मांग : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली / पटना।** वैशाली जिले में पंजीकृत एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) पर कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) से जुड़े कार्य में गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं 25 लाख के गबन का आरोप लगा है। सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकरण संख्या 710/2008-09 वाले इस संगठन पर आरोप है कि 'विशाल युवा केंद्र' के तहत समस्त कार्य पूर्ण होने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। उक्त केंद्र का संचालन आनंद रंजन झा द्वारा किया गया। आरोप है कि संगठन ने केंद्र संचालन के लिए 80 प्रतिशत भुगतान का स्पष्ट आश्वासन दिया था, जो उत्तर बिहार



ग्रामीण बैंक के माध्यम से किया जाना था, किंतु देनदारी स्वीकारने के बावजूद राशि जानबूझकर रोक ली गई। इतना ही नहीं पांच-पांच लाख रुपये के दो चेक भी बाउंस हो गए जिनसे संबंधित मामले व्यवहार न्यायालय, हाजीपुर में वाद संख्या 2308/2024 एवं वाद संख्या 966/2025 के रूप में विचाराधीन हैं। इसके अतिरिक्त संगठन से संबंधित आपराधिक वाद संख्या 30/2023 भी दर्ज है।

शिकायतकर्ता के अनुसार दबाव बनाने और डराने की नीयत से उनके विरुद्ध झूठा वाद संख्या 2673/2022 दायर किया गया था जिसे न्यायालय ने निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। इन सभी तथ्यों के आलोक में आनंद रंजन झा ने सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

# बिहार विद्यापीठ का 106वां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम में मंगलवार को संस्थान का 106वां स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्सवी वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का आयोजन देशरत्न सभागार में किया गया जिसकी अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश (आईएएस) ने की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय प्रकाश ने कहा कि 'बिहार विद्यापीठ केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मूल्यों, लोक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत केंद्र है। उन्होंने बिहार विद्यापीठ के संस्थापक सदस्यों – महात्मा गांधी, मौलाना मजहर-उल-हक, बाबू



ब्रजकिशोर प्रसाद, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा विद्यापीठ के छात्र लोकनायक जयप्रकाश नारायण को नमन करते हुए कहा कि इन सभी विभूतियों ने अपने पेशे त्यागकर स्वतंत्रता संग्राम में पूरे जुनून के साथ सहभागिता की। समारोह के मुख्य अतिथि, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित, प्रख्यात पटकथा लेखक, नाट्य एवं सिनेमा निर्देशक-निर्माता अरविन्द रंजन दास ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि 'जब जुनून को पेशे से जोड़ा जाता है, तभी सफलता कदम चूमती है।' उन्होंने अपनी जीवन यात्रा साझा करते हुए एक स्वतंत्र रचनात्मक प्रतिभा के विकास में आने वाली पारिवारिक व सामाजिक बाधाओं की चर्चा की तथा युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। उन्होंने रचनात्मकता, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना को समाज निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात सचिव डॉ. राणा अवधेश ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए बिहार विद्यापीठ की राष्ट्रीय चेतना, शैक्षिक परंपरा और सामाजिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। समारोह के सांस्कृतिक सत्र में पटना की चर्चित नाट्य संस्था अतुल्या आर्ट्स द्वारा मंचित एकल नाट्य प्रस्तुति 'आपकी सरिता' (लेखक-सतीश चित्रावंशी; निर्देशन एवं अभिनय-लाडली कुमारी; पार्श्व संगीत-श्रीपर्णा तिवारी) ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नाटक में लाडली कुमारी ने एक साथ कई भूमिकाएं निभाईं। यह नाटक छात्राओं की शिक्षा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक तानों और मानसिक तनाव जैसे समसामयिक विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करता है। नाटक की नायिका सरिता के संघर्ष, आत्मबल, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की कथा ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। नाटक का कथानक एक इंटर की छात्रा सरिता के संघर्ष पर आधारित है जो असफलताओं, पारिवारिक सहयोग के अभाव और सामाजिक दबावों के बावजूद हार नहीं मानती।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना ने किया मॉडर्न एक्यूप्रेशर वर्कशॉप व मर्म दाब चिकित्सा हेल्थ कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना की ओर से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर, कंकड़बाग, पटना में एक दिवसीय मॉडर्न एक्यूप्रेशर वर्कशॉप एवं मर्म दाब चिकित्सा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध विशेषज्ञ रो. डॉ. सैकत सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को पैन मैनेजमेंट एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित जांच एवं थेरेपी की जानकारी दी गई। उन्होंने बिना दवा उपचार पद्धति के लाभों पर प्रकाश डालते हुए मर्म दाब चिकित्सा की उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन




रोटरी क्लब ऑफ पटना की अध्यक्ष रो. रश्मि मंडल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था एवं रोटरी क्लब ऑफ पटना के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एमपी जैन ने बताया कि उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पी.पी. रो. मिथिलेश मंडल, बी.के. संगीता, बी.के. स्नेहा, अनूप सिंह चौहान, युवराज कुमार, ऋत्विक राज एवं रो. राजेश पांडे सहित अतिथि कल्याणी चंद्रा भी शामिल थीं। कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए आगामी 15 फरवरी 2026 को एक मॉडर्न एक्यूप्रेशर हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा। साथ ही 22 फरवरी 2026 एवं 1 मार्च 2026 को चार घंटे का सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोग इस वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित हो सकें।

# चेन पुलिंग में 1030 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 3567 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत जनवरी माह में 1 से 31 जनवरी 2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1030 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 496 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 200, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 108, सोनपुर मंडल में 130 तथा धनबाद मंडल में 96 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया।

# यूएमएसएएस में हैंडीक्राफ्ट कारीगरों के बच्चों को एचएससी ने निफ्ट में नामांकन के बताए गुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर ने विशेष मोबिलाइजेशन सह जागरूकता कार्यक्रम किया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से निफ्ट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी) पटना में प्रवेश पर फोकस था। इसका उद्देश्य हैंडीक्राफ्ट कारीगरों एवं उनके बच्चों को डिजाइन शिक्षा के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना है। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की डिजाइन शिक्षा से जोड़ना तथा उनके कौशल को आधुनिक तकनीक और



व्यावसायिक संभावनाओं से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर-निफ्ट प्रेरणा नारायण, फैकल्टी सदस्य पिंटू पंडित, एचएससी के सहायक निदेशक मुकेश कुमार, यूएमएसएएस के डिप्टी डेवलपमेंट ऑफिसर सत्यानंद शर्मा आदि थे। कार्यक्रम में बताया गया कि निफ्ट में हैंडीक्राफ्ट श्रेणी के अंतर्गत 40 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। इसके लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों के पास मान्य आर्टिजन कार्ड होना अनिवार्य है।

### डीएम की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक

# लंबित राशि की वसूली के लिए नीलाम पदाधिकारी निर्गत करें बॉडी वारंट : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न की गई जिसमें रोहतास जिला के जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों ने भाग लिया। उक्त बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रोहतास जिला के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 42669.49 लाख रूपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 1.4.2025 से 31.01.2026 तक कुल 21626.72 लाख रुपए की वसूली हुई। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा विभाग से प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत वसूली हेतु निदेशित किया गया। खनिज विकास पदाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि रोहतास जिलान्तर्गत वर्त्तमान में 20 बालूघाटों में से कुल 09 बालूघाट संचालित है एवं नीलामित बालूघाटों में से शेष बचे 01 बालूघाट यथा- रोहतास सोन ब्लॉक-08 पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु मामला एसइआइएए, पटना में प्रक्रियाधीन है। बालूघाट संख्या- रोहतास सोन ब्लॉक-4 का एलओएल निर्गत हैं तथा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु मामला एसइआइएए, पटना में प्रक्रियाधीन एवं रोहतास सोन ब्लॉक-12 का एलओएल प्राप्त करने हेतु प्रक्रियाधीन है। प्रत्यार्पण रद्द किये जाने के कारण कुल-06 बालूघाट यथा-रोहतास सोन ब्लॉक-01, 02, 06, 10, 11 बी एवं 15 की छठी बार नीलामी की कार्रवाई की गयी है जिसमें शून्य निविदा प्राप्त हुयी। सातवीं बार नीलामी की कार्रवाई की जा रही है जिसकी ई-नीलामी 19 फरवरी 2026 को निर्धारित है। बालूघाट संख्या-रोहतास सोन ब्लॉक-16, 3ए के नीलामी पर उच्च न्यायालय, पटना द्वारा रोक लगायी गयी है। अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के बिन्दू पर खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी 2026 तक कुल 1709 छापेमारी करते हुए 76 प्राथमिकी दर्ज की गयी है जिसमें कुल 125 वाहनों को जब्त करते हुए 138.10 लाख रूपये जुर्माना के रूप में वसूली की गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को नियमित रूप से छापेमारी को बढ़ाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा कार्य विभाग मद में कुल 3702.07 लाख रूपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके विरूद्ध माह अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 1671.11 लाख रूपये की वसूली की गई है। नीलाम पत्रवाद में जिलाधिकारी द्वारा नीलाम पत्रवाद में लंबित राशि की अधिकतम वसूली के लिए सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को बॉडी वारंट/डिस्ट्रेस वारंट निर्गत करने का निदेश दिया गया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव एवं 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन चेनारी प्रखंड के देवडीही पंचायत के पीठीयाओ आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के जिला परियोजना प्रबंधक मो. शमीम अंसारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं समुदाय को बेटियों के महत्व, समान अधिकार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान सहित महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डीएचइडब्लू की वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ कुमारी मेघा द्वारा किया गया जिसमें महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परियोजना प्रबंधक एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, चेनारी द्वारा बेटी बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत 0-6 माह की बालिकाओं को बेबी किट तथा 2.5-3 वर्ष तक की बालिकाओं की माताओं को फलों की टोकरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित माताओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह न करने, बेटियों की शिक्षा सुनिश्चित करने एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उनके संरक्षण, शिक्षा एवं सशक्तिकरण से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। अंत में कार्यक्रम का समापन सभी को बाल विवाह मुक्त भारत हेतु संकल्प के लिए शपथ दिलवाते हुए किया गया।

## मद्य निषेध विभाग द्वारा जनवरी में शराब कारोबार में संलिप्त 213 अभियुक्त किए गये गिरफ्तार

### जब्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव 15 दिनों के अन्दर भेजने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मद्य निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में आहूत की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जनवरी 2026 में 213 शराब में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जनवरी 2026 में 6745.003 लीटर शराब जब्त की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह जनवरी 2026 तक जब्त 297 वाहनों का पुलिस अधीक्षक, रोहतास द्वारा तीनों अनुमण्डल के पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने अनुमण्डल अंतर्गत थाना से संबंधित लंबित अधिहरण प्रस्ताव की समीक्षा कर अविलम्ब वाहन अधिहरण प्रस्ताव जिला विधि को भेजने का निर्देश दिया गया है। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा जब्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव 15 दिनों के अन्दर भेजने का निर्देश दिया गया है। सभी न्यायालयों से लंबित वाहनों का अधिग्रहण प्रस्ताव अविलम्ब निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस थानाध्यक्षों एवं उत्पाद थाना को निदेशित किया गया कि अपने-अपने थानान्तर्गत जब्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव एवं वाहन अधिहरण प्रस्ताव एक सप्ताह के अन्दर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** नासरीगंज बिक्रमगंज एनएच -120 पर नगर पंचायत गोड़ारी में माधो साह के मिल के पास मंगलवार की दोपहर ऑटो व बाइक में जबर्दस्त टक्कर हुई। बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये वहीं ऑटो में सवार चालक सहित चार लोग जख्मी हो गए। बाइक पर सवार दोनों युवक नासरीगंज निवासी जितेंद्र सिंह का 26 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार दूसरा रामजी साह का 22 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार उर्फ नेचु बताया जाता है। घायल अवस्था में ग्रामीणों की मदद से सीएचसी गोड़ारी इलाज के लिए लाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया, लेकिन दोनों युवकों की रास्ते में ही मौत हो गई। ऑटो में सवार चालक व यात्री कांति देवी, संगीता देवी, रीता देवी, सुचेता देवी घायल हो गये जिसमें कांति देवी की हालत नाजुक बनी हुई है जिनका इलाज सदर अस्पताल सासाराम में जारी है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नासरीगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने बिक्रमगंज की ओर से आ रही ऑटो में जबर्दस्त टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर बाइक व ऑटो को जब्त कर दोनों वाहन को थाना लाया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि घटना की जांच जारी है।

## विधायक ने की ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा में शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था व जाम से निजात दिलाने को ट्रैफिक पुलिस व सिग्नल प्रणाली स्थापित करने की मांग स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने उठाया।

उन्होंने कहा कि सड़क जाम से आमजन नियमित परेशान हो रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि सरकार इस मामले में जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि तार बंगला मोड़ अंधा मोड़ बन गया है जहां आये दिन सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत हो रही है। रामारानी मोड़, पाली रोड, स्टेशन रोड पर नियमित जाम की समस्या से लोगों को रूबरू होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुवस्थित सिग्नल के निर्माण व यातायात पुलिस की तैनाती से लोगों को जाम से निजात मिलेगी।

## दहेज हत्या में डीआईजी से न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह निवासी प्रविंद कुमार ने शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी को दिए गए आवेदन में कहा कि कैमूर जिले के भगवानपुर थाना में कांड संख्या 17/26 में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि मैं अपनी बहन खुशबु कुमारी की शादी 11/03/2024) को कविन्द्र गुप्ता पिता विशेश्वर साह से किया जो ग्राम गोवरक्ष थाना-भगवानपुर जिला कैमूर का निवासी है। शादी के बाद ही ससुराल वाले जिनमें मेरी बहन के भैसुर, सुरेंद्र साह तथा उनके दो पुत्र अविनाश कुमार और आकाश कुमार जेठानी, ससुर सहित अन्य उसके ससुराल के परिजनों द्वारा मारपीट तथा उसका प्रताड़ित कर रहे थे। ससुराल वाले बार-बार मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे जो मैं देने में असमर्थ था मेरे पिता शिवनाथ साह शादी के समय ही उपहार स्वरूप सोफा, पलंग, फ्रीज, कुलर सहित कई अन्य चीज दिए थे। अचानक 27 जनवरी 2026 सुबह 3:30 में मेरी बहन के भैसुर सुरेन्द्र साह के द्वारा सूचना दिया गया कि खुशबु कुमारी की मृत्यु हो चुकी है। सूचना पाकर हमलोग 6:30 सुबह अपनी बहन के ससुराल पहुंचे। मैंने देखा कि मेरी बहन घर के बरामदे पर जमीन पर मृत अवस्था में पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी बहन को ससुराल वालों ने दहेज के लिए मारपीट करते रहते थे। हमलोगों को पूर्ण विश्वास है कि दहेज के लिए मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई है। थाना द्वारा प्राथमिक दर्ज किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने डीआईजी से इस संबंध में न्याय की गुहार लगाई है।

## कृषि कनेक्शन हेतु पंचायत व प्रखंड स्तर पर शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** राज्य सरकार हर किसानों के खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी कृषि विद्युत कनेक्शन किसानों को बिल्कुल मुफ्त दिये जा रहे हैं इसमें किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रवीम ने बताया कि पंचायत व प्रखंड स्तर पर 10 फरवरी को शिविर का आयोजन किया गया जो 28 फरवरी तक चलेगा। इच्छुक किसान कृषि कनेक्शन हेतु सुविधा ऐप, वितरण कम्पनी के पोर्टल, स्थानीय विद्युत कार्यालयों एवं शिविर के माध्यम से आवेदन दे सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किसानों को आवेदन करने के लिए मात्र अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा जमीन से जुड़े कागज (खेसरा) समर्पित करना है साथ हीं किसान भाइयों से अनुरोध किया गया है कि अपने पम्पसेट अधिष्ठापन के स्थल के सम्बंध में भी पूरा पता आवेदन के साथ दें ताकि सही स्थान पर विद्युत कनेक्शन ससमय दिया जा सके। राज्य सरकार द्वारा कृषि के लिए बिजली बिल में सब्सिडी दिये जाने के बाद डीजल की तुलना में कृषि से पटवन कार्य अब किसानों को दस गुना से भी अधिक सस्ता पड़ता है व अनुदान के कारण किसानों को पटवन कार्य के लिए बिजली बिल मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट पर उपलब्ध कराई जा रही है। आगे बताया गया कि 11 फरवरी (बुधवार) को बिक्रमगंज के जमोढ़ी, दावथ के जमोसना, दिनारा के अकोढ़ा, संझौली के उदयपुर, सूर्यपुरा के शिओबाहर, कोचस के सरेया, करहगर के बकसारा, नोखा के नॉनसारी, चेनारी के खुर्माबाद शिवसागर के सोनहर व सासाराम (ग्रामीण) के सिकरिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। आवेदक पहुंच कर आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

## पासपोर्ट कैंप लगने से लोगों को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के समाहरणालय भभुआ में पासपोर्ट सेवा मोबाइल कैंप का आज से तीन दिवसीय शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन कैमूर जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने किया। इस कैंप की खास बात यह है कि 10 और 11 फरवरी के लिए अपॉइंटमेंट पहले से ही बुक हो चुका है। अब अगला अपॉइंटमेंट 12 के लिए खाली है। जिलाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया है कि आप पासपोर्ट बनवाने के लिए कैंप का लाभ उठाएं। पासपोर्ट कैंप निरंतर लगे इसको लेकर प्रयास किया जाएगा और विभाग से बात किया जाएगा। बबूरा गांव के रहने वाले युवक ने बताया कि मैं पहली बार पासपोर्ट बनवाने के लिए अप्लाई किया था। यहां का एक्सपीरियंस बहुत अच्छा रहा। यहां पर काफी मुझे सहूलियत मिली। कैमूर जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने बताया यह विभाग की एक सार्थक पहल है, 10 ,11 और 12 को पासपोर्ट सेवा मोबाइल कैंप लगा है जो 10, 11 और 12 फरवरी को जिले में रहेगा। सूचना के अनुसार 10 और 11 फरवरी का अपॉइंटमेंट पहले से फिक्स हो चुका है। इससे पता चलता है कि लोग पासपोर्ट बनवाने को लेकर कितने जागरूक हैं। यह कैंप निरंतर लगे इसको लेकर प्रयास किया जाएगा।

## पावर स्टार पवन सिंह हुए कोर्ट में हाजिर, मिली जमानत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप के न्यायालय में आचार संहिता उल्लंघन मामले में भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह आज प्रस्तुत हुए। न्यायालय से जमानत मिल गई। भोजपुरी के पावर स्टार के नाम से चर्चित भोजपुरी अभिनेता सह गायक पवन सिंह वाई प्लस की सुरक्षा के साथ न्यायलय परिसर में पहुंचे। इस दौरान कोर्ट के कैम्पस में जाने से पहले ही मीडियाकर्मियों ने पवन सिंह का फोटो वीडियो शूट करने लगे तो उनके बाउंसर ने रोकने की कोशिश की। एक मीडिया कर्मी को तो कैमरा छीनने की धमकी तक दी गई जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों से तीखी नोंक झोंक हुई। इनके अधिवक्ता सह अनुमंडल विधिक संघ अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी के अनुसार वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान अकोढ़ी गोला थाने में आचार संहिता के उल्लंघन मामले में इनके साथ राजपुर निवासी अम्बुज कुमार सिंह समेत दो लोगों पर प्राथमिकी हुई थी। इसी मामले में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप के न्यायालय में उपस्थित हुए। हालांकि न्यायालय ने दलीलें सुनने के बाद दोनों को जमानत दे दी। पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस दौरान चुनाव प्रचार के सिलसिले में जब प्रचार करने निकले तो उनके साथ दर्जनों लग्जरी गाड़ियों का लम्बा काफिला था। इस मामले में उन पर बिना अनुमति तय संख्या से अधिक वाहनों के साथ रोड शो करने को लेकर आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। बताया जाता है कि आचार संहिता उल्लंघन मामले को पवन सिंह पर कुल छः केस दर्ज किए गए थे जिसमें पांच केस बिक्रमगंज थाने में तथा एक केस अकोढ़ी गोला थाना में उन पर दर्ज किया गया था। इस मामले में आज वह कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत हुए। इसके बाद उन्हें जमानत मिल गया।

## एसडीएम ने जारी किए नो एंट्री से संबंधित निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज नगर परिषद् क्षेत्र में सम्प्रति नो-इंट्री सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक प्रभावी है। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 एवं मैट्रीक वार्षिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया है। साथ ही शादी-विवाह समारोह लगन भी बहुतायत में है। इसके कारण शहर में जाम की समस्या हो जाती है। इसके फलस्वरूप विधि-व्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के द्वारा मंगलवार देर शाम निर्देश जारी कर कहा गया है कि नासरीगंज की ओर से बिक्रमगंज से आगे जाने वाली भारी वाहनों का मार्ग सीधे दावथ होते हुए मलियाबाग की ओर से किया जाता है। उक्त के आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, बिक्रमगंज को निदेश दिया जाता है कि नासरीगंज की तरफ से आनेवाली भारी वाहन को दावथ-मलियाबाग रोड होते हुए परिचालन किया जाएगा। इसमें धान, गेहूं, चावल आदि से संबंधित भारयुक्त वाहनों पर 'नो-इन्ट्री' के समय परिचालन में चालान नहीं कटेगा।

## कथा के चौथे दिन भगवान श्री राम के जन्म का उत्सव मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र दावथ के देवढी धाम में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ के चौथे दिन काशी से पधारे कथा वाचक कृष्णानन्द स्वामी जी ने राम नाम की महिमा का बखान कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। यह यज्ञ श्री श्री 1008 श्री देवनारायण दास जी महाराज खड़ेश्वरी बाबा के सान्निध्य में आयोजित श्री राम कथा में भगवान के जन्म पर महिलाओं ने उत्सव मनाया। मंगलवार को कथा में कथा वाचक कृष्णानन्द महाराज ने भगवान राम के जन्म से लेकर उनकी बाल लीलाओं का सहज वर्णन करते हुए चूडाकरण, यज्ञोपवित संस्कार व गुरुकुल में श्रीराम के शिक्षा का विशद वर्णन किया। बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए वे कहने लगे कि राजा दशरथ के घर भगवान श्री राम के जन्म से पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल हो गया। पूरी अयोध्या हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री राम के साथ ही दशरथ के चारों राजकुमारों का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हैं। स्वर्ग लोक से देवता भी भगवान के दर्शन करने पृथ्वीलोक आते हैं। भगवान के जन्म पर महिलाओं ने उत्सव मनाया। यह यज्ञ आचार्य मनजीत पांडेय के नेतृत्व में ग्यारह ब्राह्मणों द्वारा हो रहा है। वही बाबा सिद्धेश्वर नाथ कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा 11 फरवरी दिन बुधवार को सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवित संस्कार का भी आयोजन किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एलएचएस–एलसीगेट–एनडीईई2, दिनांक: 09.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई–एलएचएस–एलसीगेट–एनडीईई2 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल–निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य–शेड्यूल ए1–एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 5/2 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल ए2–एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 5/2 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। शेड्यूल बी1–एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 7/5 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए एस एंड टी लागत। शेड्यूल बी2–एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 7/5 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम्यूनिकेशन लागत। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,80,70,376/–, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,40,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 09.02.2026 को 16.53 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 18.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

HWH-605/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एफओबी–बीएसएलई–एमएलवी–बीपीएई, दिनांक: 06.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई–एफओबी–बीएसएलई–एमएलवी–बीपीएई के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल–निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य–शेड्यूल ए–एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के कार्यक्षेत्र में बतासपुर स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का विस्तार। शेड्यूल बी–एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के कार्यक्षेत्र में मल्लारपुर स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का विस्तार। शेड्यूल सी–एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/ डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के कार्यक्षेत्र में प्रांतिक स्टेशन पर एक फुट ओवरब्रिज का विस्तार। शेड्यूल डी–हावड़ा मंडल के बेगमपुर स्टेशन में 06 मीटर चौड़े नए फुट ओवरब्रिज के निर्माण के संबंध में विस्तृत सिग्नलिंग सब–एस्टीमेट। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,04,72,025.38, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,02,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 06.02.2026 को 18.37 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 18.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

HWH-604/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Office of Drinking Water and Sanitation Division, Medininagar, Palamu (DWSD)**

**Fact Sheet**

**Bid No- DWSD/08/2025-26(1st Call)** **Date- 10/02/2026**

| Sl.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Request for TENDER (BID)for Supply 100 KG MACHINE OF AGGLOMINATOR WITH MIXTURE 30*30 MOTOR, CHANGER, AND 100 KG PLASTIC DRAYER MACHINE, 10 HP MOTOR CHENGER Medininagar, Jharkhand |
| b. | Availability of BID document at | Hard Copy |
| c. | Date of Issue of BID | 10/02/2026 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 17/02/2026(3:00pm) |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 17/02/2026(3:30pm) |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | AFTER FINILIZING TECHNICAL PROPOSAL |
| g. | Time all owed for completion | 30 days from the date of the work order. |
| h. | Bid Processing Fee (Non-refundable) | **INR 5000/- (Rupees Five Thousand only)** in the form of a Demand Draft drawn in favor of "Drinking Water and Sanitation Division Medininagar (DWSD)" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Medininagar. The bid processing fee shall be submitted in 1st inner Envelope of the Technical Proposal in original. |
| i. | Earnest money deposit (EMD)(Refundable) | **INR 1,00,000/- (One Laks Only)** in the form of a Fixed Deposit drawn in favor of "Drinking Water and Sanitation Division Medininagar (DWSD)" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Medininagar. The bid FD/EMD fee shall be submitted in 1st inner Envelope of the Technical Proposal in original. |
| j | Address at which the tenders are to be submitted: | Drinking Water and Sanitation Division Medininagar (DWSD) Medininagar, Jharkhand |
| k | Mode of Division | By Hand only to the address as specified above during office hours only. Division of the bid through any other model rate sub Division of bids will be rejected. |
| l. | Method of Selection | **Cost-Based Selection(CBS)Method:-** **Stage1:** Bid Fee, EMD & affidavit in original After Date of bid publication date to be submitted by the bidders in 1st inner Envelope. **Stage 2:** The eligibility criteria documents as per Annexure-A, To Be submitted by the bidders will be evaluated in the 2nd stage. **Stage 3:** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. **The Rate quoted by the agencies should be valid for 2 years.** **Repeat Order Clause**: The contract will have a Repeat Order Clause, where in the Buyer can order up to 100% 24 months from the date of supply/successful completion of this contrast the cost and terms & conditions remaining the same The Bidder is to confirm acceptances of this clause. It will be entirely the discretion of the Buyer to place the Repent Order or not. |

Note:
The Drinking Water and Sanitation Division Medininagar (DWSD) reserve the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the BID document regularly. Proposals must be received no later than the time, and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered. The Drinking Water and Sanitation Division Medininagar (DWSD), Medininagar reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice/ information.

**Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division ,**
**Medininagar (DWSD)**

PR 372697 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

# डीएम ने बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाकर की कार्यक्रम की शुरूआत

## फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाला रोग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु मॉडल सदर अस्पताल बिहार शरीफ में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्वयं बच्चों को फाइलेरिया से बचाव हेतु निर्धारित दवा की खुराक खिलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोके जाने योग्य बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी भ्रांति में न पड़ें और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही दवाओं का सेवन अवश्य करें। जिलेभर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10- 24 फरवरी 2026 तक एमडीए कार्यक्रम नालंदा जिला के 11 प्रखंडों (बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र , बिंद, चंडी,एकंगरसराय ,इस्लामपुर, नूरसराय, परवलपुर, रहुई, सरमेरा, सिलाव एवं थरथरी प्रखंड में प्रारंभ किया गया है।
10 से 24 फरवरी 2026 तक (घर घर कार्यक्रम 14 दिनों तक,) एवं 25 फरवरी से 27 फरवरी तक बूथ कैंप स्कूल, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर कार्यक्रम तीन दिनों तक। वहीं 11 फरवरी 2026 से मेगा कैंप आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाए जाएंगे। जिलेभर में कुल लाभार्थियों की संख्या - 1812203, कुल प्रवेक्षक की संख्या - 82, कुल टीमों की संख्या - 847, कुल टीम के सदस्यों की संख्या - 1694, कुल अनुमानित जीविका के सदस्यों की संख्या ( मेगा कैंप 11 फरवरी 2026) - 158728 है। कुल आयोजित होने बाले मेगा कैम्प 11 में बुथों की संख्या (लगभग) - 56 है।
इस दौरान बताया गया कि फाइलेरिया बीमारी जो कि हाथीपांव के नाम से जाना जाता है, मच्छर के काटने से होती है । यह दिव्यांगता करने वाली विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है, जिसके कारण इसे काफी गंभीर माना जाता है, यह शरीर के हाथ,पैर, स्तन और अंडकोष यानी हाइड्रोसिल को प्रभावित करता है। इस बीमारी का पता चलने में 5 से 15 वर्ष तक लग जाते हैं, इस बीमारी से बचाव के लिए साल में सिर्फ एक बार फाइलेरिया रोधी दवा से ही बचाव संभव है। यह दवा दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिला एवं अत्यधिक बीमारी बीमार वयस्क को छोड़कर सभी लोगों को खाना है। भरपेट नाश्ता एवं खाना खाने के बाद ही इस दवा का सेवन करना है इसका विशेष ख्याल रखना है। यह दावा आशा कार्यकर्ता, एएनएम के द्वारा घर-घर जाकर खिलाया जा रहा है । कुछ लोगों को इन दवाओं के मामूली प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं जो कि शुभ संकेत है। शरीर के अंदर फाइलेरिया के कीड़े मरने के कारण सरदर्द, उल्टी, चक्कर , बुखार इत्यादि हो सकते हैं। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है । अगर ऐसा होता है तो चिंता करने के बजाय इस बात की खुशी मनाएं कि आपको इस खतरनाक बीमारी से मुक्ति मिल रही है।
जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित चिन्हित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए एम्बुलेंस एवं अस्पताल में उपचार ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस बीमारी के बचाव हेतु दो प्रकार की दवा डीइसी एवं एल्बेंडाजोल ही खिलाई जा रही है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग (महादलित विकास मिशन) विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियों के तहत विकास मित्र, महादलित टोले में एम.डी.ए. कार्यक्रम के संबंध में प्रचार-प्रसार करेंगे एवं लोगों को दवा खाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम प्रबंधक जिला स्वास्थ्य समिति, नालंदा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने परिवादों का किया निस्तारण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। आज की सुनवाई में आठ परिवादों उपस्थित हुए, जिनमें से छह मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।
प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद में प्रखंड रजौली के रौनक कुमार द्वारा पुस्तकालय निर्माण के संबंध में, वारिसलीगंज के विश्वमोहन प्रसाद द्वारा कचरा एवं सफाई हेतु एग्रीमेंट तथा एकरारनामा के विरुद्ध कार्य करवाने के संबंध में, अंचल अकबरपुर के अंकित कुमार एवं अमित कुमार पांडेय द्वारा दखल-कब्जा दिलाने के संबंध में, अंचल अकबरपुर अंतर्गत ग्राम कुहिला के पिंटू कुमार द्वारा सोलर लाईट लगाने के संबंध में तथा पार नवादा रेलवे लाइन के राजेश कुमार द्वारा सरकारी रास्ते पर अवैध रूप से ठेला लगाकर किए गए अतिक्रमण के संबंध में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर परिवादों का निष्पादन किया गया।
उल्लेखनीय है कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर अधिकतम दो माह के भीतर निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय परिसर में मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण की प्रक्रिया में दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रूप से निर्णय लिया जाता है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। शिकायत दर्ज करने, निवारण कराने तथा आदेश से असंतुष्ट होने की स्थिति में निःशुल्क अपील की व्यवस्था उपलब्ध है। अब शिकायतें एवं अपीलों को ऑनलाइन माध्यम से भी दर्ज किया जा सकता है, जिससे शिकायत निवारण की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं सुलभ हो गई है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# नालंदा विश्वविद्यालय को अधिक समावेशी बनाए जाए : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने नालंदा विश्वविद्यालय को अधिक समावेशी बनाए जाने के संबंध में लोकसभा में नियम-377 के तहत के मामले उठाते हुए कहा कि पुराना नालंदा विश्वविद्यालय भारत का गौरवशाली इतिहास का प्रतीक रहा है। भारत सरकार के द्वारा उद्घाटित नया नालंदा विश्वविद्यालय को बनाने में बहुत सारी धनराशि खर्च की गयी है साथ ही बिहार सरकार के द्वारा मुफ्त में जमीन भी उपलब्ध करायी गयी। लेकिन स्थापना के 12 साल बाद भी विश्वविद्यालय में कुल मिलाकर 500 छात्र भी नहीं हैं। बिहार प्रदेश के तो इसमें 20 छात्र भी नहीं है। सांसद ने कहा कि विश्वविद्यालय को अंतराष्ट्रीय स्वरूप देने एवं विशिष्ट पहचान बनाये रखने के लिए मूल रूप से समावेशी शिक्षा की अवहेलना की जा रही है। समावेशी शिक्षा सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी होनी चाहिए, जिसमें स्थानीयता को भी निश्चित रूप से तरजीह देनी चाहिए। विश्वविद्यालय की ऊँची फीस एवं भारतीय छात्रों के लिए स्कालरशिप का अभाव कई योग्य उम्मीदवार को प्रवेश लेने से वंचित कर देता है। सांसद ने मांग करते हुए कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय जो विदेश मंत्रालय के अधीन है, में स्थानीयता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोर्सेज शुरू किए जाएं, जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान भी हो सके। साथ ही कर्मचारियों की भर्ती में भी नालंदा जिले के स्थानीय लोगों को तरजीह दी जाए। भारतीय छात्रों को अधिक से अधिक स्कालरशिप का प्रावधान किए जाए। लोगों में यह विश्वविद्यालय आकर्षण का केंद्र भी है इसलिए प्रत्येक दिन एक विशेष समय के लिए पर्यटकों के लिए भी कुछ भाग में प्रवेश की अनुमति दी जाए।

## इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का सातवां दिन कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा मंगलवार को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 का सातवां दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# एच-एल ब्रिज के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया के तहत लोक सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत नवादा–कुंज पथ पर सकरी नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुल के निर्माण हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत की जा रही है। उक्त परियोजना के लिए मौजा–कुंज, अंचल–रोह, थाना संख्या–565 के प्लॉट संख्या–78, 80, 81, 82 एवं 83 में प्रस्तावित भूमि अर्जन के संबंध में सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) का कार्य अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना (बिहार) द्वारा संपन्न किया गया है, जिसकी प्रारूप (ड्राफ्ट) रिपोर्ट 29 जनवरी 2026 को संस्थान के परियोजना निदेशक द्वारा अधिसूचित की गई है। सामाजिक प्रभाव आकलन के प्रमुख निष्कर्षों को सार्वजनिक करने, उन पर प्रभावित रैयतों एवं आम जनता से मत एवं आपत्तियाँ आमंत्रित करने तथा प्राप्त अभिमतों को अभिलेख में सम्मिलित करने के उद्देश्य से आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट-2013 की धारा-05 एवं नियम-11 के अंतर्गत एक लोक सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। यह लोक सुनवाई 18 फरवरी 2026 को सामुदायिक भवन/प्राथमिक विद्यालय, कुंज में आयोजित की जाएगी।
लोक सुनवाई के दौरान सामाजिक प्रभाव आकलन करने वाले संस्थान के सदस्य स्थानीय लोगों को परियोजना तथा सामाजिक प्रभाव आकलन के निष्कर्षों से अवगत कराएंगे। साथ ही संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी लोक सुनवाई में उपस्थित रहकर सामाजिक प्रभाव आकलन दल की सहायता करेंगे तथा प्रभावित रैयतों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक सूचना प्रदान करेंगे। लोक सुनवाई में जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय स्वैच्छिक संगठन एवं मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता है।

## राजद के प्रदेश महासचिव ने बंधाया ढाढस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की गुलनी पंचायत के अटारी गांव के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत पर राजद के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मंगलवार को उन्होंने पीड़ित परिवारों से भेंटकर उन्हें ढाढस बंधाया। कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने यातायात डीएसपी से बात कर सहायता राशि की मांग की।

# रेलमंत्री से नवादा सांसद ने की भेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नवादा–पावापुरी नई रेल लाइन के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने हेतु बजट आवंटन के लिए रेलमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही तिलैया–कोडरमा नई रेल लाइन के निर्माण कार्य की प्रगति स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा किया।



सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि ये दोनों नई रेल परियोजनाएं विकसित नवादा की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नवादा सीधे पटना एवं दिल्ली मेन लाइन से जुड़ेगा, जिससे क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी सशक्त होगी। इससे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ-साथ व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन के क्षेत्र में भी नई गति आएगी। यह परियोजना नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।
सांसद विवेक ठाकुर ने मुलाकात के दौरान नवादा संसदीय क्षेत्र में रेलवे द्वारा संचालित वर्तमान विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक सुझाव भी रेलमंत्री के समक्ष रखे।
सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य सुनिश्चित कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेलवे विकास के प्रत्येक चरण में नवादा की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों, यही उनका संकल्प है।

# लंबे समय से फरार एनवीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** जिला पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रजौली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम घासियाडीह में छापेमारी की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे गैर-जमानती वारंटी सुरेश प्रसाद को उसके पैतृक आवास से विधिवत गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश प्रसाद पिता रामेश्वर महतो, पुलिस की पकड़ से बचने के लिए लंबे



समय से ठिकाने बदल रहा था, जिसे आखिरकार पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के पश्चात पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं, जिसके बाद आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच माननीय न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया गया है। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप व्याप्त है।

# उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में मंगलवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उदघाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह व विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे,रौशन कुमार,अंगद कुमार, रजत रंजन, कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह, सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कृषि विज्ञान




केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले शुरू हुए इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के विभिन्न जिलों (गया, नवादा,शेखपुरा, जहानाबाद, जमुई, नालंदा) के 100 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उदघाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता नहीं, बल्कि कृषि तकनीकी सलाहकार की भूमिका में सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया और प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाएं और टिकाऊ कृषि की दिशा में सहयोग करें।

# धनुष खंडन, परशुराम के क्रोध का दृश्य रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सदर प्रखंड के ओरैना पंचायत अंतर्गत गोड़धोबा गांव में आयोजित तारकनाथ भगवान महादेव की प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर मंगलवार को शिवपुराण कथा का अत्यंत रोचक एवं भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया। विगत 6 फरवरी से चल रहे इस महायज्ञ में हजारों की संख्या में नर-नारी श्रद्धालु संगीतमय कथावाचन का श्रवण कर रहे हैं और सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।
बैजनाथधाम देवघर से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक नंदलाल पांडेय जी महाराज ने शिवपुराण कथा के विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने शिवपुराण माहात्म्य, द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य, शक्ति वियोग, शिव विवाह एवं गणेश अवतरण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया। मंगलवार को राम-जानकी विवाह की संगीतमय कथा सुनाई गई, जिसमें शिव धनुष खंडन के पश्चात परशुराम के क्रोध का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथावाचक ने बताया कि सतयुग में तपस्या, त्रेता में यज्ञ, द्वापर में पूजा तथा कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण ही मोक्ष का प्रमुख साधन है, इसलिए भक्ति का मार्ग सभी के लिए आवश्यक है।
मंदिर समिति के अध्यक्ष देवनन्दन यादव एवं कोषाध्यक्ष अभय यादव ने कहा कि मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा से गांव की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इससे नई पीढ़ी में आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का विकास हो रहा है तथा बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना सुदृढ़ हो रही है।

# वाहन स्वामी ने बिहार के अधिकारियों पर लगाया गाड़ी चोरी और साजिश का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली (नवादा)।** नवादा–कोडरमा सीमा पर अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ हुई कार्रवाई अब गंभीर कानूनी विवाद में बदल गई है। नवादा के खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा के बयान पर एफआईआर दर्ज कर दो ट्रकों को जब्त किया गया है, जबकि वाहन स्वामी राजेंद्र मेहता ने बिहार के अधिकारियों पर गाड़ी चोरी और साजिश के गंभीर आरोप लगाए हैं। मेहता के अनुसार 8 फरवरी की रात उनके ट्रक डोमचांच (झारखंड) से वैध चालान के साथ गिट्टी लादकर जा रहे थे। आरोप है कि झारखंड सीमा में ट्रकों के लॉक तोड़कर उन्हें जबरन बिहार लाया गया और बाद में ओवरलोड दिखाने के लिए अतिरिक्त सामग्री डाली गई। विभागीय रिकॉर्ड में इसे संयुक्त छापेमारी बताया गया है और चालक के फरार होने का दावा किया गया है। मेहता ने दोनों जिलों के अधिकारियों को शिकायत देकर सीसीटीवी व लोकेशन जांच की मांग की है। अधिकारियों ने मीडिया में टिप्पणी से परहेज किया है।

# हत्या के मामले में नौ आरोपित गिरफ्तार व किशोर निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के रोह थाना क्षेत्र में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने इस मामले में अब तक नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। घटना के संबंध में 23 जनवरी 2026 को रोह थाना को सूचना मिली थी कि ग्राम कोशी में अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर शव को जला दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन तथा डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर रोह थाना कांड संख्या 30/26 23 जनवरी 2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान मृतक के बैंक खाते की जांच में खुलासा हुआ कि हत्या के बाद उसके खाते से रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर किए गए तथा निकासी भी की गई। तकनीकी साक्ष्य और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रांजैक्शन से जुड़े संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ में यह बात सामने आई कि पैसों के लालच में हत्या की साजिश रची गई थी। जेल से छूटे कुछ अपराधियों ने मृतक की गतिविधियों पर नजर रखी और अवसर मिलते ही गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी गई तथा मृतक का मोबाइल फोन भी गायब कर दिया गया।
पुलिस ने अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने दावा किया है कि मामले में अन्य आरोपितों की भी जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# सदर अस्पताल में एआई कैमरा व्यवस्था की डीएम ने की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मंगलवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सदर अस्पताल में लगाए जा रहे एआई कैमरों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कैमरे लगाए जाने वाले स्थानों की विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने कहा कि सदर अस्पताल को बिचौलियों से पूरी तरह मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। आए दिन शिकायतें मिलती हैं कि बिचौलिये मरीजों और उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर निजी क्लीनिकों में भेज देते हैं। ऐसे में एआई कैमरे बेहद जरूरी हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने करीब आधे घंटे तक सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह, डीपीएम श्याम कुमार निर्मल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों



के साथ बैठक कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने पर विस्तृत चर्चा की। डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने बताया कि सदर अस्पताल से मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी क्लीनिक भेजने के आरोप में तीन टेक्नीशियन को ड्यूटी से हटा दिया गया है। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इमरजेंसी में तैनात सभी कर्मियों को हर समय मुस्तैद रहना होगा।

# नालंदा सीनियर ए डिवीजन क्रिकेट लीग में राजपूताना और गेटवे का जलवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला क्रिकेट संघ नालंदा के तत्वावधान में आयोजित नालंदा जिला सीनियर क्रिकेट लीग (ए डिवीजन) मंगलवार को रोमांच, रिकॉर्ड और जबरदस्त प्रदर्शन की साक्षी बनी। खेले गए दो अहम मुकाबलों में राजपुताना क्लब और गेटवे क्लब ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से पराजित कर लीग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। दोनों मैचों में खिलाड़ियों का आक्रामक खेल और अनुशासित गेंदबाजी दर्शकों के लिए यादगार साबित हुई।
एनसीए मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में राजपुताना क्लब ने क्रांतिकारी क्लब को एकतरफा अंदाज में शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजपुताना क्लब ने 35 ओवर में 8 विकेट पर विशाल 386 रन का स्कोर खड़ा




किया। टीम की इस ऐतिहासिक पारी के नायक कुश कुमार रहे, जिन्होंने 14 छक्कों और 24 चौकों की बरसात करते हुए 192 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनके साथ अमृतांशु (73), आदित्य (43) और निर्मल (31) ने भी रनगति को धार दी। जवाब में क्रांतिकारी क्लब की पूरी टीम मात्र 22 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। राजपुताना की ओर से मनीष राज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। कुश कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मुकाबला पावापुरी ग्राउंड पर गेटवे क्लब और स्टार क्लब के बीच खेला गया। गेटवे क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 280 रन का मजबूत स्कोर बनाया। अर्णव किशोर ने शानदार शतक (100 रन) जड़कर टीम की पारी को मजबूती दी, जबकि सुजल (82) और चंद्रशेखर (60) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार क्लब की टीम 9 विकेट पर 183 रन ही बना सकी। गेटवे के गेंदबाज अंकित और अभय ने निर्णायक भूमिका निभाई। अर्णव किशोर मैन ऑफ द मैच बने।

## एमएलसी ने पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल के दर्जे की उठायी मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** एमएलसी अशोक कुमार ने विधान परिषद में पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि चार प्रखण्डों के आठ लाख लोगों को नवादा आना पड़ता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल बनाने की मांग उठती रही है। एमएलसी द्वारा उठाये गए इस मांग पर लोगों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया है। इसके पूर्व सोमवार को एमएलसी ने धमौल को प्रखण्ड बनाने का मामला विधान परिषद में उठाया।

# अंचल कार्यालय में सीएससी सेवा शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली(नवादा)।** रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का उद्घाटन किया गया। बीडीओ संजीव झा और सीओ मो. गुफरान मजहरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीएओ रौशन कुमार, सीएससी जिला प्रबंधक कुंदन कुमार और सीएससी संचालक नीतीश कुमार भी मौजूद थे।
सीएससी जिला प्रबंधक कुंदन कुमार ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों के रैयतों को जमीन की रसीद, परिमार्जन, जमीन दाखिल-खारिज, एलपीसी समेत अन्य सेवाएं बाजार के अपेक्षाकृत कम खर्च में मिलेंगी। इसके अलावा जाति, आवासीय, आय, ओबीसी, एनसीएल, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, बिजली बिल पेमेंट, वाहनों के इंश्योरेंस, वृद्ध पेंशन केवाईसी समेत अन्य दर्जनों सुविधाएं किफायत दर पर आमलोगों को दी जाएंगी।
इस सेंटर के खुलने से ग्रामीण लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निजी सायबर कैफे जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए डीएम ने दवा खाकर की अभियान की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। जिला समाहरणालय सभागार में डीएम शंशाक शुंभकर, सिविल सर्जन डॉ. राजाराम प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारियों ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कर फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरुआत की और लोगों को इस अभियान के प्रति संदेश भी दिये। इस मौके पर समाहरणालय में मौजूद विभिन्न विभागों के कर्मियों को भी दवा खिलाई गई। डीएम शशांक शुभंकर ने कहा कि जिले को फाइलेरिया से मुक्ति दिलाने के इस प्रयास में सभी की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फाइलेरियारोधी दवा सेवन कराने के लिए समाज में एक सकारात्मक माहौल तैयार करना जरूरी है। सभी विभाग समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनायें। इस अभियान के लिए प्रखंड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि समुदाय में दवा सेवन के लिए एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षक, मुखिया और वार्ड पार्षद इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। जीविका दीदी स्वंय दवा सेवन कर अपने परिवार व अपने गांव के लोगों को दवा सेवन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग का पूर्ण सहयोग करें।

सिविल सर्जन डॉ. राजाराम प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन के लिए बुधवार को मेगा सर्वजन दवा सेवन कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें बूथ लगा कर लोगों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा सेवन कराएंगें। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों को दवा का सेवन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। तीन प्रकार की दवा का सेवन कराया जायेगा जिला वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में गया जिले के 22 प्रखंड और सात शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्रों में संचालित किया जायेगा। अभियान के दौरान 44 लाख 39 हजार 715 लोगों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराया जायेगा। इस दौरान तीन प्रकार की दवा का सेवन कराया जायेगा जिसमें डीईसी, अल्बेंडाजोल व आइवरमेक्टिन शामिल है। इसकी निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर, अपने सामने खिलाएंगे।

**4216 आंगनबाड़ी केंद्र और 3765 स्कूलों में भी खिलाई जाएगी दवा**

डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार ने बताया कि 4,216 आंगनवाड़ी केंद्रों व 3765 स्कूलों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। 2117 टीम और 212 पर्यवेक्षक इस अभियान में लगाये गये हैं। इस अभियान में 730 एएनएम और 323 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की मुख्य भूमिका होगी। इसके अलावे सर्वजन दवा सेवन अभियान संचालन में 49 हजार 923 स्वयंसहायता समूह के सदस्यों, 3,216 जीविका दीदी 311 मुखियाओं का सहयोग लिया जा रहा है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद, डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## तमिलनाडु के राज्यपाल ने गयाजी में किया पिंडदान

### प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में विधि-विधान से की पूजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मोक्ष और ज्ञान की पावन भूमि गयाजी में आज तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने विष्णुपद मंदिर पहुंचकर विधिवत पिंडदान किया। विष्णुपद मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक ने बताया कि राज्यपाल ने अपने पूर्वजों माता-पिता, नानी, ससुर, मासी एवं बुआ सहित अन्य स्वजनों का मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धापूर्वक पिंडदान किया। राज्यपाल ने विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी और अक्षयवट तीनों पवित्र स्थलों पर शास्त्रोक्त विधि से पिंडदान संपन्न कराया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में रुद्राक्ष अभिषेक, जलाभिषेक तथा मध्य अभिषेक की पूजा भी विधिवत कराई गई। पिंडदान से संबंधित सभी धार्मिक अनुष्ठानों की समुचित व्यवस्था की गई थी। पिंडदान एवं पूजा-अर्चना के उपरांत विष्णुपद मंदिर कमेटी की ओर से राज्यपाल को विष्णु चरण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्री भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम शांत, श्रद्धामय एवं परंपरागत वातावरण में संपन्न हुआ।

## मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही का कार्यकाल बढ़ा

### नियमित नियुक्ति तक संभालेंगे जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के वर्तमान कुलपति शशि प्रताप शाही का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें पुनः कुलपति पद का दायित्व सौंपा गया है। राजभवन सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार शशि प्रताप शाही का वर्तमान कार्यकाल 14 फरवरी 2026 को पूर्ण हो रहा है। इसके उपरांत बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 13(2) के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलाधिपति ने उन्हें 15 फरवरी 2026 से मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति के दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी, जो भी पहले हो। यह पूरी तरह अस्थायी व्यवस्था है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि कुलपति के रूप में कार्य करते हुए वे बिना कुलाधिपति की पूर्व स्वीकृति के कोई नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे। इस संबंध में पूर्व में राजभवन सचिवालय को आदेश जारी किया जा चुका है, जिसका सख्ती से अनुपालन करना अनिवार्य होगा। राजभवन सचिवालय द्वारा जारी इस अधिसूचना पर राज्यपाल के प्रधान सचिव सह कुलाधिपति, बिहार के विश्वविद्यालय रॉबर्ट एल. चोंगथू के हस्ताक्षर हैं। इस निर्णय के बाद मगध विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और नियमित कुलपति की नियुक्ति तक विश्वविद्यालय का संचालन शशि प्रताप शाही के नेतृत्व में किया जाएगा।

## स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का भ्रम दूर कर रहा बिजली विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिजली विभाग की ओर से 9 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवधि में उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां दी जा रही हैं और शहर से लेकर गांव तक व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर फैले भ्रम को दूर करना और इसके लाभों से अवगत कराना है। गया में भी स्मार्ट मीटर पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। गया शहरी और गया ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी दी जा रही है। गया ग्रामीण और गया



शहरी डिवीजन कार्यालय तथा एस बी पी सी एल के सर्किल कार्यालय के बाहर लगाए गए स्टॉलों पर विभागीय कर्मी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की विशेषताएं समझा रहे हैं। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का शुभारंभ विद्युत कार्यपालक अभियंता गया ग्रामीण विनोद कुमार और कनीय विद्युत अभियंता चंदौती अंशुमान वर्धन ने उपभोक्ताओं को पंपलेट वितरित कर और उन्हें जागरूक कर किया। इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार ने कहा कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह उपभोक्ताओं के हित में है। इससे बिजली की खपत पर नियंत्रण रहता है, बिजली की बचत होती है और बिल में भी कमी आती है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 25 पैसे की छूट मिलती है और जिन उपभोक्ताओं पर पहले से बिजली बिल बकाया है, उन्हें भी चरणबद्ध रूप से राहत दी जा रही है। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत बिजली विभाग के कर्मी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभों के बारे में जागरूक कर रहे हैं जिन घरों में अभी मीटर नहीं लगे हैं, वहां स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। वहीं जिन उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवा लिया है, उनसे फीडबैक भी लिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को बिहार ऊर्जा स्मार्ट मीटर एप डाउनलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इस एप के माध्यम से उपभोक्ता वर्तमान बैलेंस, मीटर रीडिंग, लोड और अन्य जरूरी जानकारियां आसानी से देख सकते हैं। बिजली विभाग का कहना है कि इस जागरूकता अभियान से उपभोक्ताओं में विश्वास बढ़ेगा और स्मार्ट मीटर को लेकर गलतफहमियां दूर होंगी।

## वजीरगंज के सहिया गांव में चोरी, 20 लाख से अधिक की संपत्ति ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के सहिया गांव में बीती रात एक घर में चोरों ने धावा बोलकर नकद रुपये और जेवरात सहित करीब 20 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। पीड़ित श्रीकान्त कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को वह अपने परिवार के साथ रामगढ़ गए हुए थे और घर की देखभाल के लिए गांव के एक व्यक्ति को घर की चाभी सौंप दी थी। पीड़ित के अनुसार, उस व्यक्ति ने बाद में जानकारी दी कि रात में तबीयत खराब होने के कारण उसने कमरे को बंद कर दिया और अपने घर चला गया। मंगलवार की सुबह जब श्रीकान्त सिंह अपने घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला खुला हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि दो कमरों का ताला टूटा हुआ था और बक्से तथा गोदरेज खुले पड़े थे।चोरों ने गोदरेज में रखे 25 हजार रुपये नकद, पत्नी के जेवर, माता के जेवर और एक लाख रुपये चोरी कर लिए। इसके अलावा बीस ग्राम का जिउतिया, कान की बाली, चेन सहित अन्य कीमती जेवरात भी चोर अपने साथ ले गए। चोरी गए जेवरात की कुल कीमत लगभग 18 से 20 लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष नीरज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की।

## विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के निर्देश पर बिहार शिक्षा परियोजना समग्र शिक्षा गया की ओर से विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण वजीरगंज प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय दखिनगांव स्थित सीआरसी मध्य विद्यालय दखिनगांव में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव और तीन सदस्य शामिल हुए। मौके पर उपस्थित प्रशिक्षक कृष्ण कुमार



पासवान और शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराना है। ताकि वे यह समझ सकें कि विद्यालय उनका अपना है और उसकी प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि समिति के सक्रिय सहयोग से ही विद्यालय का समग्र विकास संभव है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को इस प्रशिक्षण के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाती है, ऐसे में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय, संवेदनशील और सशक्त बनाना आवश्यक है। इसके साथ ही बच्चों के माता पिता, अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना भी समिति की प्रमुख जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण में संकुल स्तर से कन्या मध्य विद्यालय वजीरगंज, उर्दू मध्य विद्यालय वजीरगंज, मध्य विद्यालय दखिनगांव और प्राथमिक विद्यालय बैजनाथपुर के पदेन सदस्यों सहित पांच सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान समिति के दायित्व, विद्यालय विकास योजना, नामांकन, ठहराव, उपस्थिति, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन और शैक्षणिक गुणवत्ता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संकुल संचालक मनीष कुमार, समन्वयक कृष्ण कुमार, शिक्षक राकेश कुमार, स्वाति कुमारी, प्रमोद कुमार, उपेंद्र नाथ कौशल, प्रभाकर कुमार, ज्योत्सना शाही, निक्की कुमारी, विनोद कुमार, संतोष कुमार और रविरंजन कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा समिति के सदस्य नाज प्रवीन, गीता देवी, अन्नू गुप्ता, सीमा खातून, मीना देवी, बबीता देवी, ब्यूटी देवी और रामकली देवी सहित अन्य लोग भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

## जोमैटो की डिलीवरी पार्टनर बनने की प्रक्रिया हुई काफी आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी कंपनी, जोमैटो ने डिलीवरी पार्टनर बनने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक खास एआई-आधारित हॉटलाइन (89200 89200) शुरू की है। अब डिलीवरी पार्टनर बनने के लिए बस एक फोन कॉल करना होगा। पहले जहां यह प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होती थी, अब वही काम व्हाट्सऐप के जरिए सिर्फ 15-20 मिनट में पूरा किया जा सकता है।

इस नंबर पर कॉल करने के बाद एक एआई-आधारित व्हाट्सऐप प्रक्रिया शुरू हो जाती है जिसमें डिलीवरी पार्टनर की ऑनबोर्डिंग और बैकग्राउंड जांच कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है। पूरी प्रक्रिया के लिए केवल एक पहचान पत्र की जरूरत होती है और इसके बाद तुरंत कमाई शुरू की जा सकती है। यह पूरा काम 20 मिनट से भी कम समय में पूरा हो जाता है। हॉटलाइन शुरू होने के बाद से कंपनी को हर हफ्ते 40,000 से ज्यादा कॉल मिल रहे हैं जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों में इस तरीके से कमाने की काफी रुचि है। यह पहल जोमैटो के उस बड़े लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के 800 से ज्यादा शहरों में लोगों को आसानी से कमाई के मौके दिए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत डिलीवरी पार्टनर्स को हर हफ्ते भुगतान, अपने समय के अनुसार काम करने की सुविधा और बीमा कवरेज जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

## वित्तरहित शिक्षकों के वेतनमान निर्धारण पर सरकार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वित्तरहित स्कूलों-कालेजों के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों के वेतनमान के निर्धारण के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। समिति की अनुशंसाओं पर सरकार उचित निर्णय लेगी। मंगलवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधान परिषद को इसकी जानकारी दी।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : डीटीई_जेएमपी_15/25-26, दिनांक 09.02.2026,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** पूर्व एवं पश्चिम कॉलोनी, जमालपुर में फॉल्स रूफ एवं एपीपी मेंब्रेन के प्रावधान द्वारा स्टाफ क्वार्टरों की छत की मरम्मत व्यवस्था एवं अन्य संबंधित कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु.2,31,50,765/-, **बयाना राशि:** रु. 2,65,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 03.03.2026

MISC-393/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## इस्कॉन गया ने श्री गौर निताई शोभायात्रा का आयोजन किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** इस्कॉन गया की ओर से श्री गौर निताई शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान पूरे शहर में श्री गौर निताई के नाम का संकीर्तन गूंजता रहा और भक्तिमय वातावरण बना रहा। शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व श्री श्री गौर निताई को 56 भोग अर्पित किया गया। पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, मृदंग और करताल की ध्वनि तथा भक्तों के नृत्य से नगर का वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा। शोभायात्रा इस्कॉन मंदिर गया से शुरू होकर जय प्रकाश झरना, काशीनाथ मोड़, सिविल लाइंस, जी बी रोड, टेकरी रोड, बाटा मोड़, स्वराजपुरी रोड, काशीनाथ मोड़, महारानी बस स्टैंड और गेवाल बिगहा होते हुए पुनः इस्कॉन मंदिर गया पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया, जो शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रहा। शोभायात्रा के समापन के बाद पुनः 56 भोग का अर्पण और आरती की गई। इसके पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** गया जिले के कोंच प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से सर्वजन दवा सेवन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अख्तर ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्वयं दवा का सेवन कर किया। इस अवसर पर डॉ. अख्तर ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। इसके तहत आम लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि कोई भी व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक लाइफलाइन बीमारी है, लेकिन समय पर दवा का सेवन करने से इससे बचाव संभव है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक व्यक्ति की उपस्थिति में दवा खिलाएं। स्वास्थ्य केंद्र की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह सुरक्षित है। हालांकि इसे खाली पेट नहीं खाना चाहिए। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें तथा फाइलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक भागीदारी निभाएं।

## राज्य में 47 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर हुई प्राथमिकी, 124 के प्राधिकार पत्र रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि किसी जिले में अभी उर्वरक की कमी नहीं है। राज्य में इस समय 1.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.45 लाख मी. टन डीएपी, 2.06 लाख मी. टन एनपीके, 0.43 लाख मी. टन एमओपी तथा 1.05 लाख मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। ऐसे में रबी फसलों की खेती निर्बाध रूप हो रही है। उन्होंने कहा कि उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री को रोकने के लिए कृषि विभाग सख्त निगरानी कर रहा है। आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जो शिकायतों के आधार पर निरंतर छापेमारी कर रहा है। रबी सीजन में अनियमितताओं के विरुद्ध अब तक 47 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है जबकि 124 का उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द कर दिया गया है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को प्रखंडवार उर्वरक का उप-आवंटन किसानों की आवश्यकता एवं आच्छादन के अनुरूप कराने और उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रदर्शित स्टॉक एवं उपलब्ध उर्वरक की मात्रा के नियमित सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

## +2 आंती उच्च विद्यालय से कंप्यूटर व अन्य सामान की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** +2 आंती उच्च विद्यालय, आंती में अज्ञात चोरों द्वारा कंप्यूटर कक्ष से कीमती सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में विद्यालय प्रशासन की ओर से आंती थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार आकस्मिक अवकाश पर थे जबकि उनके स्थान पर रामदेव कुमार विद्यालय के प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार 9 फरवरी की सुबह लगभग 9:25 बजे विद्यालय परिसर खुलने पर चोरी की घटना का पता चला। चोरों ने विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा लिए। चोरी गए सामानों में डेस्कटॉप (मॉनिटर सहित)-8, प्रिंटर-1, राउटर-1, हेडसेट-8 तथा बैटरियां -1 शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल आंती थाना को सूचित किया गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से बताया गया कि पूर्व में भी विद्यालय की सुरक्षा को लेकर मांग की जा चुकी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र जांच कर चोरी गए सामान की बरामदगी एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने मंगलवार को बताया कि मामले में कांड दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

सं.MC-RSP-DDU-2025-26, दिनांक:06.02.26

वं. मं. यां. अभि. /समाडि/पू. म. रे. डीडीयू भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई-निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं॰ MC-RSP-DDU-2025-26 दिनांक 06.02.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न है:

01. कार्य का विवरण : डीडीयू डिवीजन के डब्ल्यूसीसी में ब्रेक वैन (बीवीजेडआई/बीवीसीएम) में सामायोज्य गार्ड कुर्सीयों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था, मात्रा 200 – सेट, 02. कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹2,69,59,508/– दो करोड़ उनहतर लाख उनसठ हजार पाँच सौ आठ मात्र , 03. धरोहर राशि : ₹2,84,800/–, दो लाख चौरासी हजार आठ सौ मात्र, 04. निविदा फॉर्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय तथा तिथि : ई निविदा दिनांक 13.02.2026 से 27.02.2026 तक समय 17:00 बजे तक, 05. वेबसाईट तथा सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फॉर्म खरीदने का पता : IREPS website : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

नोट : विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

वं॰ मं॰ यॉं.अभि॰/सामडि/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1760/डीडीयू/यां/टी/25–26/36



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी की गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–काला)**

गढ़वा थाना कांड सं0–473/2025 दिनांक–14.10.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–काला) जिसका रजी0 नं0–JH03R9005, चेचिस न0–MBLHAR070HHE25543, इंजन नं0–HA10AGHHE28238 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक–11.10.2025 की रात्री में रामासाहू उच्च विधालय के मैदान से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 372717 Police(25-26).D



**कार्यालय: जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,पलामू**

Email ID- dpropalamu2012@gmail.com

**(पंचायत शाखा)**

**आम सूचना**

सर्व सधारण एवं मेदिनीनगर नगर निगम (वर्ग–ख) के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अंचल अधिकारी, सदर मेदिनीनगर के पत्रांक–10 दिनांक–24.01.2026 के द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–145 दिनांक–06.02.2026 के द्वारा मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रांक–397 दिनांक–07.02.2026 के द्वारा प्रदान की गयी है।

| क्र0 | वार्ड सं0/मतदान केन्द्र सं0 | पूर्व से स्वीकृत मतदान केन्द्र का नाम | स्थल परिवर्तित मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 14/3 | चिल्ड्रेन पाराडाईज प0 स्कूल आबादगंज पू0भाग | शांति निकेतन आ0वि0 S.P. कोठी रोड आबादगंज पू0भाग |
| 2 | 14/4 | चिल्ड्रेन पाराडाईज प0 स्कूल आबादगंज प0भाग | शांति निकेतन आ0वि0 S.P. कोठी रोड आबादगंज प0भाग |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 372691 Palamu(25-26).D

संपादकीय

# रूसी तेल खरीद संदेह कायम

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यूएसए भारत ट्रेड डील के बारे में कुछ खुलासा किया और दावा किया कि इस समझौते में हमने भारतीय किसानों के हितों को संरक्षित रखा है। हालांकि विपक्षी कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह भारत अमेरिका के बीच ट्रेड डील न होकर अमेरिकी दबाव में किया गया समझौता है, जिससे भारतीय कृषि एवं डेयरी उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा। मंत्री पीयूष गोयल यूं तो तमाम उत्पादों की सूची जारी करते हुए कहा कि किस पर कितना टैरिफ लगेगा, लेकिन इस बात को वो भी छुपा गए कि भारत आगे भी रूस से तेल खरीद जारी रखेगा या नहीं? इस अहम सवाल के जवाब में मंत्री गोयल ने सिर्फ इतना कहा कि इसका जवाब विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर देंगे। उधर जयशंकर ने हाल में कहा था कि भारत अमेरिका ट्रेड डील के बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है, इस मामले को पीयूष गोयल देख रहे हैं। उससे भी पहले रूस ने कहा था कि उनसे तेल खरीद बंद करने के बारे में उन्हें भारत से अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। इसका सीधा मतलब है या तो सरकार इस बारे में पत्ते खोलना नहीं चाहती ताकि ज्यादा बवाल न हो या फिर यह तय हुआ है कि रूस से तेल खरीद भारत धीरे-धीरे बंद करेगा। लेकिन यदि ऐसा होगा तो भी क्या वो अमेरिका की निगाह से बच सकता है? अमेरिका ने भी भारत द्वारा रूस से तेल खरीद की निगरानी के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की है। यानी मामला अभी उलझा हुआ है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अमेरिका के साथ भारत की जो अंतरिम ट्रेड डील हुई है, उसमें यह अहम शर्त यह भी है कि भारत रूस या रूसी संघ से तेल नहीं खरीदेगा। इसी शर्त पर अमेरिका ने भारत के खिलाफ़ लगाए गए 50 फ़ीसदी टैरिफ़ को घटाकर 18 फ़ीसदी किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह दावा भी किया कि भारत अगले पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान खरीदने, वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करने और अमेरिकी आयात पर टैरिफ़ शून्य करने पर सहमत हो गया है। बहरहाल इस ट्रेड डील पर अभी अंतिम रूप से हस्ताक्षर होने हैं। लेकिन केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका से आयात होने वाले सामानों की जो सूची दी है, उनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, सूखे मेवे (ट्री नट्स) ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल वाइन और शराब, कई अन्य कृषि उत्पाद शामिल हैं। जबकि भारत ऊर्जा उत्पाद, विमान और उनके पुर्जे, कीमती धातुएं, तकनीकी उत्पाद, कोकिंग कोल खरीदेगा। साथ ही भारत भारत अमेरिका के मेडिकल डिवाइस, सूचना और संचार टेक्नोलॉजी (आईसीटी) उत्पादों और कृषि उत्पादों से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे गैर-टैरिफ़ अवरोधों को दूर करेगा। अमेरिका भारत से आयातित जिन वस्तुओं पर 18 फीसदी टैरिफ लगाएगा, वो हैं कपड़ा और एपारेल, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबड़ प्रोडक्ट, बायोकेमिकल, होम डेकोर और हैंडीक्राफ्ट तथा कुछ मशीनरी प्रोडक्ट। हालांकि अंतरिम समझौते के सफल रूप से पूरा होने पर अमेरिका कई भारतीय उत्पादों पर यह टैरिफ हटा देगा। दोनों देश डिजिटल व्यापार में भेदभावपूर्ण नियमों को खत्म करने और मजबूत और पारदर्शी डिजिटल व्यापार नियम बनाने पर सहमत हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने भारत की अर्थव्यवस्था, किसानों और हमारे हितों को गिरवी रख दिया है। अभी तक अमेरिका से भारत का व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में था। लेकिन इस डील के बाद अमेरिका को ज्यादा फायदा होगा। दरअसल ट्रेड डील के भीतरी पर्तें धीरे-धीरे खुल रही हैं। हकीकत सामने आने के बाद ही कोई टिप्पणी उचित होगी।

# एपस्टीन फाइल और हैवानियत की दुनिया

**मांस, मदिरा, महिला और मुद्रा के इर्द गिर्द ही मर्दों का जीवन घूमता नज़र आता हैं. महिला इसमें सबसे बड़ी वस्तु हैं, जैफ्री एपस्टीन ने यह साबित कर दिया है.एपस्टिन की फाइल में अभी और कितने राज खुलने हैं मालूम नहीं, अमेरिकी समाचार सूत्रों से प्राप्त हो रहा है कि उससे हासिल 35 लाख फाइलों में से अभी सिर्फ 5 लाख फाइलों को ही सार्वजनिक किया गया है. जिससे कि पूरे विश्व में एक हलचल मची हुई है. अभी इन फाइलों के जरिए जिन बड़े-बड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं उनमें में जो सबसे बड़ा नाम है वह है वर्तमान में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, दुनिया भर में कंप्यूटर का साम्राज्य फैलाने वाले बिल गेट्स, अपने कला से दुनिया को दीवाना बनाने वाले माइकल जैक्सन, अमेरिका के कई जाने-माने राष्ट्रपति, इजराइल के पूर्व राष्ट्रपति,प्रिंस एंड्रयु,मनो वैज्ञानिक नओम चोसकी, अरब देशों के सुल्तान और व्यापारी, मशहूर फिल्मकार मीरा नायर तथा दुनिया भर के नामचिन व्यापारी, अभिनेता, राजनेता इत्यादि.ये वो लोग है जो विश्व की राजनीति,सत्ता,अर्थव्यवस्था तय करते है.**

**डॉ. संजीव कुमार**

एपस्टीन ने लगभग 20 साल तक दुनिया के जाने-माने लोगों के ऐयाशी की व्यवस्था की और संसार का सबसे बड़ा 'हैवान' बन कर दुनिया को हिला दिया। एक साधारण परिवार से आने वाले जेफरी एपस्टीन ने अमेरिका के पास एक आइलैंड ख़रीदा जिसका नाम लिटिल सेंट जेम्स है। इस आइलैंड पर उसने दुनिया के ताक़तवरों को एक साथ लाने और व्यवस्था तय करने के लिए बना रखा था. जहाँ इनके ऐसो-आराम के लिए छोटी बच्चियां परोसी जाती थीं. इस आईलैंड पर वह लोगों को अपने निजी विमान से ले जाता था जिसका नाम लोलिता एक्सप्रेस रखा गया था. इस आईलैंड पर लड़की और महिलाओं को ले जाने का कार्य उसकी पार्टनर और गर्लफ्रेंड गिस्लेन मैक्सवेल करती थी. जो अभी उम्र कैद की सजा काट रही है. मैक्सवेल के पिता दुनिया के सबसे खतरनाक जासूसी संस्था 'मोसाद' के जासूस थे. इस फाइल को इस कड़ी से भी जोड़कर देखा जा रहा है. इन दोनों के इस घृणित कार्य का पता दुनिया को तब चला जब वर्जीनिया गेउफ्रे ने अपनी किताब नो बॉडी गर्ल्स के माध्यम से इनका खुलासा किया था जो स्वयं एपस्टीन का शिकार हो चुकी थी. इन्होंने मी टू आंदोलन से 2019 में सबका ध्यान खिंचा था. जिसके बाद एपस्टीन को गिरफ्तार किया गया और जहां जेल में ही उसके आत्महत्या करने का पता चला. वही 2025 में ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के 3 महीने पश्चात् गेउफ्रे की भी संदिग्ध रूप से मौत हो गई.

एपस्टीन हैवान बन चुके इन रईसों के शौक पूरे करने के लिए 8 से लेकर 14 साल तक की छोटी-छोटी बच्चियों को इन बूढ़ों के हवाले परोसता था. न जाने इन बच्चियों के गोश्त की कीमत पर दुनिया के कैसे-कैसे फैसले किए गए, इसका जवाब तो आने वाला कल ही बता पाएगा. समुद्र के बीचो-बीच कुछ एकड़ में फैले हुए इस भूमि पर अरबों रुपए से बने 'हैवानों' की सेवा के लिए ही यह विलासिता का भवन बनाया गया था. यहां पर देश और दुनिया से बहला - फुसलाकार,किडनैप कर इन छोटी-छोटी बच्चियों को ले जाया जाता था. इन बच्चियों के साथ यह बुड्ढे निर्वस्त्र होकर हफ्तों तक हैवानियत का खेल खेलते थे. अपनी बूढ़ी हड्डियों को नशे में धुत करके ये बुड्ढे इन फूल जैसी मासूम बच्चियों के गोश्त को नोचते थे. यह छोटी बच्चियां ना यहां से भाग सकती थीं न हीं इनका यहां से कोई चीख सुनने वाला होता था. कल्पना करके देखिए इन छोटी बच्चियों पर क्या बीतती होगी. इनका जिस्म नोंचने वाले ऐसे- ऐसे लोग थे जिन्हें पूरी दुनिया में आदर और अदब के लिए जाना जाता है. पर इन लोगों ने ऐसे कुकर्म करने से पहले एक बार भी नहीं सोचा, और भला सोचते भी क्यों क्योंकि वह ये जानते थे कि वह जो बोलते हैं,जो कहते हैं, जो करते हैं वहीं इस संसार का नियम होता है. वें ही इस संसार के ईश्वर है. अभी कुछ दिन पहले लल्लनटॉप पर एक बहस हुई थी जिसका विषय था 'क्या गॉड है?' मैं समझता हूँ उसका सबसे बेहतर जवाब है यह फाइल. सच कहूं तो ऐसे ही घटनाओं से मेरे नास्तिक होने की प्रबलता और बढ़ जाती है.




नब्बे के दशक में जापान में 44 दिन के नर्क की घटना को आपको एक बार जरुर पढ़ना चाहिए , भारत में फूलन देवी का सामूहिक बलात्कार भी उसी प्रकार की एक घटना है, इसके अलावा आज तो विश्व और भारत में हर दिन औरतों-बच्चियों के साथ ऐसे हादसे देखने को मिलती रही है मसलन अजमेर सेक्स स्कैण्डल, खैरलाँजी हत्याकांड, और 2025 में प्रज्वल रेवन्ना के हजारों सेक्स वीडियो,ये औरतों के साथ होने वाली ऐसी क्रूरता की घटनाएं हैं जिनसे साधारण मनुष्य का हृदय कांप जाए. अभी पिछले साल ही निठारी हत्याकांड का निर्णय आया था जिसमें प्रमुख दोषियों को निर्दोष करार दें कर बरी कर दिया गया है. आप सबको याद होगा 2004-5 में नोएडा के निठारी बंगले के पास एक नाले में दर्जनों लड़कियों और बच्चों के नर कंकाल मिले थे. इस मामले ने देश भर में सुर्खियां हासिल की थी. घटना का जिस तरह से जिक्र देखने को मिल रहा था लोगों के कलेजे काँप जा रहे थे. और आज 20 साल बाद जब उसका निर्णय हुआ तो उस घटना का कोई अपराधी हमारे सामने नहीं मिला. फिर सवाल यह आता है कि आखिर उन लड़कियों का अपराधी कौन है? आज दिल्ली में प्रतिदिन 54 लड़कियां और बच्चे गायब हो रहे हैं? मध्य प्रदेश में लड़कियों के गायब होने पर बीबीसी ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसके अनुसार प्रतिदिन यहाँ से 43 बच्चे और महिलाए गायब हो रही है. आज देश भर में हर साल लगभग बासठ हजार लड़कियां गायब होती जा रही हैं. आखिर यह लड़कियां और बच्चियां जा कहां रही है ? इस अपराध के पीछे कौन है? और सबसे बड़ा सवाल कि हमारी पूरा तंत्र इतने बड़े अपराध को कैसे खामोशी से देख रही है? महिलाएं और लड़कियां हमेशा से ही दुनिया में शिकार होती रही है. राजतंत्र व्यवस्था में जब एक राजा दूसरे राज्य पर आधिपत्य प्राप्त करता था तब वहां जो जिंदगी सबसे दूभर होती थी वह लड़कियों की ही होती थी. कबीलाई समाज में भी लड़कियां और महिलाएं खरीदी और बेची जाती थी. और अब सभ्य समाज कहे जाने वाले लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने वाले हैवान 'बच्चियों और महिलाओं के साथ इस तरह की क्रूरता खुलेआम कर रहे हैं और हमारा सभ्य समाज उनका कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा. आज जब देश में किसी महिला के साथ बलात्कार होता है तब पूरे शहर को महीनों जाम करना पड़ता है. तोड़फोड़ की जाती है तब जाकर उस अपराधी को गिरफ्तार किया जाता है. आखिर महिलाओं के सम्मान के लिए हमारी व्यवस्था इतनी निष्ठुर कैसे हैं? एपस्टीन फाइल अभी दुनिया के और भी राज खोलने वाले हैं. पर जैसे-जैसे इसकी परत खुलती जा रही है. रुह को कपा देने वाले वीडियो और सूचनाए देखने को मिल रही हैं. पूरी दुनिया में इस पर हर घंटे लिखे और पढ़े जा रहें हैं. आखिर किस प्रकार इस दुनिया को नियंत्रित करने वाले यह लोग एक आईलैंड पर इकठ्ठा होते थे और बच्चियों को नोंचते थे. कुछ वीडियो तो ऐसे भी आ रहे हैं जिनके हवाले से बताया जा रहा है कि ये हैवान इन बच्चियों का मांस तक खाते थे. अब हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने सवाल यह है कि वे लोग जो इस फाइल से जुड़े हुए हैं जो अब इस धरती पर नहीं है और वे लोग जो अभी भी सत्ता तथा साम्राज्य पर बने हुए हैं उनके साथ हमें क्या सलूक करना चाहिए? क्या हमारी लोकतांत्रिक दुनिया में यह ताकत है की इन हैवान मनुष्यों को उनके कुकर्मों के अनुसार सजा दें सके? और इन लोगों के द्वारा जो देश तथा दुनिया के संदर्भ में नियम बनाए गए, प्रयोग हुए, खोजे हुई तथा फैसले हुए उनका खुलासा हो पाएगा, और यदि इनका खुलासा हो पाएगा तो उससे संबंधित लोगों को किस प्रकार से सजा दी जाएगी? क्योंकि इसी प्रकार जूलियन असांजे ने भी अपनी फाइलों के जरिए एक दशक पहले दुनिया हिला दी थी. और बाद में दुनिया को चलाने वाले लोगों ने उस फाइल को ही फर्जी घोषित कर दिया और असांजे को जेल की सजा दें दी गई. जाहिर है इन बड़ी-बड़ी फाइलों और सुर्खियों से कुछ महीने इन ताकतवर लोगों को हम थोड़ा कमजोर भले कर दें पर सच्चाई यही है कि हम इनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते. आज एक साधारण मनुष्य इन लोगों के लिए इनके प्लेट में सजने वाले चिकन से ज्यादा कुछ नहीं हैं.

अध्यात्म

## भाव से बढ़कर कोई पूजा नहीं

एक करोड़पति बहुत अड़चन में था। करोड़ों का घाटा लगा था, और सारी जीवन की मेहनत डूबने के करीब थी! नौका डगमगा रही थी। कभी मंदिर नहीं गया था, कभी प्रार्थना भी न की थी। फुर्सत ही नहीं मिली थी। पूजा के लिए उसने पुजारी रख छोड़े थे, कई मंदिर भी बनवाये थे, जहाँ वे उसके नाम से नियमित पूजा किया करते थे लेकिन आज इस दुःख की घड़ी में काँपते हाथों वह भी मंदिर गया। सुबह जल्दी गया, ताकि परमात्मा से पहली मुलाकात उसी की हो, पहली प्रार्थना वही कर सके। कोई दूसरा पहले ही मांग कर परमात्मा का मन खराब न कर चुका हो! बोहनी की आदत जो होती है, कमबख्त यहाँ भी नहीं छूटी। सो सुबह-सुबह पहुँचा मन्दिर। लेकिन यह देख कर हैरान हुआ कि गाँव का एक भिखारी उससे पहले से ही मन्दिर में मौजूद था। अंधेरा था, वह भी पीछे खड़ा हो गया, कि भिखारी क्या मांग रहा है? धनी आदमी सोचता है, कि मेरे पास तो मुसीबतें हैं, भिखारी के पास क्या मुसीबतें हो सकती हैं? और भिखारी सोचता है, कि मुसीबतें मेरे पास हैं। धनी आदमी के पास क्या मुसीबतें होंगी? एक भिखारी की मुसीबत दूसरे भिखारी के लिए बहुत बड़ी न थी ! उसने सुना, कि भिखारी कह रहा है - हे परमात्मा ! अगर पाँच रुपए आज न मिलें तो जीवन नष्ट हो जाएगा। आत्महत्या कर लूँगा। पत्नी बीमार है और दवा के लिए पाँच रुपए होना बिलकुल आवश्यक हैं ! मेरा जीवन संकट में है ! अमीर आदमी ने यह सुना और वह भिखारी बंद ही नहीं हो रहा है - कहे जा रहा है और प्रार्थना जारी है। तो उसने झल्लाकर अपने जेब से पाँच रुपए निकाल कर उस भिखारी को दिए और कहा - जा ये ले जा पाँच रुपए, तू ले और जा जल्दी यहाँ से। अब वह परमात्मा से मुखतिब हुआ और बोला - प्रभु, अब आप ध्यान मेरी तरफ दें, इस भिखारी की तो यही आदत है। दरअसल मुझे पाँच करोड़ रुपए की जरूरत है। भगवान मुस्करा उठे बोले - एक छोटे भिखारी से तो तूने मुझे छुटकारा दिला दिया, लेकिन तुझसे छुटकारा पाने के लिए तो मुझको तुमसे भी बड़ा भिखारी ढूँढना पड़ेगा, तुम सब लोग यहाँ कुछ न कुछ माँगने ही आते हो, कभी मेरी जरूरत का भी ख्याल आया है? धनी आश्चर्यचकित हुआ बोला - प्रभु आपको क्या चाहिए? भगवान बोले - प्रेम ! मैं भाव का भूखा हूँ। मुझे निस्वार्थ प्रेम व समर्पित भक्त प्रिय है। कभी इस भाव से मुझ तक आओ फिर तुम्हें कुछ मांगने की आवश्यकता ही नही पड़ेगी।

# देश में 'भारत टैक्सी' का भविष्य : कुछ जरूरी सवाल

**प्राइवेट सेक्टर को चुनौती देने उतरी भारत टैक्सी सर्विस का ऐप भी अभी पूरी तरह डेवलप नहीं है। गुरुग्राम से दिल्ली तक की राइड लेने के दौरान एक बात और सामने आई कि भारत टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग में एमसीडी का प्रवेश शुल्क जुड़ा नहीं होता। कैब मालिक ग्राहक से उसकी अलग से डिमांड करता है। यह स्थिति कैब ओनर और ग्राहक दोनों को असहज करती है। कोई भी ग्राहक यात्रा में असहज नहीं होना चाहता। हां, भारत टैक्सी के ऐप में ओला-उबर से अलग एक फीचर अलग है। वह है, ग्राहक को स्टॉप की सुविधा लेकिन गुरुग्राम में तो है पर दिल्ली के लिए नहीं। इसका विस्तार ग्राहकों को आकर्षित करगा जबकि निजी कंपनियां अपने ऐप में यह सुविधा नहीं दे रहीं। जरूरी है कि भारत टैक्सी एप भी समय-समय पर अपडेट करके 'ट्रैवलर फ्रेंडली' बनाया जाए। आज जब ऐसे भी ऐप हैं जो राइड सर्विस के प्राइस कंपेयर करके तुरंत उपभोक्ता को सजग कर देते हैं।**

**गौरव अवस्थी**

दिल्ली एनसीआर और गुजरात में 2 महीने के सफल ट्रायल के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र की 8 बड़ी संस्थाओं के संयुक्त उपक्रम के रूप में सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' को आधिकारिक रूप से कल नई दिल्ली में लॉन्च कर दिया। 2 साल में इस सेवा को पूरे देश में लागू करने का भी ऐलान हुआ है। भारत टैक्सी बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत भारत का पहला सहकारिता-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को की गई। दावा है कि अपनी स्थापना के बाद से भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म तथा विश्व का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। अब तक लगभग चार लाख ड्राइवर भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और दस लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। लगभग रू. 10 करोड़ की राशि अब तक सीधे ड्राइवरों में वितरित की जा चुकी है।

सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं का सर्विस सेक्टर में उतरना एक स्वागत योग्य कदम माना जाना चाहिए लेकिन 'सरकारी दखल' और 'सरकारी बैसाखी' सहकारिता आधारित इस सेवा को भी कहीं अन्य सेवाओं की तरह प्रभावित न करे, इसके पुख्ता प्रबंध प्रारंभिक फेस से ही सुनिश्चित किए जाने जरूरी हैं। यह बात इसलिए कि भारत टैक्सी सेवा को ओला, उबर एवं रैपीडो जैसी प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों टक्कर लेनी है और बेहतर सेवा देते हुए उपभोक्ता का भरोसा भी अर्जित करना है।

निजी क्षेत्र की कंपनियां जब सेवा या किसी भी क्षेत्र में अपनी सेवा या उत्पाद लेकर उतरती हैं तो एक मजबूत नेटवर्क का निर्माण अपनी लुभावनी योजनाओं के माध्यम से करती हैं। जैसे, राइड सर्विस को ही लें तो (जैसा-एक कैब ओनर ने बताया) ओला ने भारत में अपनी लॉन्चिंग के प्रारंभिक चरण में कैब मालिकों को 1 दिन में पांच राइड पर रू. 1500 का अतिरिक्त बोनस देना शुरू किया। इस लालच में कैब मालिक ऑनलाइन राइड सर्विस से जुड़ते चले गए और भारत भर में इस सेवा का विस्तार होता चला गया। आज तो छोटे शहरों में भी बाइक राइड सर्विस मिलने लगी हैं। हालांकि अब बोनस बंद और कमीशन भी 15-20 प्रतिशत लेकिन राइड बढ़ीं हैं। रेट कंपटीशन का असर कैबवालों की इनकम पर पड़ा है।

निजी क्षेत्र की कंपनियों की बढ़ती उपलब्धियों को देखते हुए ही पीएम मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस क्षेत्र में 'सहकारी सेवा' शुरू कराई है। इसे एक अच्छा कदम माना जाना चाहिए लेकिन सरकार को 'बैसाखी' के बजाय सहकारी संस्थाओं को अपने दम पर इस सेवा को स्थापित करने का अवसर देना चाहिए। यह बात इसलिए कि बैसाखी चलने की हिम्मत तो देती है




लेकिन 'सहारे' की गलत आदत भी डेवलप कर सकती है। ट्रायल पीरियड में ही भारत टैक्सी को बैसाखी थमा देने को किस रूप में देखा जाए, आप ही तय करें। उदाहरण के लिए यहां एक 'ग्राहक' के रूप में अपनी आपबीती बतानी जरूरी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हजारों लोगों की रोज आवाजाही होती है। भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए सरकार ने जानबूझकर आईजीआई एयरपोर्ट पर ओला-उबर-रैपीडो के पिकअप पॉइंट कुछ दूर बनवा दिए ताकि ग्राहक भारत टैक्सी राइड लेने को मजबूर हो। ट्रायल के दौरान ही भारत के इस सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे पर सरकार की तरफ से बैसाखी के रूप में एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी की सुविधा दिल्ली पुलिस से लेकर भारत टैक्सी को दे दी गई। इसके पीछे शायद सोच यही होगी कि पिकअप पॉइंट दूर होगा तो मजबूर होकर लोग भारत टैक्सी का सहारा लेंगे और ऐसा हो भी रहा। आमतौर पर ऑनलाइन राइड बुक करने के अधिकतम पांच मिनट में टैक्सी पिकअप पॉइंट पर पहुंच जाती थी लेकिन भारत टैक्सी सर्विस लॉन्च होने के बाद ऐसा नहीं है। एयरपोर्ट के बाहर अब ओला, उबर और रैपीडो की बुकिंग पर टैक्सी में औसत 20 से 25 मिनट लग रहे हैं। कभी-कभी तो जाम की समस्या बता कर निजी कंपनियां ग्राहक को तीन-चार सौ मीटर आगे धौलाकुआं चौराहे तक सामान लेकर आने को कहती हैं। अब आप समझ सकते हैं कि लगेज के साथ कौन पैदल इतनी दूर जाएगा?

मेरी समझ में ऐसा सिर्फ इसलिए कि उपभोक्ता मजबूर होकर भारत टैक्सी बुक कराए। उपभोक्ता को ट्रायल पीरियड में ही मजबूर करना कहीं से भी सही नहीं माना जा सकता। यह इसका एक पहलू है। दूसरा पहलू भी काबिले गौर है। अभी हाल में ही एयरपोर्ट से गुरुग्राम के लिए उबर ऐप पर टैक्सी बुक करने के दौरान 650 रुपए किराया शो कर रहा था लेकिन भारत टैक्सी ने उसी डेस्टिनेशन का रू. 900 चार्ज किया। खेल इसी बढ़े हुए किराए का है। मौज सहकारिता की और भरण उपभोक्ता-सारथी दोनों का। नई दिल्ली में लांचिंग के दौरान यह दावा किया गया कि सारथी से मालिक से कमीशन नहीं कटेगा लेकिन हकीकत यह नहीं है। एयरपोर्ट से होने वाली हर बुकिंग पर कैब मलिक को 10त्न कमिशन काटकर ही भुगतान मिलना है और एयरपोर्ट का पार्किंग शुल्क उपभोक्ता की जेब से जाना है। यह बात भारत टैक्सी सर्विस देने वाले ड्राइवर ने हमसे खुद साझा की। एमसीडी का प्रवेश शुल्क भी सारथी के हिस्से।

प्राइवेट सेक्टर को चुनौती देने उतरी भारत टैक्सी सर्विस का ऐप भी अभी पूरी तरह डेवलप नहीं है। गुरुग्राम से दिल्ली तक की राइड लेने के दौरान एक बात और सामने आई कि भारत टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग में एमसीडी का प्रवेश शुल्क जुड़ा नहीं होता। कैब मालिक ग्राहक से उसकी अलग से डिमांड करता है। यह स्थिति कैब ओनर और ग्राहक दोनों को असहज करती है। कोई भी ग्राहक यात्रा में असहज नहीं होना चाहता। हां, भारत टैक्सी के ऐप में ओला-उबर से अलग एक फीचर अलग है। वह है, ग्राहक को स्टॉप की सुविधा लेकिन गुरुग्राम में तो है पर दिल्ली के लिए नहीं। इसका विस्तार ग्राहकों को आकर्षित करगा जबकि निजी कंपनियां अपने ऐप में यह सुविधा नहीं दे रहीं। जरूरी है कि भारत टैक्सी एप भी समय-समय पर अपडेट करके 'ट्रैवलर फ्रेंडली' बनाया जाए। आज जब ऐसे भी ऐप हैं जो राइड सर्विस के प्राइस कंपेयर करके तुरंत उपभोक्ता को सजग कर देते हैं। ऐसे में भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए बैसाखी के बजाय ग्राहक की उम्मीद के अनुरूप तैयार किया जाए। अगर सरकारी क्षेत्र की शीर्ष संस्थाएं ऐसा कर पाई तो भारत टैक्सी का भविष्य वास्तव में उज्जवल होगा। नहीं तो दूसरी अन्य सेवाओं और उत्पादों की तरह ही सरकार के सहारे पर निर्भर रहकर बस नाम की रह जाएगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

दिन अनुशासन और जिम्मेदारी से भरा रहने वाला है। उच्च के मंगलदेव की कृपा से एक ऐसी ऊर्जा रहेगी कि चुनौतीपूर्ण कार्यों को भी समय पर पूरा कर लेंगे।

**वृषभ**

आपकी मेहनत धीरे-धीरे ही सही, लेकिन बहुत ठोस नतीजे देने वाली है। नेगेटिव साइड की बात करें तो आज आप बदलाव से थोड़ा हिचक सकते हैं।

**मिथुन**

बुधदेव की अनुकूल स्थिति से आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स सटीक रहेगी, जिससे आप अपनी उम्मीदों को साफ-साफ रख पाएंगे।

**कर्क**

छोटे भाई-बहनों से सहयोग और प्रयासों में सफलता के संकेत हैं। आज आपकी सहानुभूति और दूसरों का साथ देने की शक्ति आपको टीम में लोकप्रिय बनाएगी।

**सिंह**

आपकी मेहनत और अनुशासन आज धीरे-धीरे लेकिन पक्की सफलता की ओर ले जाएगा। विरोधियों पर आपकी पकड़ मजबूत रहेगी।

**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन खुद को साबित करने और व्यवस्था बनाने का है। चंद्रदेव के आपकी ही राशि में होने से आप काफी सक्रिय और सटीक रहेंगे।

**तुला**

तुला राशि वालों का मन आज संतुलन बनाने और जिम्मेदारियों को व्यवस्थित करने में लगेगा। शुक्रदेव के प्रभाव से घर और परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**

आपकी परखने की शक्ति आज कमाल की रहेगी। नकारात्मक पक्ष देखें तो मन में शक या पुरानी बातों को लेकर कड़वाहट महसूस हो सकती है।

**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए आज जोश के बजाय होश से काम लेने का दिन है। आप अपनी समझदारी से करियर में नई नींव रखेंगे। हालांकि, काम की धीमी गति आपको परेशान कर सकती है।

**मकर**

मकर राशि वाले आज बहुत ही अनुशासित और प्रभावशाली फेज में हैं। लग्न स्वामी शनिदेव और उच्च के मंगल का प्रभाव आपको करियर में शिखर पर ले जाने का दम रखता है।

**कुंभ**

कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन स्पष्ट विजन और भविष्य की प्लानिंग का है। लग्न स्वामी शनिदेव के धन भाव में होने से आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**मीन**

चंद्रमा के सातवें भाव में होने से साझेदारी के कामों में लाभ और संबंधों में गहराई आएगी। आपकी करुणा और रचनात्मक सोच दूसरों को सुकून देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लहसुना थाने में जब्त शराब का हुआ विनिष्टीकरण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र में विभिन्न कई कांडों में जप्त देसी शराब को मंगलवार को विनिष्टीकरण किया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर एक्साइईज पुलिस निरीक्षक टुनटुन पासवान की उपस्थिति में विभिन्न कांडों में जप्त किए गए देसी शराब में कुल 160 लीटर को विनिष्टीकरण गया है। दरअसल बताया जाता है कि लगातार ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान थाने में शराब को जप्त की जा रही है और ऐसे में जब भारी मात्रा में शराब जमा हो जाते हैं तो उन्हें जिला प्रशासन के आदेश पर विनिष्टीकरण किया जाता है।

### घर में घुसकर 30 हजार नगदी समेत मोबाइल की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के पकरी गांव में बीते देर रात को एक घर में घुसकर चोर ने 30 हजार नगदी समेत मोबाइल की चोरी कर ली है। इस मामले में पीड़ित शर्मिला देवी ने अज्ञात के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज किए गए आवेदन में लिखा है कि रात में हम घर में काम कर रहे थे उसी वक्त कोई अज्ञात चोर मेरे घर में घुस आया और ₹ 30 हजार एवं मोबाइल को चोरी कर लिया है। चोरी की घटना कैसे घटी है इसकी पूरी जानकारी नहीं मिली है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

### आरोपित पति को किया गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव में हत्या के प्रयास मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया है। जिसका नाम चंदन कुमार पिता स्वर्गीय नरेश प्रसाद हैं। दरअसल पिडित महिला आरोप की पत्नी है, उसका नाम रीमु देवी है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत होकर देर रात्री को लोहे के रॉड से जान मारने की नीयत से सोये व्यवस्था में मारपीट किया, जिससे कई जगहों पर गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। इसके अलावा कई बार भी जान मारने की नीयत से मारपीट किया है थानाध्यक्ष खुशबूदार खातुन ने बताया की हत्या के प्रयास मामले मे आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपी की पत्नी के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कारवाई की गई है।

### धनरूआ के सोनमई मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक की विदाई समारोह



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के मध्य विद्यालय सोनमई के प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद का विद्यालय परिवार की ओर से स्थानांतरण होने के उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बास्किनाथ प्रसाद ने किया जब संचालन धनरूआ शिक्षक संघ के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार हिमांशु ने किया।समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री नवल किशोर सिंह ने इनके विद्यालय में योगदान की सराहना करते हुए एक कर्तव्य निष्ट ईमानदार और विद्यालय के प्रति समर्पित शिक्षक बताया।समारोह में संकुल समेत प्रखंड विभिन्न विद्यालय से आए शिक्षकों ने शाल बुके और माला देकर सम्मानित किया।इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री मिथलेश कुमार एम डी एम प्रभारी विंदा प्रसाद,लेखपाल नदीम अहमद,पूर्व डीडीओ सुरेंद्र प्रसाद,आरिफ जलाल,विनोद कुमार वर्मा,सूर्यकांत कुमार ,विश्वजीत पंडित,वीरेंद्र कुमार,राम कुमार ,पूजा पासवान,सुमन कुमारी,अशोक कुमार,प्रियंका कुमारी,किरण कुमारी,पायल कुमारी जोशी,

### नहर से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के सियारामपुर नहर से एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम पालीगंज थाना को सूचना मिली कि सियारामपुर नहर के दक्षिणी छोर पर करीब 65 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति नहर में गिरा पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव को बाहर निकलवाया। मृत व्यक्ति की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। वह मटमैले रंग का कुर्ता और पैरों में काले रंग का जूता पहने हुए था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। इस संबंध में एसआई विनय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नहर में गिरने से मौत का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान करने का प्रयास जारी है।

### मोकामा नप में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर धरना

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के मोकामा नगर परिषद में व्याप्त कुव्यवस्था और कथित रुप से लूट-खसोट के खिलाफ वार्ड पार्षदों और नगर वासियों ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया और धरना दिया।नगर परिषद कार्यालय पर आयोजित इस एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम में लूट-खसोट बंद करो की नारेबाजी भी की गयी।आक्रोशित वार्ड पार्षदों ने विकास कार्यों में अनियमितता,कंबल वितरण में कथित रुप से हो रही हेराफेरी के विरोध में धरना दिया।इस धरना में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी शिरकत की।धरना कार्यक्रम में शामिल लोगों ने उचित कार्यवाई नहीं होने पर आमरण अनशन की भी घोषणा की है।आवास योजना की किस्त नहीं मिलने पर विरोध किया गया।धरणार्थियों ने बाद में कार्य पालक पदाधिकारी को एक ज्ञापन भी दिया है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाला वीर ओरियरा मेला के सैरात बंदोबस्ती में नहीं पहुंचा कोई डाक वक्ता

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ अंचल के वीर ओरियरा गांव में महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जहां भारी संख्या में लोगों की भीड उमडती है। ऐसे में प्रत्येक वर्ष अनुमंडल प्रशासन के द्वारा वीर ओरियरा राजस्व हाट मेले का सैरात बंदोबस्ती की जाती हैं, लेकिन पिछ्ले साल से कोई भी संवेदक इस मेले की नीलामी से रुचि लेते नहीं दिख रहे हैं। इस बार भी अनुमंडल प्रशासन के द्वारा सैरात बंदोबस्ती की आम सूचना निकाली गई थी, लेकिन मंगलवार के दिन एक भी डाक वक्ता इसमें शामिल नहीं हुए हैं। नतीजन मेले की नीलामी नहीं हो सकी है। दरअसल मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत धनरूआ अंचल में वीर ओरियरा राजस्व हाट मेला सैरात की वित्तीय वर्ष में बंदोवस्ती को खुली डाक के द्वारा निविदा निकाली गई थी लेकिन मंगलवार के दिन एक भी इस सैरात बंदोबस्ती में डाक वक्ता नहीं शामिल हुए हैं दरअसल इस बार डाक की नीलामी 27 लाख 13 हजार 963 रखी गई थी, जिसमें 10% जमानत की राशि जमा करनी थी। बहरहाल कई डाक वक्ताओं ने बताया कि नीलामी की राशि बहुत ज्यादा है उसके अनुपात में कमाई नहीं हो पाती हैं सरकारी तौर पर मात्र 3 दिन का ही मेला लगाया जाता है और तीन दिनों में 27 लाख की रकम बहुत ज्यादा होती हैं बहरहाल अब देखना यह होगा की सैरात बंदोवस्ती के लिए फिर अग्रिम तिथि कब निर्धारित होती है।

### ग्रामीणों की सूझबूझ से बची जान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गुरचुरवा गांव वार्ड संख्या 7 के समीप सोमवार रात करीब 8 बजे चीनी मिल जा रहा ओवरलोड गन्ना लदा ट्रैक्टर अचानक पलट गया, जिससे बाइक सवार सहित चार युवक व बच्चे गन्ने में दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता से सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। घायलों की पहचान रिपुसूदन पांडेय (35), उनके पुत्र अंकुश कुमार (13), अनमोल पांडेय (13) तथा रुपेश कुमार (16) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर सेमरा सिरकहिया से ओवरलोड गन्ना लेकर मझौलिया चीनी मिल जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार परिवार क्रॉसिंग से गुजर रहा था, तभी ट्रैक्टर पलट गया और तीनों बाइक सवार गन्ने में दब गए, जबकि पास खड़ा रुपेश भी चपेट में आ गया।ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से सभी को बाहर निकाला, जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद ने बताया कि तीन बच्चों का इलाज कर घर भेज दिया गया है।

### अलग-अलग जगहों से तीन बाइकों की चोरी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बहुअरवा वार्ड नौ निवासी मदन सहनी की हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक चोरी कर लिया है। मदन सहनी अपनी बाइक से चिमनी पर इट खरीदने निकले थे। बाइक को इट कारोबारी राजेश गुप्ता के घर के बारांदा में खड़ी कर चिमनी पर चले गए। वापस लौट कर आए तो उनकी बाइक गायब थी।

# मसौढ़ी में घर-घर फाइलेरिया की दी जा रही दवा,पीएचसी से दवा खिलाकर हुआ शुभारंभ

## दो लाख 52 हजार लोगों को खिलाई जाएगी दवा, कुल 220 टीम गठित



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए) मंगलवार को प्राथमिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से विद्यवत तौर पर दवा खिलाकर उद्घाटन किया गया। इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत मसौढ़ी प्रखंड में 2 लाख 52 हजार लोगों को घर-घर जाकर निशुल्क दवा खिलाई जाएगी। इसको लेकर कल 220 टीम गठित की गई है जिसमें 110 टीम ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, 11 सुपरवाइजर की टीम एक आरआरटी के टीम गठित की गई है। पीएचसी स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह ने अभियान की सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए इसे जन स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सभी संबंधित कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने की अपील की है। बताया कि अभियान के लिए विस्तृत माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। 17 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में दो-दो आशा कार्यकर्ताओं की टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। चिह्नित प्रखंडों के आशा कार्यकर्ताओं के पास पर्याप्त मात्रा में दवा पहुंचा दी गई है। उम्र के अनुसार दवा की खुराक निर्धारित की गई है। 2 से 5 वर्ष के बच्चे को अल्बेंडाजोल और डीईसी की एक-एक गोली, 5 से 15 वर्ष के किशोर को अल्बेंडाजोल की एक और डीईसी की दो गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को अल्बेंडाजोल की एक और डीईसी की तीन गोली दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि शरीर में माइक्रोफाइलेरिया लंबे समय तक बिना लक्षण के मौजूद रहते हैं।शुरूआती दौर में बीमारी का अहसास नहीं होता, लेकिन वर्षों बाद हाथीपांव जैसी विकृति सामने आती है। यह बीमारी जानलेवा नहीं होती, इसी वजह से लोग इसे हल्के में लेते हैं, लेकिन जब असर दिखता है तो व्यक्ति जीवन भर के लिए अपंग हो सकता है। इसी उद्देश्य से 11 फरवरी को प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे इस अवसर पर, डॉ जया शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य उत्प्रेरक राकेश पटेल, चंद्रभूषण प्रसाद, विकास कुमार पिरामल फाऊंडेशन, पवन कुमार, आदी शामिल रहे।

# बिजली के 60 खंभे पर लगे तार को चोर ने काटा

## हजारों बीघा प्याज की फसल पर संकट मंडराया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना अंतर्गत गोवार धर्मपुर गांव के पास टाल क्षेत्र में सुबह-सुबह किसानों के बीच उस वक्त हरकंप मच गया, जब प्याज की फसल पटाने के लिए किसान खेत पहुंचे। टाल में लगभग चार किलोमीटर के दायरे में साठ बिजली के खंभे पर बिछाई गई तार की चोरों ने चोरी कर ली। तार की चोरी होने से हजारों बीघा प्याज की फसल पर संकट मंडराया हुआ है। किसान सूरज कुमार ने बताया कि गोवार टाल में लगभग साठ बिजली के खंभे पर बिछाई गई तार की चोरों ने चोरी कर ली है, रात्रि 11:00 बजे तक किसान प्याज की खेत पटा रहे थे, इसके बाद किसान अपने घर चले गए। सुबह 5:00 बजे किसान खेत पहुंचे तो उन्होंने देखा कि खंभे पर बिछाया गया तार नहीं है, मौके पर तार काटने के मशीन का डब्बा पड़ा हुआ है। ट्रांसफार्मर से बिजली के तार में लाइन डायरेक्ट दिया हुआ था, ट्रांसफार्मर से लाइन नहीं काटा जा सकता था इसके बावजूद भी शातिर चोरों ने चोरी कर ली। बिजली विभाग के जेई को ट्रांसफार्मर बनाने के लिए पूर्व में भी कहा गया था लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बनाया गया है। टाल क्षेत्र में किसान हजारों बीघा प्याज की खेती करते हैं, मजबूरन किसान अब डीजल की मशीन से प्याज की खेत में पानी देंगे। चोरों ने पूरी तैयारी के साथ चोरी की है, तार को अपने साथ ले जाने के लिए दो पिकअप जैसे वाहनों का प्रयोग हुआ होगा। रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सुबह जब किसान खेत पटाने आए तो देखा की तार की चोरी हुई है, रात्रि 11:00 बजे तक किसान धनंजय महतो प्याज का खेत पटा रहे थे। इस इलाके में तार की चोरी की घटना पहली बार हुई है, इससे पहले यहां कई मोटर की चोरी हो चुकी है। वहीं किसानों की सूचना पर मौके पर डायल 112 की टीम पहुंची। थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह से जब मोबाइल पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

# संवेदक का कारनामा : मानो कसम खा लिया हो कि पानी किसी को नहीं लेने देगें...

## गली ढलाई के दौरान चापाकल को किया जमींददोज



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जरा इस तस्वीर को देखिए यह तस्वीर नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड नंबर 26 के सरवां महादलित टोले का है। जहां पर हाल के ही दिनों में गली की पीसीसी ढलाई और नाली का निर्माण कराया गया है। लेकिन पीसीसी ढलाई के दौरान बीच में एक सरकारी चापाकल आ गया, अब संवेदक को लगा कि भाई दलाई तो करनी है चाहे बीच में कोई आ जाए चुकी काम तो गुणवत्तापूर्ण दिखानी है।अब चाहे बीच में चापाकल आ जाए चाहे कुछ हो रहा जाए अब इस करना में को क्या कहेंगे इस गली मोहल्ले में अगर कुछ घंटे के लिए बिजली कट जाए तो हर घरों में नल जल बंद हो जाएंगे, तब यही एक सरकारी चापाकल काम आता है अब स्थिति यह है कि सरकारी चापाकल से गिलास तो दूर कटोरा नीचे लगाना मुश्किल हो रहा है। संवेदक के इस करनामें की चर्चा हर तरफ हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ढलाई के दौरान संवेदक या तो कुछ जगह छोड़कर चापाकल को छोड़कर ढलाई कर सकते थे, लेकिन मजाल है कि कोई इस ढलाई के गुणवत्तापूर्ण पर सवाल कर सके ढलाई तो हमने किया है भाई.. सरवां महादलित टोला के अजीत पासवान, लल्लु पासवान आदि कई लोगों ने कहा है कि जैसे ही गर्मी की तपिश बढ़ेगी पानी के लिए हाहाकार मच जाता है तब यही सरकारी चापाकल काम आता है, घरों में नल जल बिजली कटने पर बंद हो जाते हैं लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए।

# दलहन दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

## नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक दाल की कमी के चलते लोगों में हो रहा है कुपोषण




**पहले भोजन में 3.1% होता था दाल का सेवन अब घटकर हो गया है 7:1%**

**दलहन का उत्पादन 2023- 24 मे 3.99 लाख टन था लेकिन खपत 11.92 की थी**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा दलहन अनुसंधान केंद्र में मंगलवार के दिन एक दिवसीय कार्यशाला का कर्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम बाढ़ और नालंदा के कई वैज्ञानिकों ने भाग लिया इस दौरान मोकामा क्षेत्र के कई किसान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में वैज्ञानिकों के द्वारा दलहन की उन्नत खेती के लिए लोगों को जागरूक किया साथ ही दलहन की खेती कैसे करें उसको लेकर किसानों को अवगत कराया गया किसानों ने दुल्हन के उपज को लेकर कहीं सवाल अधिकारियों से किया। अधिकारियों ने किसानों का जवाब दिया अनुसंधान केंद्र के द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम को करने की बात कही है। बताते चलें कि बाढ़ अनुमंडल का टाल क्षेत्र दलहन की खेती के लिए जाना जाता था लेकिन आज इलाके में जल प्रबंधन सही तरीके से नहीं होने के चलते लगातार यह क्षेत्र दलहन के क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है जिसके चलते इलाके के लोगत्नप्रोटीन हंगरत्न होता जा रहा है जिसका असर बच्चों की लंबाई पर भी पड़ रहा है और बच्चे धीरे-धीरे बौना होते जा रहे हैं जो आगामी पीढ़ी के लिए चिंता का विषय है दाल के लिए बिहार भी अब बाहरी दलहन पर निर्भर है इसका असर यह है की बाढ़ के दर्जनों दाल में अब धीरे-धीरे बंद हो गए हैं।

# नदौल उत्पाद चौकी के पास कार से 467 बोतल विदेशी शराब जप्त

## नदौल चौकी के पास लगे बैरियर में मारी थी जोरदार ठोकर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया नेशनल हाईवे पर मसौदे थाना क्षेत्र के नदौल उत्पाद चौकी के पास सोमवार की देर रात्रि को भारी मात्रा में विदेशी शराब कार से बरामद की गई है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि सोमवार की देर रात तकरीबन 2:30 बजे एक गया की ओर से तेजी से आ रही कार सबसे पहले नदौल उत्पाद चौकी के बैरिकेडिंग पर जोरदार ठोकर मार कर तोड़ने की कोशिश की जांच मे मुस्तैद पुलिस बल जब दौडे तो जोरदार ठोकर मारते हुए तेजी से भागने की कोशिश की हालांकि एक रोड ब्रेकर उसके उसे गाड़ी फंस गया और काफी दूर तक घसीटते हुए गया, जहाँ पुलिस को पिछे आते देख कार से कूद कर भाग निकला, बरामद कार से तकरीबन विभिन्न कंपनियों के 467 बोतल विदेशी शराब जप्त की गई है। जिसमें इंपिरियल ब्लू कंपनी के 175 बोतल एवं 40 बोतल और किंगफिशर बोतल के 84 एवं गुड फादर का 168 बोतल यानी कुल 467 बोतल विदेशी शराब है जहाँ 221.625 लीटर की जब्त की गई है।बताया जा रहा है की यह गाड़ी झारखंड से पटना जाने के दौरान मसौढ़ी के नदौल उत्पाद चौकी के पास से बरामद की गई है।

# शराब के नशे में कैंची से हमला किया एक गंभीर रूप से जख्मी

**पुलिस मामले की जांच कर रही**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारीविगहा गांव में ठाकुरबाड़ी के पास शराब के नशे में धुत दो युवकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। आरोप है कि चंदन कुमार (28 वर्ष) ने दूसरे युवक पर कैंची से लगातार कई बार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान जब आसपास मौजूद लोग बीच-बचाव के लिए आगे आए, तो आरोपी ने उन पर भी हमला करने की कोशिश की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को परिजनों की मदद से आनन-फानन में बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है।बताया जा रहा है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो देखते-ही-देखते हिंसक रूप ले बैठी। आरोपी चंदन कुमार, बिहारीविगहा गांव का ही निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ कड़ी धाराओं में मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शराब के नशे में इस तरह की घटनाएं एक बार फिर प्रशासन और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।

# चर्चित अमृत हत्याकांड में गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक थाना अंतर्गत अमृत कुमार की गोली मार हत्या मामले में कई थानों की पुलिस मुख्य आरोपी पंडारक पूर्वी के मुखिया पति धर्मराज प्रसाद की गिरफ्तारी के लिए कई थानों की पुलिस घर पर छापेमारी किया।पंडारक कांड संख्या 26/26 में राजद बाढ़ प्रत्याशी लल्लू मुखिया साजिशकर्ता बनाए गये है।वही हत्या के मामले धर्मराज सहित 5नामजद आरोपी बनाये गये है।2फरवरी को अमृत की गोली मार हत्या हुई थी।

# सिंगरियावां में तृतीय राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बैठक



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत सिंगरियावां पंचायत में अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंगरियावां के खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 08 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित होने वाले तृतीय राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन सोनू होटल इन, नियर अल्ट्राटेक कंपनी, सिंगरियावां में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुबोध कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से टूनार्मेंट के सफल आयोजन हेतु एक आयोजन समिति का गठन किया गया। गठित समिति में रूबी कुमारी, मुखिया, ग्राम पंचायत राज सिंगरियावां को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जी एवं शिशुपाल कुमार को उपाध्यक्ष, लालाबाबू बिंद को सचिव, हेमंत कुमार चौधरी एवं सोनू कुमार रॉक को उपसचिव तथा दिलीप कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त रजनीश चक्रवर्ती एवं रंजय कुमार को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। व्यवस्थापक के रूप में सुबोध कुमार, रवि प्रकाश, राहुल पटेल, अमितेश कुमार पटेल उर्फ छोटू एवं संतोष कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सियाराम शर्मा, कमलेश कुमार, अनीश कुमार, संतोष कुमार, चंदन कुमार, मिथुन पासवान, राकेश कुमार, अंकित राज, रितेश कुमार, मनीष कुमार, सुभाष कुमार सहित कुल 15 सदस्यों का मनोनयन समिति सदस्य के रूप में किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में राजीव कुमार रंजन को नामित किया गया। बैठक के उपरांत नवगठित समिति के सभी सदस्यों ने टूनार्मेंट की सफलता हेतु विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया तथा आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

# दलित वंचित बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहा दाउदपुर का शिक्षालय ज्ञान कुटीर

शशि तुलस्यान





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दलित वंचितों एवं असंगठित कामगार मजदूर के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जाग रहा है मसौढ़ी के दाउदपुर मोहल्ले में शुरू हुआ शिक्षालय, ज्ञान कुटीर, जो डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में शुरूआत की गई है। जहां न केवल उन बच्चों में शिक्षा का अलख जाग रहा है बल्कि उनके भविष्य के संवारने की कोशिश की जा रही है। दरअसल 26 नवंबर यानि संविधान दिवस के मौके पर यह पहल की शुरूआत की गई है। इसके संयोजक धर्मेंद्र रंगकर्मी ने बताया कि निर्धन बच्चों के पढ़ने का सपना पूरा करने के लिए यह ज्ञान कुटीर समर्पित है। जो गरीब बच्चों का भविष्य संवारने के लिए निःशुल्क शिक्षा का ज्ञान वितरण कर देश के उज्वल भविष्य, विकास और प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बच्चों के बीच पढ़ा रहे ज्ञान कुटीर के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा की यह हमारा सपना था कि हम बच्चों को निशुल्क शिक्षा देंगे, जिसमें मलिन बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को चिन्हित किया,जिसमें इस पाठशाला में करीब 60 बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। फिलहाल तीन शिक्षक हैं जिसमें सिद्धनाथ, मनीष और रागिनी कुमारी है जो निस्वार्थ भाव से गरीब असहाय बच्चो को पढ़ाने में अपना योगदान दें रहे है। संस्था अध्यक्ष ने बताया समाज में ऐसे भी गरीब परिवार है जो गरीबी के चलते अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे इसी को देखते हुए झोपड़पट्टी में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। हमारा संकल्प है कि समाज के हर उस बच्चे तक शिक्षा पहुंचाई जाए, जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सपना देखा था।इस मुहीम में अध्यक्ष सुरेंद्र दास, उपाध्यक्ष राम पुकार, सचिव धर्मेंद्र कुमार ,कोषाध्यक्ष सुजीत दास भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर ने वार्ड 43 का किया औचक निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी द्वारा वार्ड संख्या 43 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम (आश्रय स्थल) में रह रहे वृद्धजनों से संवाद कर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसके साथ ही वार्ड में नव-निर्मित सड़क एवं छठ घाट का भी निरीक्षण किया गया तथा निमार्णाधीन स्थलों पर शिलापट लगाने हेतु संबंधित कनीय अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में वार्ड की सफाई व्यवस्था की भी गहन समीक्षा की गई। इस दौरान सफाई कर्मियों की हाजिरी पंजी की जांच में गंभीर अनियमितता सामने आई। निगम द्वारा जहां कुल 16 सफाई कर्मियों की नियुक्ति है, वहीं निरीक्षण में यह पाया गया कि संबंधित एजेंसी द्वारा वास्तव में उपस्थित कर्मियों के स्थान पर मुहल्लेवासियों को खड़ा कर हाजिरी बनाई जा रही थी, जो अत्यंत चिंताजनक और अनुचित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम मोतिहारी पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित के लिए प्रतिबद्ध है ।



### आचार्य आलोक पांडेय के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माता अन्नपूर्णा ज्योतिष परामर्श केंद्र,घोड़ासहन के संस्थापक एवं संस्कृत के प्रख्यात विद्वान आचार्य आलोक पांडेय का आकस्मिक निधन इलाज के दौरान चंडीगढ़ में हो गया.वे बीते एक माह से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे और चंडीगढ़ में इलाजरत थे. रविवार की रात उनके निधन की सूचना मिलते ही घोड़ासहन एवं बनकटवा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आचार्य आलोक पांडेय न केवल ज्योतिषाचार्य थे, बल्कि एक निजी विद्यालय में शिक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके सरल स्वभाव और विद्वता के कारण वे समाज में अत्यंत सम्मानित थे। परिजनों के अनुसार, आचार्य आलोक पांडेय किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। लगभग एक वर्ष पूर्व उनकी पत्नी ने उन्हें किडनी दान भी किया था, लेकिन इसके बावजूद उनके स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। उनके निधन पर नवीन सिंह बघेला, रणधीर मिश्रा, नीरज प्रभाकर, राजीव श्रीवास्तव, मनोज प्रसाद, निकुंज पांडेय, आकाश जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, मुकेश कुमार, आशीष कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### ताला तोड़ विद्यालय में हुई चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस ने विद्यालय का ताला तोड़ संपत्ति चोरी कर लेने के मामले में दो युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि भंगहा से चोरी की गई सामान के साथ भंगहा के शिवम कुमार एंव मैनाटांड के बभनौली गांव के निरज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि मैनाटांड के प्राथमिक विद्यालय बभनौली का ताला तोड़ कार्यालय में रखे गए ब्लूटूथ ट्रॉली स्पीकर, माइक्रोफोन रिमोट चार्जर,साउंड सिस्टम,विभाग द्वारा प्रदत्त टैब फोन आदि सहित अन्य समानो की चोरी कर ली गई थी।

### एमडीए फाइलेरिया कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय चौधरी की अध्यक्षता में एमडीए फाइलेरिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 27 फरवरी तक मनाया जाना है। बीसीएम चंद्रभान कुमार ने बताया कि लगभग 2,34000 लोगों को दवा खिलाकर फाइलेरीया मुक्त बनाना है ' 2 वर्ष से कम बच्चों को दवा नहीं खिलाया जाना है। बीसीएम ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति जो बिस्तर से नहीं उठ सकता है, वैसे व्यक्ती को भी दवा नहीं खिलाना है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय चौधरी,डॉ अजीत कुमार बीएचएम अशोक कुमार,बीसीएम चंद्रभान कुमार जीएनएम प्रियंका कुमारी अंजली कुमारी मौजूद रहें।

### प्रशांत किशोर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज के जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को संस्थापक प्रशांत किशोर बैठनिया भानाचक पंचायत पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न परेशानियों को उनके सामने रखा। ग्रामीणों ने 27 जनवरी को शुगर इंडस्ट्रीज गेट के समीप गन्ना ट्रैक्टर हादसे में मिठू कुमार की मौत के बाद दर्ज एफआईआर में निर्दोष लोगों के नाम शामिल होने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि पुलिस कार्रवाई से गांव में भय का माहौल है और कई परिवार घर छोड़ने को मजबूर हैं।ग्रामीणों ने चीनी मिल से निकलने वाले गंदे पानी की समस्या भी उठाई, जिससे फसल और जनजीवन प्रभावित हो रहा है। समस्याएं सुनने के बाद प्रशांत किशोर ने प्रशासन से बातचीत कर निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने और निष्पक्ष जांच की मांग करने का भरोसा दिया। उन्होंने मिल प्रबंधन से बात कर पक्की नाला निर्माण और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने का आश्वासन भी दिया।मौके पर वार्ड सदस्य गोविंद बैठा, राजू गिरी, अजीत बैठा, मंतोष बैठा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### जीविका महिला संकुल संघ ने लगाया एमडीए कैंप

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन को लेकर मंगलवार को जीविका मझौलिया के अंतर्गत 'हरियाली जीविका महिला संकुल संघ' द्वारा एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कैंप का सफल आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयोजित इस शिविर में करीब 200 जीविका दीदियों, कैडर एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड परियोजना प्रबंधक गुलाम सरवर ने स्वयं दवा खाकर की और सभी को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन तभी संभव है जब हर व्यक्ति जागरूक होकर नियमित रूप से दवा का सेवन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।कैंप का मुख्य उद्देश्य प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाना और स्वास्थ्य के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाना रहा। जीविका दीदियों ने संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी और 11 फरवरी को नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर दवा सेवन सुनिश्चित कराएंगी।मौके पर पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अभियान की सराहना करते हुए इसे सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए अहम कदम बताया। कार्यक्रम से क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया है।

### फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य : डीडीसी ने महोदीपुर कैंप का किया औचक निरीक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी फॉर्मर रजिस्ट्री योजना के तहत किसानों को यूनिक आईडी प्रदान कर कृषि योजनाओं का लाभ पारदर्शी और आसान तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में महोदीपुर पंचायत में आयोजित विशेष कैंप का जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) काजले वैभव नितिन ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कैंप की व्यवस्था, किसानों की उपस्थिति और पंजीकरण प्रक्रिया का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।डीडीसी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री अब अनिवार्य है। यदि किसी किसान की रजिस्ट्री नहीं होगी, तो भविष्य में उन्हें पीएम किसान के तहत मिलने वाली 6000 रुपये वार्षिक सहायता से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने किसानों से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की।निरीक्षण के बाद डीडीसी चनायन बांध पंचायत के कसेरवा टोला पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय पीतल उद्योगों का जायजा लिया। कारीगरों से संवाद कर उत्पादन, सुरक्षा और बाजार संबंधी चुनौतियों की जानकारी ली तथा उद्योगों के विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही।

# अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई, 60 प्रतिशत भूमि कराई गई अतिक्रमण-मुक्त

## अंचल अधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई, पुलिस बल के सहयोग से चला बेतिया राज की भूमि पर प्रशासनिक बुलडोजर



**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोड़ासहन अंचल अंतर्गत मौजा भगवानपुर कोटवा में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण पर आज अंचल प्रशासन ने निर्णायक प्रहार किया। अतिक्रमण वाद संख्या 06/2025-26 के अंतर्गत खाता संख्या-02, खेसरा संख्या-440, रकबा 76 डिसमिल (बकाश्त भूमि) को अतिक्रमण-मुक्त कराने के लिए अंचल अधिकारी के नेतृत्व में व्यापक कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत भूमि को खाली करा लिया गया। अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान अंचल अधिकारी की सक्रिय पहल, प्रशासनिक दृढ़ता और विधिक समझ का प्रत्यक्ष उदाहरण माना जा रहा है।

**सितंबर 2025 से शुरु हुई थी विधिक प्रक्रिया**

परिवादी शिव शंभू प्रसाद के आवेदन पर अंचल कार्यालय द्वारा विधिवत अतिक्रमण वाद दर्ज किया गया था। अंचल अधिकारी के निर्देश पर सितंबर 2025 में प्रथम नोटिस निर्गत कर अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से भूमि खाली करने का अवसर दिया गया। इसके बाद चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत दिसंबर 2025 में बिहार भूमि अतिक्रमण अधिनियम के अंतर्गत प्रपत्र-02 में धारा 6(1) के तहत आदेश पारित करते हुए द्वितीय नोटिस जारी की गई। हालांकि, बार-बार नोटिस एवं आदेश के बावजूद अतिक्रमणकारियों द्वारा भूमि खाली नहीं की गई, जिसके बाद अंचल अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। अंचल अधिकारी के अनुरोध पर अनुमंडल दंडाधिकारी, पूर्वी चंपारण (ढाका) के पत्रांक 85, दिनांक 07.02.2026 के आलोक में जिला पुलिस मुख्यालय, मोतिहारी से पुरुष एवं महिला पुलिस बल उपलब्ध कराया गया। इसके बाद आज अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष, घोड़ासहन के संयुक्त नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं नियंत्रित तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी सकलदेव कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

**इन अतिक्रमणकारियों पर हुई कार्रवाई**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जिन लोगों के विरुद्ध की गई, उनमें किशोरी लाल, संजय कुमार, संजीव कुमार, प्रेमनाथ प्रसाद, मनोज कुमार, मुकेश शाह, भानुशा मुकेश शाह, ओम प्रकाश शाह, मोहन प्रसाद एवं ललिता देवी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान लगभग 60 प्रतिशत भूमि को अतिक्रमण-मुक्त करा लिया गया, जबकि शेष 40 प्रतिशत भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने प्रशासन से समय की मांग की।

**सख्ती के साथ दिखा मानवीय चेहरा**

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने यह प्रार्थना की कि वे अगले 7 दिनों के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे। इस पर अंचल अधिकारी ने प्रशासनिक कठोरता के साथ मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए भवन सामग्री और जीवन-यापन से जुड़ी वस्तुओं की संभावित क्षति को ध्यान में रखा। अंचल अधिकारी द्वारा अंतिम रूप से 7 दिनों की मोहलत दी गई और स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यदि तय समय सीमा में भूमि खाली नहीं की गई, तो बिना किसी अतिरिक्त अवसर के शेष अतिक्रमण बलपूर्वक हटाया जाएगा।

**अंचल प्रशासन का स्पष्ट संदेश**

इस कार्रवाई से अंचल प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमों का पालन करने वालों के प्रति प्रशासन संवेदनशील है, लेकिन आदेश की अवहेलना पर सख्त कार्रवाई तय है। स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को अंचल अधिकारी के मजबूत नेतृत्व, प्रशासनिक सक्रियता और संतुलित निर्णय-क्षमता के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्र में यह अभियान अतिक्रमण के विरुद्ध एक मिसाल के रूप में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## निमोइया गांव में 22 वर्षीय विवाहिता की गला दबाकर हत्या,चार नामजद आरोपित

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के निमोइया गांव में 22 वर्षीय विवाहिता की गला दबा कर हुई हत्या मामले में ससुराल पक्ष के दो महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है. दर्ज प्राथमिकी में मृतिका के पिता मुफस्सिल (मोतिहारी) थाना क्षेत्र के बासमन गांव निवासी परमेश्वर साह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने करीब दो वर्ष पूर्व अपनी बेटी रागनी देवी की शादी हिंदू रीति-रिवाज से निमोइया गांव निवासी भोला कुमार से की थी.शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में बाइक की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था.आवेदन के अनुसार, ससुर नकल साह, सास श्याम कुंवर, देयदिन रीना देवी तथा ससुर के भाई बाबूलाल साह ने मिलकर रागनी देवी की गला दबाकर हत्या कर दी.मृतिका का एक वर्षीय पुत्र भी है.

थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.सभी नामजद आरोपी घटना के बाद से घर छोड़कर फरार हैं.उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. गौरतलब है कि बीते बुधवार की शाम निमोइया गांव में रागनी देवी का शव ससुराल में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी.पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच में जुटी हुई है।

## सत्र 2025-26 को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी ढंग से सफल बनाएं : जिला पदाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में पेराई सत्र 2025-26 के दौरान चीनी मिलों के परिचालन, ईख आपूर्ति एवं मूल्य भुगतान की समीक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में चीनी मिलों द्वारा किसानों को किए गए ईख मूल्य भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें हरिनगर चीनी मिल द्वारा 99.76 प्रतिशत, बगहा चीनी मिल द्वारा 95.67 प्रतिशत, लौरिया चीनी मिल द्वारा 83.73 प्रतिशत, नरकटियागंज चीनी मिल द्वारा 83.12 प्रतिशत एवं मझौलिया चीनी मिल द्वारा 80.18 प्रतिशत भुगतान किए जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित मिल प्रबंधन को शीघ्र शेष बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक में चीनी मिलों द्वारा क्रय किये जा रहे गन्ना की समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि किसानों को किए गए ईख मूल्य भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें हरिनगर चीनी मिल द्वारा 98.01 लाख क्विंटल, बगहा चीनी मिल द्वारा 65.30 लाख क्विंटल, लौरिया चीनी मिल द्वारा 24.96.लाख क्विंटल, नरकटियागंज चीनी मिल द्वारा 76.70 लाख क्विंटल एवं मझौलिया चीनी मिल द्वारा 44.29. लाख क्विंटल कुल पश्चिम चम्पारण जिले मे अब तक 309.269 लाख केतल गन्ने कि खरीद चीनी मिलो द्वारा कि जा चुकी हैं। वहीं पेराई सत्र मे 2025-26 मे मंझोलिया चीनी मिल द्वारा 3.84 लाख क्विंटल, लौरिया चीनी मिल द्वारा 2.21 लाख क्विंटल, बगहा चीनी मिल द्वारा 6.92 लाख क्विंटल, हरिनगर चीनी मिल द्वारा 10.56 लाख क्विंटल एवं नरकटियागंज चीनी मिल द्वारा 7.86 लाख क्विंटल कुल 31.39 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया जा चूका हैं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी चीनी मिलों को निर्देश दिया गया कि ओवरलोडेड वाहनों से गन्ने का परिवहन नहीं किया जाय।सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं चीनी मिल प्रबंधन को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पेराई सत्र 2025-26 को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी ढंग से सफल बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा ईख पदाधिकारियो को निर्देश देते हुआ कहा कि गुड़ इकाई अनुज्ञप्ति के सन्दर्भ मे विभागीय अनुदेशों के अलोक मे अनुज्ञप्ति निर्गमन कि कार्रवाई करें। समीक्षा के क्रम में चीनी मिलो को प्रदुषण सम्बन्धी अनुदेशों के अनुरूप मिल संचालन का निदेशक जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। बैठक में डीटीओ ऋतु रानी, ट्रैफिक डीएसपी अतनु दत्ता,सहायक ईखायुक्त रेमन्त झा, ईख पदाधिकारी श्रीराम सिंह, सहायक निदेशक राम ईश्वर प्रसाद, अरविन्द कुमार, हरिकिशोर द्विवेदी, बी.एन. त्रिपाठी, के.एस. ढाका, के.पी. सिंह, बी. के. सिंह, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने दवा खाकर किया सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारम्भ

### हल्के-फुल्के साइड इफेक्ट से घबराने की जरूरत नहीं : सीएस





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल परिसर में लगे कैंप में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने फाइलेरिया से बचाव हेतु सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया इस दौरान उन्होंने स्वयं दवा का सेवन करते हुए जिले के सभी स्वस्थ्य लोगों को सर्वजन दवा सेवन करने का संदेश दिया। मौके पर उन्होंने कहा की फाइलेरिया हाथी पाँव एक गंभीर बीमारी है जिससे बचाव हेतु सर्वजन दवा सेवन करना सभी के लिए बहुत जरूरी है।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही दवाओं का सेवन करें, और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सीएस डॉ दिलीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की जिले भर के सभी स्वास्थ्य केंद्र पर दवा उपलब्ध है। आशा घर-घर जाकर लोगों को सामने दवा खिलाएगी, उसके बाद बूथ लगाकर स्कूलों व अन्य जगहों पर दवा उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने बताया की हल्के-फुल्के साइड इफेक्ट से घबराने की जरूरत नहीं है।वहीं उन्होंने कहा की दवा खाली पेट नहीं लेनी है। दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा दी जाएगी। डीबीडीसीओ डॉ एस सी शर्मा ने कहा की उप स्वास्थ्य केंद्रों पर भी जनप्रतिनिधि व सी एच ओ के द्वारा दवा सेवन कराया जा रहा है।सभी को एक बात समझनी चाहिए की दवा लेने के बाद हल्का बुखार या चक्कर आना सामान्य है। दवा न लेना ही सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि एक संक्रमित व्यक्ति पूरे गांव के लिए जोखिम बन सकता है।मोतिहारी सदर पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप शाही के द्वारा लोगों व स्वास्थ्य कर्मियों को सर्वजन दवा सेवन कराया गया। इस अवसर पर डीएस डॉ एस एन सत्यार्थी, चिकित्सक, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीसीएम नंदन झा, स्वास्थ्य कर्मी एवं सहयोगी संस्था पिरामल,डब्लूएचओ, पीएसआई सिफार,के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सरकारी योजना के लाभ के बीच बैंक अहम : बीडीओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभाकक्ष में विभिन्न बैंकों के बैंकर्स की एक बैठक मंगलवार को अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) सतीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेर्शानुसार वितीय साक्षरता सप्ताह के तहत केवाईसी- सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम विषय पर चर्चा किया गया। अधिकारियो ने खाता धारकों के केवाईसी, सी केवाईसी, अकाउंट हाइजीन व बैंकिंग अनुशासन आदि विषयों पर आवश्यक जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी सरकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुचाने में बैंक की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। एलडीएम ने सभी बैंकर्स को सजगता व पारदर्शिता के साथ बैंक से संबंधित योजनाओं को हर वर्ग तक पहुचाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने की बात कही।

## रामगढ़वा मछली बाजार में पुलिसकर्मी पर दबंगई का आरोप

### दुकानदार से मारपीट और ₹10 हजार छीनने का मामला

**रक्सौल/ रमगढ़वा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रमढ़वा थाना क्षेत्र के मछली बाजार में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक पुलिसकर्मी पर दुकानदार के साथ मारपीट करने और ₹10 हजार छीनने का गंभीर आरोप लगा। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया और नाराज दुकानदारों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पुलिसकर्मी मछली खरीदने बाजार पहुंचा था। मछली विक्रेता संजय शाह ने मछली की कीमत ₹600 बताई, लेकिन आरोप है कि पुलिसकर्मी ने सिर्फ ₹300 देकर मछली ले जाने की कोशिश की। जब दुकानदार ने पूरे पैसे की मांग की तो कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पीड़ित दुकानदार संजय शाह का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि मौके पर रखे करीब ₹10,000 भी जबरन छीन लिए। घटना से आक्रोशित दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने रामगढ़वा नेशनल हाईवे को जाम कर आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने घटना का संज्ञान लिया है। रक्सौल एसडीपीओ मनीष आनंद को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि जांच निष्पक्ष रूप से की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से परिमार्जन व दाखिल खारिज कार्य हुआ प्रभावित

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रखंड के राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर चले गए है। जिससे आम लोगों को जमीन संबंधी कार्यो के निष्पादन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल पर जाने से जमीन का परिमार्जन, दाखिल खारिज, भू स्वामित्व प्रमाण पत्र बनाने, लगान अघतन करने, आर.ओ.आर सहित अन्य कार्यो को लेकर लोगों को अंचल कार्यालय में इधर उधर भटकते हुए देखा गया। राजस्व कर्मचारी सुमन सौरव कुमार, सुरजीत कुमार, नीतीश कुमार, पंकज कुमार आदि ने दूरभाष पर बताया कि कर्मचारी संघ द्वारा 9 फरवरी को एकदिवसीय धरना व सरकार को 17 सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया।

## कानून को हाथ मे लेना पड़ा महंगा 9 नामजद, 50 अज्ञात पर प्राथमिकी

### वायरल वीडियो के आधार पर एसआई ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के रखही गांव में कानून को हाथ मे लेना महंगा पड़ गया है। प्रेम प्रसंग के आरोप में किशोर के बाल मुड़वाने व चप्पल की माला पहना कर घुमाने का वीडियो वायरल मामले में चार दिन बाद शिकारपूर थाना में पदस्थापित एसआई संतोष कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। वायरल वीडियो में दिख रहे लोगो की पहचान रखइ के चौकीदार द्वारा किया गया है जिसके तहत रखही गांव के 9 लोगों को नामजद किया गया है। वही 50 अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। एस आई संतोष कुमार ने आवेदन में बताया है कि एक किशोर को कुछ लोग खंभे से बांध कर पहले पिटते है। उसके बाद उसका सिर मुंडवा कर, कालिख पोत कर अपमानित करते हुए सरेआम गांव में घुमाया जाता है। इस पूरे प्रकरण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।बता दे कि रखही गांव में प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर लोगों द्वारा एक किशोर किशोरी के साथ बर्बरता किया गया। हालांकि इस मामले में किशोरी की मौत हो गई है। किशोरी के पिता ने किशोरी की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए 11 लोगो को नामजद और 50 अज्ञात के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# बीआरसी एकमा में सेवानिवृत्त एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 शिक्षक- शिक्षिकाएं सम्मानित

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होतेः बीईओ





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) एकमा के सभागार में सोमवार को ऐतिहासिक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 16 शिक्षक-शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र, माला और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) योगेंद्र बैठा ने की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, एचएम व शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, बीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, अजीत कुमार, अमितेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, अरुण कुमार यादव सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। बीईओ योगेंद्र बैठा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन शिक्षक जीवन भर अपने दायित्व से सेवानिवृत्त नहीं होते। उन्होंने कहा कि कई बार विद्यालय स्तर पर सभी सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानपूर्वक विदाई नहीं प्राप्त कर पाते थे, इसलिए बीआरसी स्तर पर वर्ष 2023 से तत्कालीन बीईओ रागिनी कुमारी द्वारा सामूहिक विदाई समारोह की शुरूआत की गई थी। बताया जा रहा है कि मौजूदा बीईओ योगेंद्र बैठा ने इस परंपरा को जारी रखते हुए इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया। सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार सिंह सहित कई शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को हृदयस्पर्शी और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बीआरसी स्तर पर इस प्रकार का प्रयास शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूती देता है।

**सम्मानित होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएँ:**

इस अवसर पर जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं को सेवानिवृत्ति एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया, उनके नाम इस प्रकार से हैं- सच्चिदानंद प्रसाद (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, मवि नवादा), भृगुनाथ साह (सेवानिवृत्त शिक्षक, मवि अतरसन), रामदर्शन राय (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मवि केशरी मठिया), अशोक शाही (सेवानिवृत्त शिक्षक, उमवि लौवारी), कमलेश प्रसाद सिंह (सेवानिवृत्त शिक्षक, कन्या मवि बेतवनिया), शहनाज बेगम (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक, कन्या प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर), गायत्री कुमारी (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, राजकीय बुनियादी विद्यालय रसूलपुर), यशोदा देवी (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापिका, उमवि असहनी), मंजू कुमारी (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापिका, प्रावि अठडिला), सुमन कुमारी (सेवानिवृत्त शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय छोटकी घुरापाली), पुष्पा सिंह (सेवानिवृत्त शिक्षिका, उमवि हरपुर), पूनम कुमारी (सेवानिवृत्त शिक्षिका, उमवि मानिकपुर), पूनम कुमारी (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापिका, नवसृजित प्रावि चरपरैठी), अनिल सिंह (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, उमवि आमडाड़ी) के सेवानिवृत्ति पर एवं विनोद कुमार सिंह (प्रधानाध्यापक, उकमवि बनपुरा) आगामी माह होने वाली सेवानिवृत्ति पर अग्रिम सम्मान व प्रियंका द्विवेदी (शिक्षक, नप्रावि रामपुर मठिया) को नवाचार के राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बीईओ योगेंद्र बैठा और बीआरसी स्टाफ परिवार के द्वारा सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को सामूहिक रूप से

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बारूण प्रखंड में फाइलेरिया के विरुद्ध निर्णायक जंग शुरू हो गई है। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वजन दवा सेवन अभियान का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने किया। जिन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस अभियान की विधिवत शुरुआत की।

**प्रशासनिक और स्वास्थ्य अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी**

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रखंड के प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय सिन्हा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक कुसुम कुमारी और लेखापाल प्रवीण कुमार ने सामूहिक रूप से अभियान की रूपरेखा साझा की। इसके साथ ही पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारियों ने इस स्वास्थ्य मिशन को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

**जनता के नाम प्रशासनिक संदेश और जागरूकता अपील**

उद्घाटन के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने स्वयं दवा का सेवन कर जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश भेजा। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण वर्षों बाद दिखाई देते हैं, इसलिए सुरक्षा ही इसका एकमात्र बचाव है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति पर ध्यान न दें और स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही दवा का सेवन करें ताकि प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सिन्हा ने बताया कि इस अभियान के तहत दी जाने वाली दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। आईवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल की खुराक लोगों की लंबाई के अनुसार मापी जा रही है, जिसके लिए विशेष मापन फीते का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दवा खाली पेट नहीं खानी है और बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं एवं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर हर किसी को इसका सेवन करना अनिवार्य है।

**स्वास्थ्य कर्मियों का घर-घर दस्तक अभियान**

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रखंड के हर गांव और टोले तक पहुंचें। आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों के दल घर-घर जाकर अपनी निगरानी में लोगों को दवा खिलाएंगे। पिरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# 'सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' संकल्प के साथ जागरूकता उत्सव का आगाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**औरंगाबाद।** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस वर्ष केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम की विशेष थीम के साथ देशव्यापी वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। 9 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलने वाला यह अभियान एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बैंकिंग को अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाना है। स्वाधार फ़िनएक्सेस की अहम भूमिका हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी मनीवाइज़ वित्तीय साक्षरता केंद्रों का संचालन कर रहे स्वाधार फ़िनएक्सेस ने जमीनी स्तर पर कमान संभाली है। संस्था ने अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत देव प्रखंड की बेड़ना पंचायत के करमडीह गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया।



जागरूकता के आधुनिक तरीके कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को केवल भाषणों से नहीं, बल्कि पोस्टर, ज्ञानवर्धक वीडियो और प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से केवाईसी की बारीकियों से रूबरू कराया गया। डिस्ट्रिक इंचार्ज मनोरंजन सर ट्रेनर शैलेन्द्र कुमार और सुनील कुमार औरंगाबाद जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक आंनद वर्धन सर जीविका ब्लॉक परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार ने ग्रामीणों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। केवाईसी बैंक और ग्राहक दोनों के लिए सुरक्षा का एक अनिवार्य कवच है।

एक बार केवाईसी कराने के बाद केंद्रीकृत सुविधा का लाभ कैसे उठाएं, ताकि बार-बार के दस्तावेजीकरण से बचा जा सके। केवाईसी केवल एक दस्तावेजी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आपकी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने की पहली सीढ़ी है। डिजिटल ट्रांजेक्शन के दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने अपनी बैंकिंग संबंधी शंकाओं का समाधान किया और भविष्य में किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर निजी जानकारी साझा न करने का संकल्प लिया।

# पशु स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा की ओर से पशुपालकों के हित में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण जीवन की धड़कन—पशुधन—को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर जनसहभागिता और जागरूकता का सशक्त उदाहरण बना। शिविर का विधिवत उद्घाटन पशुपालन प्रभारी चिकित्सक डॉ. आशुतोष कुमार, एमवीयू चिकित्सक डॉ. अक्षय कुमार एवं बीपीएम आलोक चंद्र सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अहियापुर, सलेमपुर सहित दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पशुपालक उपस्थित हुए और अपने पशुओं से जुड़ी विभिन्न बीमारियों एवं समस्याओं की जानकारी विशेषज्ञ चिकित्सकों को दी। चिकित्सकों ने पशुपालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें पशु देखभाल, पोषण, टीकाकरण एवं रोगों से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद पशुओं को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान पशुपालकों में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर सकारात्मक उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में एमवीयू पारावेट सुनील कुमार, एमवीयू चालक वरुण कुमार, सुरेंद्र कुमार, आनंद कुमार शर्मा, अमर्त्य राज, रवि शंकर कुमार, अनिल कुमार, शशि भूषण कुमार, स्वदेश कुमार, विद्यानंद चौधरी एवं चंदा कुमारी सहित अन्य लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते रहे। शिविर की सफलता में जीविका मित्र कुसुम कुमारी, पूजा कुमारी, पूनम कुमारी, सुलेखा कुमारी, चंद्रकांत तिवारी, मीना कुमारी समेत दर्जनों जीविका मित्रों का सराहनीय योगदान रहा। उनके समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रफीगंज में फार्मर आईडी ई-केवाईसी अभियान सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज मौजा में किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से फार्मर आईडी ई-केवाईसी का कार्य वार्ड स्तर पर सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस दौरान किसानों के दस्तावेजों का सत्यापन करते हुए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की गई, ताकि वे विभिन्न कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।



अभियान के दौरान किसान सलाहकार संजय कुमार, सर्वे अमीन सुधा कुमारी व माला कुमारी, बीएलओ मनीष कुमार, विकास मित्र जितेन्द्र कुमार, सोभा कुमारी तथा आजीविका सीआरपी सोनी शर्मा, किरण देवी और साबित देवी की सक्रिय सहभागिता रही।

यह अभियान वार्ड संख्या 8, 9, 10 एवं 11 में संचालित किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी का ई-केवाईसी कराया। मौके पर उपस्थित कर्मियों ने किसानों को ई-केवाईसी के महत्व की जानकारी दी और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया।

# खलिहान में आग लगने से हजारों रुपये का पुआल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा थाना क्षेत्र के कोईलवां टोले के करणविगहा गांव में मंगलवार की सुबह अचानक आग लगने से एक किसान के खलिहान में रखा हजारों रुपये मूल्य का पुआल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस अगलगी की घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त खलिहान हरिचंद चन्द्रवंशी एवं मदन चन्द्रवंशी का बताया जा रहा है, जिसमें धान की फसल से प्राप्त पुआल सुरक्षित रखा गया था। बताया जाता है कि खलिहान में लगभग 600 बोझा धान का पुआल संग्रहित था, जो आग की चपेट में आकर जल गया।

आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बाल्टी, पानी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। आग के फैलने की आशंका को देखते हुए अनुमंडल कार्यालय स्थित अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर आंशिक रूप से काबू पा लिया, जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग को पूरी तरह बुझाया।

घटना की सूचना मिलते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता नंदगोपाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे और अगलगी की घटना को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना से किसान मानसिक रूप से काफी मर्माहत हैं। पुआल जल जाने से पशुओं के चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे किसानों को अब बाहर से चारा खरीदना पड़ेगा। नंदगोपाल सिंह ने आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# फाइलेरिया उन्मूलन डोर-टू-डोर अभियान का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले डोर-टू-डोर दवा सेवन अभियान का शुभारंभ सोमवार को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। अभियान की शुरुआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने स्वयं फाइलेरिया की दवा का सेवन कर की।

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जिसमें प्रभावित व्यक्ति के हाथ और पैर असामान्य रूप से सूज जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का स्थायी इलाज उपलब्ध नहीं है, इसलिए समय पर दवा सेवन ही इसका सबसे प्रभावी बचाव है। सरकार द्वारा घर-घर जाकर दवा दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका सेवन कर फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें। डॉ. सिंह ने आमजन से अपील की कि जब स्वास्थ्यकर्मी दवा लेकर घर पहुंचें, तो उसका सेवन अवश्य करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा खाने के बाद कुछ लोगों को हल्की उल्टी, चक्कर या खुजली जैसी सामान्य प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह थोड़ी देर में स्वतः ठीक हो जाती है।

# युवा शक्ति क्रिकेट क्लब की बड़ी जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वावधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल मैदान पर आयोजित ए डिवीजन लीग मैच में युवा शक्ति क्रिकेट क्लब ने बोल बम क्रिकेट क्लब को 112 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा शक्ति ने 35 ओवर में 253 रन बनाए, जिसमें मुरारी साब (79) और रेयांश राज (62) प्रमुख रहे। जवाब में बोल बम की टीम 27 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। पीटर यादव ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

# पुलिस ने बाल कल्याण समिति को सौंपी मासूम बच्ची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के सलैया रेलवे स्टेशन परिसर के समीप से छह फरवरी को एक अज्ञात महिला गंभीर अवस्था में एक मासूम बच्ची के साथ पाई गई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। हालांकि मृत महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। इससे संबंधित पुलिस कार्यालय द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार, महिला के साथ मौजूद बच्ची की उम्र करीब डेढ़ से दो वर्ष के बीच बताई जा रही है। महिला की हालत अत्यंत नाजुक थी, जबकि बच्ची डरी-सहमी और असहाय अवस्था में मिली। महिला की मृत्यु के बाद उसके शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है ताकि कोई परिजन सामने आकर पहचान कर सके। घटना का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि महिला के साथ मिली मासूम बच्ची अब पूरी तरह अकेली हो गई थी। ऐसे में प्रशासन और पुलिस ने त्वरित और मानवीय कदम उठाते हुए बच्ची को बाल कल्याण समिति औरंगाबाद को सौंप दिया। बाल कल्याण समिति ने बच्ची को संरक्षण में लेते हुए उसकी देखभाल, भोजन, स्वास्थ्य जांच और मानसिक सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने बताया कि बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है और उसे आवश्यक चिकित्सा एवं भावनात्मक देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही उसकी पहचान और परिजनों की तलाश के लिए सभी कानूनी प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। जब तक बच्ची के माता-पिता या परिजन सामने नहीं आते, तब तक उसे राज्य के संरक्षण में रखा जाएगा। इधर औरंगाबाद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस महिला या बच्ची के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो वे तुरंत नगर थानाध्यक्ष या दिए गए संपर्क नंबर पर सूचना दें। पुलिस का कहना है कि यह मामला सिर्फ एक पहचान का नहीं, बल्कि एक मासूम के भविष्य से जुड़ा है। यह घटना समाज को सोचने पर मजबूर करती है कि सड़क, स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा लोगों की मदद के लिए सामूहिक संवेदनशीलता कितनी जरूरी है। खासकर, उस मासूम बच्ची के लिए, जिसकी दुनियां एक ही दिन में उजड़ गई, लेकिन अब उम्मीद की किरण बाल कल्याण समिति के संरक्षण में दिखाई दे रही है।

# सरकारी योजनाओं के लाभुकों को मिला चेक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा श्रम अधिकार दिवस सह ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन डीआरसीसी के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप श्रमायुक्त (मगध), गया के विनोद कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर बिहार गीत के साथ किया गया। मंच का संचालन संजीव कुमार एवं विजेंद्र सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के द्वारा किया गया। शिविर में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अधिनियम एवं योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना 2011, बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना 2008, ई-श्रम, श्रम योगी मानधन योजना, बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986, बंधुआ मजदूर अधिनियम, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम तथा ग्रेच्युटी अधिनियम शामिल हैं।

उप श्रमायुक्त मगध के द्वारा कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी श्रमिक की मृत्यु कार्य के दौरान हो जाती है तो श्रमिक के सभी योग्य आश्रितों को समान रूप से अनुदान प्रदान किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि वैसे कामगार जो किसी संस्थान में 5 वर्ष से अधिक समय से कार्य किए हैं और वे अपनी मर्जी से या किसी कारणवश कार्य से हटते हैं, तो ऐसी स्थिति में संबंधित नियोजन द्वारा उन्हें ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाएगा। यदि नियोजक द्वारा श्रमिकों को भुगतान नहीं किया जाता है तो श्रमिक अपना आवेदन उप श्रमायुक्त कार्यालय, गया जी को दे सकते हैं। श्रम अधीक्षक प्रियंका के द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के श्रमिकों के लिए अलग-अलग न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित है, जिसका भुगतान सभी नियोजकों द्वारा किया जाना आवश्यक है। यदि किसी श्रमिक को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है तो उससे संबंधित आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी श्रमिकों को दी गई। प्रवासी श्रमिकों के दुर्घटना उपरांत मृत्यु होने पर विभाग द्वारा 4 लाख की राशि आश्रितों को आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान की जाती है। सहायक प्रबंधक डीआरसीसी के द्वारा श्रमिकों को उनके पुत्र-पुत्रियों हेतु स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता, एनसीएस पोर्टल एवं कौशल विकास योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के कुछ लाभकों को चेक देकर योजना का लाभ दिया गया तथा विभिन्न प्रखंडों के प्रत्येक पंचायत से आए हुए श्रमिकों को एक दिन का पारिश्रमिक एवं मार्ग व्यय का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक प्रियंका, विजय कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष बीएमएस, नबीनगर जिला परिषद सदस्य सह बीएमएस जिला मंत्री हरि राम, बीएमएस जिला मंत्री निर्माण संघ अभय कुमार, बीएमएस जिला मंत्री निर्माण राकेश कुमार, सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं जिला के प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से आए हुए श्रमिक उपस्थित रहे।

# ग्राम बेरी में आग से खलिहान में रखा धान व पुआल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के ग्राम बेरी में सोमवार को अचानक आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में उपेन्द्र रजक, धनंजय रजक एवं शत्रुघ्न शर्मा के खलिहानों में रखा धान और पुआल जलकर पूरी तरह राख हो गया, जिससे संबंधित किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी बीच सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग बुझने तक खलिहानों में रखा भारी मात्रा में धान और पुआल जल चुका था। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। स्थानीय प्रशासन द्वारा घटना की जांच करते हुए क्षति का आकलन किया जा रहा है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# पात्र किसानों की लंबित न रहे फार्मर रजिस्ट्री, रखें विशेष ध्यान :डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत सरसौली ग्राम में "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" अभियान के अंतर्गत फार्मर आईडी कार्ड निर्माण की प्रगति का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जिले में संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान की वास्तविक प्रगति का आकलन करना तथा किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने हेतु की जा रही प्रक्रियाओं की समीक्षा करना था। जिलाधिकारी द्वारा शिविर स्थल पर उपस्थित कर्मियों से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्था एवं किसानों की सहभागिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। विदित हो कि उक्त अभियान के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित किए जाने हेतु जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतस्तरीय शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का सुचारू एवं निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु मिशन मोड में कार्य करते हुए फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी पात्र किसान की फार्मर रजिस्ट्री लंबित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि शिविरों के साथ-साथ डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से शेष एवं लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए। साथ ही, संपूर्ण प्रक्रिया की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो सके। इस अवसर पर दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी हेमंत राजन, ओबरा प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. युनूस सलीम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बोकारो निवासी रामकृष्ण सिंह ने अपने दो भाइयों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** झारखंड के बोकारो स्टील सिटी निवासी रामकृष्ण सिंह ने औरंगाबाद के नगर थाना में ऑनलाइन आवेदन देकर अपने बड़े भाई दुधेश्वर सिंह और छोटे भाई ललित सिंह पर धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी शपथ पत्र के माध्यम से मुआवजे की राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया है।

दिए गए आवेदन में रामकृष्ण सिंह ने कहा है कि हमारी भूमि जो मौजा कथरुआ (थाना नंबर 561, खाता संख्या 17, खेसरा संख्या 951) हल्का- नगर परिषद क्षेत्र औरंगाबाद में स्थित है। उसे राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3जी के तहत एनएच-2 को 6 लेन में परिवर्तित करने हेतु कुल 382 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के लिए अधिग्रहित किया गया है जिसमें कुल वितरित राशि 4688989 रुपए थी। इस राशि के तीन दावेदार हैं मैं रामकृष्ण सिंह, मेरे बड़े भाई दूधेश्वर सिंह और छोटे भाई ललित सिंह और इसे तीन से विभाजित करने पर मेरा हिस्सा 1562966 बनता है। लेकिन मुझे हाल ही में आरटीआई के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि लगभग 1 वर्ष पूर्व मेरे बड़े भाई दूधेश्वर सिंह और छोटे भाई ललित सिंह ने मेरी जानकारी के बिना विभाग से पैसे निकाल लिए हैं और मेरा हिस्सा उन्होंने हड़प लिया है। मेरे बड़े भाई और छोटे भाई ने मेरे नाम पर एक फर्जी शपथ पत्र तैयार किया और उसे विभाग में जमा कर यह दर्शाया कि मेरी इसमें सहमति है। यह पूरी तरह से धोखाधड़ी और मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल है।

विवादित भूमि पर भुगतान रोकने के मेरे पूर्व आवेदन के बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर यह राशि निकासी की गई है जो की एक संज्ञेय अपराध है। रामकृष्ण सिंह ने फर्जी शपथ पत्र की सत्यता की जांच करने, दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपनी राशि की वसूली की मांग की है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष ने कहा है कि प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के क्रम में शिलान्यास की गई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### बैठक से संबंधित मुख्य बिन्दु

- मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में की शिलान्यास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा
- मार्च तक सभी 2886 वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट होगी क्रियाशील
- नावकोठी व मटिहानी में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय निर्माण शीघ्र शुरू करने का निर्देश
- छौड़ाही थाना भवन निर्माण में बाधा दूर करने को विद्युत विभाग को दिया आदेश
- राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

पंचायती राज विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जिले के कुल 2886 वार्डों में से शेष 75 वार्डों में भी मार्च माह तक सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कर उन्हें पूर्णतः क्रियाशील कर दिया जाएगा।

नावकोठी एवं मटिहानी प्रखंड में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय निर्माण हेतु चिन्हित स्थलों पर पूर्व से ही कार्यालय संचालित होने की जानकारी दी गई। इस पर जिला पदाधिकारी ने वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। छौड़ाही थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि नए थाना भवन निर्माण हेतु चिन्हित भूमि पर ट्रांसफार्मर स्थापित होने के कारण कार्य बाधित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को अविलंब स्थलीय जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाने तथा बिना निर्धारित पार्किंग खड़े वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (ट्रैफिक) एवं नगर आयुक्त को आपसी समन्वय से अभियान चलाने को कहा। जिला पदाधिकारी ने शहर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अनधिकृत पार्किंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने एवं इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ भू-समाधान, खनन, उत्पात, भूमि विवाद एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित मामलों की समीक्षा की तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु समन्वय बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), सिविल सर्जन बेगूसराय सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# पंचायत समिति की बैठक में डिग्री कॉलेज का उठा मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड पंचायत समिति की बैठक विमर्श कक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनिता देवी ने की। प्रखंड में डिग्री कालेज खोलने का मुद्दा सबसे अधिक गरमाया रहा। इस मुद्दे पर सभी सदस्यों की एक राय नहीं थे। समसा पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी ने समसा में बने बेकार पड़े मॉडल स्कूल भवन एवं जमीन में डिग्री कालेज संचालन का मुद्दा उठाया जबकि स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, हसनपुर बागर मुखिया विजय पासवान सहित अन्य सदस्यों ने डिग्री कालेज प्रखंड मुख्यालय में संचालित करने की बात की। जब तक भवन निर्माण नहीं होता है तब तक +2 स्कूल नावकोठी के भवन में संचालित करने की बात की।

### कई अन्य मामलों पर भी हुई चर्चा

पंचायत के टाइड तथा अनटाइड मद से किये गए कार्य में मिट्टी के अभाव में कार्य प्रभावित हो रहा है। पंचायत में जी वीवी राम जी का अभिलेख पंचायत के नरेगा भवन में रखने का मुद्दा उठा। डफरपुर पंचायत के कामाथान चौर में कृषि फीडर से विद्युत आपूर्ति हेतु पोल गाड़े एक वर्ष हो गया है, उन पोल पर बिजली तार तथा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि में लगे फसल की सिचाई हेतु डीजल चालित मशीन से मंहगे दर पर सिचाई करनी पड़ती है। वही डुमरिया में भी बिजली तार तथा ट्रांसफार्मर लगाने का मुद्दा उठा। बहुत से लाभुको का राशनकार्ड बन गया है पर विभाग द्वारा वितरण नहीं किया गया है। उन कार्ड का वितरण करवाने का मुद्दा उठा। पैक्स का लक्ष्य तथा सीसी नहीं होने से किसानों की धान नहीं खरीदने से किसानों की कठिनाई का मुद्दा भी छाया रहा। पीएचसी परिसर में होने वाले जलजमाव का स्थायी निदान का मामला उठाया गया। मौके पर बीडीओ राहुल रंजन, सीओ सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, एम ओ मनोज कुमार, पीओ श्री कांत, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीएओ रौशन कुमार, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, विजय पासवान, श्वेता भारती, अजय सहनी, अभिषेक कुमार, उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, पंसस इमरोज राणा, नीलम, अनिता, अजीत, आदि मौजूद थे।

# फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत 10 से 27 फरवरी तक खिलाई जाएगी दवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बड़हरा।** फाइलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़हरा मोहित भारद्वाज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बड़हरा डा अरविंद कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य द्वारा दवा खाकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जागरूकता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए की प्रचार वाहन को रवाना किया गया। यह कार्यक्रम 10 से प्रारंभ होकर 27 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर जाकर, आंगनबाड़ी केंद्रों पर फाइलेरिया के साथ एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि दवा खिलाने के तरीके अलग अलग है। जिसमें 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 1 गोली डीईसी और 1 गोली एल्बेंडाजोल, 6 से 14 वर्ष को 2 गोली डीईसी और 1 गोली एल्बेंडाजोल, 15 वर्ष से ऊपर के लाभार्थियों को 3 गोली डीईसी और 1 गोली एल्बेंडाजोल दिया जायेगा। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि दो वर्ष से नीचे के बच्चों, गर्भवती माता एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं खिलानी है।

# वर्ग कक्ष में शौचालय निर्माण होने से आक्रोशित हुए ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शादीपुर दियारा गांव स्थित मध्य विद्यालय में वर्ग कक्ष के भीतर शौचालय का निर्माण कराए जाने का मामला इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों और शिक्षा से जुड़े लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यह न केवल शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है। बल्कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का भी गंभीर उदाहरण है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मध्य विद्यालय में हाल ही में दो वर्ग कक्षों को बदलाव कर शौचालय का निर्माण करा दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ये वही कक्ष थे जहां पहले पठन-पाठन का कार्य संचालित होता था। छात्रों की संख्या को देखते हुए इन कक्षों की विद्यालय को सख्त जरूरत थी, लेकिन इसके बावजूद इन्हें शौचालय में तब्दील कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय परिसर में पहले से ही कई शौचालय बने हुए हैं जो उपयोग में हैं। इसके बावजूद नए शौचालय के नाम पर वर्ग कक्षों का उपयोग करना समझ से परे है। ग्रामीणों के अनुसार यदि अतिरिक्त शौचालय की आवश्यकता भी थी, तो उसके लिए विद्यालय परिसर में अन्य खाली स्थान या उपयुक्त भूमि उपलब्ध थी। ग्रामीणों और अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस भवन में शौचालय का निर्माण कराया गया है, वह अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति में है केवल उसमें दरवाजा लगाने की जरूरत है जिसमें बाद उस भवन में डिजिटल वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला या अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विकास किया जा सकता था। इससे छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने में मदद मिलती। लेकिन इसके बजाय उस भवन को जर्जर घोषित कर उसमें शौचालय का निर्माण करा दिया गया, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से सवाल भी किए, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मामले को लेकर जब दूरभाष पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बलिया से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यालय के वर्ग कक्ष में शौचालय का निर्माण होना गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस मामले की जांच की जा सकती है और यदि नियमों के विरुद्ध निर्माण हुआ है तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय मिथिला चित्रकला कार्यशाला आयोजित

**बेगूसराय।** कला एवं संस्कृति कार्यालय की ओर से आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र में दो दिवसीय मिथिला चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही बेगूसराय के वरिष्ठ चित्रकार इंद्र मोहन प्रसाद की एकल चित्रकला प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कार्यशाला में मिनल कुमारी द्वारा मिथिला चित्रकला का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने भाग लेते हुए मिथिला चित्रकला की बारीकियों को जाना। लोक कला से रूबरू होकर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी-अपनी कलाकृतियों का सृजन किया। कार्यशाला के उपरांत आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित कलाकृतियों को देखकर छात्राओं ने कलाकार से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका वरिष्ठ कलाकार इंद्र मोहन प्रसाद ने प्रत्येक चित्र की विशेषताओं की व्याख्या करते हुए विस्तार से उत्तर दिया। इस अवसर पर उपस्थित कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रशिक्षु छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।उल्लेखनीय है कि कला एवं संस्कृति विभाग, बेगूसराय द्वारा कला के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह दो दिवसीय कला कार्यशाला का नियमित आयोजन किया जाता है।

# ओपेरा आर्ट सोसाइटी नाट्य कार्यशाला आयोजित

## थिएटर थेरेपी वर्कशॉप के द्वारा 10 से 19 फरवरी तक चलेगी कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में ओपेरा आर्ट सोसायटी के द्वारा बच्चों में सर्वांगीण विकास के लिए दस दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार झा, शिक्षक रंजन कुमार एवं कार्यशाला निर्देशक हरिकिशोर ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर बुधवार को उद्घाटन किया। बच्चों में सर्वांगीण विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससे बच्चों में व्यावहारिक, पारिवारिक, सामाजिक और शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक विकास को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला निदेशक मध्य प्रदेश स्कूल आफ ड्रामा से उत्तीर्ण हरि किशोर ठाकुर ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला को लगाना शिक्षा को एक नई दिशा देने का कार्य होगा। इस थिएटर थेरेपी से बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। बच्चे भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे और इसके माध्यम से अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को निखार सकेंगे, बच्चे जिस भी क्षेत्र में जाना चाहेंगे इस तरह के कार्यशाला में भाग लेना उनको अपने विद्या में मजबूती प्रदान करेगा। हरिकिशोर ठाकुर ने कहा राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक इस कार्यशाला में आकर प्रतिभागियों को ट्रेनिंग देने का कार्य करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य रंजन कुमार झा ने कहा इस तरह के कार्यशाला को स्कूल में लगाना बहुत बड़ी बात है और इस तरह के प्रशिक्षक हमारे विद्यालय में आए कार्यशाला लगाने इनको दिल से धन्यवाद है। कला शिक्षा से जुड़े यह मेरी भावना हमेशा रहती है। रंगकर्मी कुनाल भारती ने कहा ओपेरा आर्ट सोसाइटी विद्यालय के छात्र छात्राओं के जीवन में बदलाव के माध्यम बनने का काम कर रही है। नाट्य कार्यशाला से बच्चों के सोचने-समझने और अपने झिझक को दूर करने का अवसर मिलेगा द्य हमें और हमारे व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करता है। मौके पर शिक्षक संतोष चौरसिया, रौशन कुमार, रामाशीष कुमार, पवन कुमार शिक्षिका भारती कुमारी, रजनी कुमारी, अनुपम कुमारी, काजल कुमारी, मंटून कुमारी, रंगकर्मी कुनाल भारती समेत सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

# शादी की नीयत से युवती का अपहरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के एक गांव से एक किशोरी को अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में अपहृता की माँ ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गांव के ही एक युवक पर शादी करने की नीयत से अगवा करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि उसकी पुत्री सोमवार के दोपहर में घर से निकली पर शाम तक घर नहीं लौटी। खोजबीन के क्रम में उक्त युवक द्वारा अगवा किये जाने की जानकारी मिली। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्व जीत कुमार मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दिया है।

# भाकपा ने किया पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद की ओर से चार श्रम कोड के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर प्रखंड मुख्यालय सहित सूर्यपुरा चौक, मोख्तियारपुर, चन्दौर, बनवारीपुर, अतरुआ चौक पर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पीएम मोदी व डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन कर 12 फरवरी को आयोजित आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवानों से अपील किया गया. प्रतिरोध मार्च को नेतृत्व कर रहे भाकपा अंचलमंत्री अशोक राय व

### 12 को हड़ताल सफल बनाने की अपील

भाकपा नेता रामचन्द्र पासवान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमिरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने घुटना टेक चुके हैं. भारत अमेरिका समझौता के नाम पर मोदी देश को गिरबी रखने जा रहा है. किसान से खेती एवं पशुपालक तथा मजदूर से रोजगार छिनने वाला यह समझौता है। चार श्रम कोड खारिज करवाने, मनरेगा योजना चालू करवाने और साल में 200 दी रोजगार दिलवाने, स्किल वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिलवाने, ठेका प्रथा बंद करवाने, स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलवाने एवं बुलडोजर राज के खिलाफ 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।उक्त मौके पर पैक्स अध्यक्ष गौरीशंकर राय, भाकपा कार्यकर्ता रामलखन साव, प्रमोद कुमार, रामकुमार ठाकुर, मुकेश कुमार, विन्देश्वरी महतों, नीरज, राकेश, रामविलास पासवान, सुधीर सिंह, राम उचित तांती, रणधीर राय, लालो शर्मा सहित दर्जनों भाकपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पदाधिकारियों ने मेला का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** प्रखंड के ऐतिहासिक नौलागढ़ में आयोजित चार दिवसीय बजरंगबली मेला के दूसरे दिन मंगलवार को वीरपुर बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर एवं सीओ भाई वीरेंद्र मेला परिसर पहुंचे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत बीडीओ व सीओ ने मेला परिसर का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्थानीय श्रद्धालुओं एवं मेला समिति के सदस्यों से बातचीत की। अधिकारियों ने कहा कि मेला को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने मेला को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि प्रीतम कुमार सहित मेला समिति के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर मेला समिति की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बीडीओ व सीओ को चादर भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मधुबनी : युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** बिहार के मधुबनी जिले में कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए बेखौफ अपराधियों ने मंगलवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात राजनगर थाना क्षेत्र के बलाट के पास हुई, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। मृतक की पहचान राजनगर निवासी चांद मंडल के पुत्र जयराम मंडल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार जयराम मधुबनी स्थित एक होंडा एजेंसी में कार्यरत था और रोज़ की तरह मंगलवार सुबह बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। जैसे ही वह बलाट के समीप पहुँचा, पहले से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही जयराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। हालात बिगड़ते देख राजनगर थाना और नगर थाना की पुलिस के साथ-साथ डीएसपी स्वयं भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क जाम और प्रदर्शन को समाप्त कराने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शनकारी दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने, क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और अपराध पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे थे। काफी देर चले हंगामे के बाद पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर लोग शांत हुए। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच आपसी रंजिश, लूटपाट समेत सभी संभावित पहलुओं से की जा रही है। युवक की निर्मम हत्या से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

# 96 हजार लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का है लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में चलने वाले बारह दिवसीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उद्घाटन पंचायत भवन नावकोठी में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डा चौधरी ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को मच्छर काटने के बाद स्वस्थ व्यक्ति को काटता है वह भी ग्रसित हो जाता है। इससे जननांग तथा हाथ, पैर में सूजन हो जाता है। इससे बचाव के लिए डीईसी, एलबेंडाजोल तथा ऊंचाई के अनुरूप आइवर वैक्टीन की दवा कारगर है। इसके लिए 96 हजार दो वर्ष से ऊपर के लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 65 दल कर्मियों की तैनाती की गई है। जो घर घर भ्रमण कर लोगों को दवा सेवन करायेगी। शंभू नाथ चौधरी, पीड़ामल फाउंडेशन के चंदन कुमार ने कार्य का अनुश्रवण किया।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बच्चों को दी गई दवा

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय पर्रा में समारोह पूर्वक फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम नरेश शर्मा, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा, स्वाति कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक मनोरंजन कुमार सिन्हा ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए विद्यालय के शिक्षक समेत सैकड़ों बच्चों ने आशा कर्मी के सामने दवा का सेवन किया।

# दो शराब तस्करों को 7 व 5 वर्ष का कारावास, एक-एक लाख का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दरभंगा उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायालय ने दो शराब तस्करों को क्रमशः सात वर्ष और पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दरभंगा व्यवहार न्यायालय के विशेष न्यायाधीश द्वितीय (उत्पाद) रविशंकर कुमार ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा-30(ए) के अंतर्गत मनीगाछी थाना क्षेत्र के महथौर गांव निवासी अमर साह को सात वर्ष का कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, बहेड़ा थाना क्षेत्र के सूहत गांव निवासी विकास कुमार यादव को पांच वर्ष का कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा दी गई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में दोनों दोषियों को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विशेष अपर लोक अभियोजक (उत्पाद) हेमंत कुमार ने बताया कि मनीगाछी थाना में दर्ज कांड संख्या 44/22 के अनुसार 17 मार्च 2022 की रात करीब 2:45 बजे मनीगाछी थाना क्षेत्र के लहटा गांव स्थित एक राइस मिल के समीप से विदेशी शराब से लदा एक ट्रक, दो पिकअप वाहन तथा तीन मोटरसाइकिल जब्त किए गए थे। मौके से विभिन्न ब्रांडों की भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई थी। उन्होंने बताया कि दरभंगा जिले में हत्या, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, मद्यनिषेध सहित अन्य गंभीर एवं संवेदनशील मामलों को विशेष श्रेणी में रखते हुए स्पीडी ट्रायल के माध्यम से अभियुक्तों को सजा दिलाई जा रही है।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने ई-सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवहर।** पटना के मुख्य न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू, मुख्य न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद एवं मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अंशुल राज ने शिवहर सिविल कोर्ट में एडीआर फैमिली कोर्ट बिल्डिंग एवं ई- सेवा केंद्र का रिमोट कंट्रोल से उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला व सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार, डीएम प्रतिभा रानी, पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। जिला व सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार ने कहा कि पटना हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू, न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, माननीय न्यायमूर्ति जस्टिस अंशुल राज के द्वारा द्वारा आज शाम को जिला न्यायालय परिसर में वर्चुअल माध्यम से नवनिर्मित ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्देश्य डिजिटल न्याय प्रणाली को बढ़ावा देना है इस ई-सेवा केंद्र के माध्यम से वादियों को मुकदमों की स्थिति, डिजिटल फाइलिंग और अन्य न्यायिक सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी। सेवाओं को डिजिटल, पारदर्शी और त्वरित बनाना है। ई-सेवा केंद्र पर ई-फाइलिंग, केस स्टेटस, ई-पेमेंट और निर्णयों की सॉफ्ट कॉपी जैसी सेवाएं मिलेंगी। जिसका लाभ से आम नागरिकों और अधिवक्ताओं को अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। यह पहल पटना उच्च न्यायालय द्वारा न्यायालयों में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुलभ हो सकेगी।

# दुष्कर्म एवं हत्या की घटना ने मानवता को किया शर्मसार : भाकपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची के साथ घटित दुष्कर्म एवं हत्या की जघन्य घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

घटना की सूचना पर सोमवार की देर शाम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक रामनरेश पांडे, राष्ट्रीय परिषद सदस्य मिथिलेश झा, एवं राजश्री किरण, पार्टी के जिला सचिव नारायण जी, सहायक जिला सचिव राजीव कुमार चौधरी सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। भाकपा नेताओं ने एक स्वर में इस जघन्य अपराध की घोर निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को अविलंब फास्ट ट्रैक अदालत के माध्यम से फांसी की सजा दी जाए, ताकि समाज में एक सख्त संदेश जाए। साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं पर्याप्त आर्थिक सहायता, सुरक्षा एवं पुनर्वास की भी मांग की गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह प्रशासन की गंभीर विफलता है कि दरभंगा जैसे अपेक्षाकृत शांत क्षेत्र में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसी जघन्य वारदातें यह दर्शाती हैं कि जिला प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। भाकपा नेताओं ने पीड़ित परिवार एवं स्थानीय लोगों द्वारा किए गए सड़क जाम एवं आगजनी को लेकर स्पष्ट कहा कि यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की जानकारी नहीं है, ऐसे में आंदोलन करने वालों पर दमनात्मक कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। वही पीड़ित पक्ष के 7 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# अब तक 1,08,000 किसानों का पंजीकरण, 2,10,000 का ई-केवाईसी पूर्ण

## किसान पंजीकरण एवं ई-केवाइसी में तेजी लाने को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



- डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में अयोजित बैठक में जिले में 2,74,158 किसानों को पीएम किसान का लाभ
- शेष 1,02,000 किसानों का पंजीकरण किया जाना बाकी, किसान पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026
- पंचायत स्तर पर कर्मियों की संख्या बढ़ाने का निर्देश, प्रत्येक प्रखंड में 95 आईडी क्रिएट करने की व्यवस्था
- अगले तीन दिनों में 50,000 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य, लक्ष्य पूरा नहीं होने पर आवंटन प्रभावित होने की संभावना
- मुख्य सचिव स्तर से प्रतिदिन की जा रही है समीक्षा

**भागलपुर।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसान पंजीकरण एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, तीनों डीसीएलआर सहित जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारियों (सीओ) को पंजीकरण एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भागलपुर जिले में कुल 2,74,158 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे थे, जिनका किसान पंजीकरण एवं ई-केवाईसी किया जाना है। अब तक 1,08,000 किसानों का पंजीकरण तथा 2,10,000 किसानों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष 1,02,000 किसानों का पंजीकरण किया जाना बाकी है। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा किसान पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने शेष किसानों के पंजीकरण में तेजी लाने के लिए पंचायत स्तरीय टीम में कर्मियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत रोजगार सेवक, आवास सहायक, पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायकों को आवश्यकता अनुसार आईटी आईडी क्रिएट कर पंजीकरण कार्य में लगाने का निर्देश दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रत्येक प्रखंड में 95 आईडी क्रिएट की जा सकती हैं। जिलाधिकारी ने आगामी तीन दिनों में 50,000 किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए किसान पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूर्ण करना आवश्यक है ताकि राज्य को पूर्ण आवंटन प्राप्त हो सके। इस कार्य की प्रगति की समीक्षा मुख्य सचिव, बिहार के स्तर से प्रतिदिन की जा रही है।

## हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में घुम रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने मंगलवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के धोबिया पोखर के पास कुछ अपराधियों के एकत्र होकर कोई बड़ी अपराधिक घटना की योजना बनाने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) के नेतृत्व में गठित पुलिस की विशेष टीम द्वारा संभावित ठिकाने पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीन अपराधियों को दबोचने के बाद उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान मो. अदनान, सुनील कुमार एवं अरुण कुमार के रूप में हुई है और तीनों हबीबपुर क्षेत्र का रहने वाला है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो अपराधियों मो अदनान एवं अरुण कुमार दास के विरुद्ध मोजाहिदपुर और हबीबपुर थानो में कई संगीन मामला दर्ज है। इधर टीम तीनों के किसी अपराधिक गिरोह से जुड़ने की जांच कर रही है। इधर इस सिलसिले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर तीनो पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## पिता और दो पुत्र धराए

**भोजपुर)।** पुलिस ने नाली के पानी की निकासी के विवाद में हुई हत्या के एक मामले में आरोपी पिता और उसके दो पुत्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह हत्या कल हुई थी। गिरफ्तार लोगों में परमानंद राम निवासी चमरटोली, अगिआंव बाजार तथा परमानंद राम के दो पुत्र धर्मेन्द्र राम तथा चंदन राम बताया गया है।

## वीबी-जी राम जी अधिनियम देश के ग्रामीण परिवारों के लिए ऐतिहासिक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भोजपुर।** उप विकास आयुक्त भोजपुर, गुंजन सिंह द्वारा विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 से संबंधित एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि संसद द्वारा हाल ही में पारित विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके तहत रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। इस अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं में बेरोजगारी भत्ता का अधिकार, समय पर मजदूरी भुगतान एवं विलंब होने पर प्रतिदिन मुआवजा, ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रता, तथा ग्राम सभा के माध्यम से विकसित ग्राम पंचायत योजना का निर्माण शामिल है। योजना के अंतर्गत कार्यों की चार प्रमुख श्रेणियाँ–जल सुरक्षा एवं संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने से संबंधित कार्य–निर्धारित की गई हैं, जो समग्र विकास एवं स्थायी आजीविका का आधार बनेंगी। इसके साथ ही विभागों के एकीकरण, पारदर्शिता, कृषि कार्यों के दौरान 60 दिनों की अवधि में योजना के कार्य स्थगित रखने, तथा प्रशासनिक मद की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा के अंतर्गत वर्तमान में चल रहे सभी कार्य सुरक्षित हैं और निर्बाध रूप से जारी रहेंगे, तथा वीबी-जी रैम जी अधिनियम के पूर्ण रूप से लागू होने पर ग्रामीणों को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार एवं बढ़ी हुई मजदूरी दरों का लाभ प्राप्त होगा।

## वृद्ध का शव बरामद

**पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पालीगंज थाना क्षेत्र के सियारामपुर नहर से एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। मंगलवार की शाम पालीगंज थाना को सूचना मिली कि सियारामपुर नहर के दक्षिणी छोर पर करीब 65 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति नहर में गिरा पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव को बाहर निकलवाया। मृत व्यक्ति की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। वह मटमैले रंग का कुर्ता और पैरों में काले रंग का जूता पहने हुए था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। एसआई विनय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नहर में गिरने से मौत का प्रतीत हो रहा है।

## हवाला, साइबर फ्रॉड एवं शराब कारोबार करने के आरोप में आठ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** थाना अन्तर्गत गोला रोड स्थित एसएस अपार्टमेंन्ट से पुलिस ने हवाला, साईबर फ्रॉड एवं शराब कारोबार करने के आरोप में आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से करीब 4.16 लाख रुपए, मोबाइल व भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दानापुर थाना अन्तर्गत गोला रोड स्थित एस0एस0 अपार्टमेंन्ट के फ्लैट नंबर 305 में कुछ व्यक्तियों के द्वारा एक व्यक्ति को बंधक बना कर रखा गया है। थानाध्यक्ष दानापुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन करते हुए तुरंत कार्रवाई की गईं। जहां बंधक बनाए गए त्रिमूर्ति नगर, दानापुर के रहने वाले शिलानाथ गुप्ता को सकुशल बरामद कर लिया गया। वहीं वहां मौजूद अन्य आठ अभियुक्त को पकड़ लिया गया। जिनके पास से 19.875 लीटर विदेशी शराब, 4,16,500 रू0 नगद एवं 8 मोबाईल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग हवाला एवं शराब का कारोबार करते है। इस कारोबार में शिलानाथ गुप्ता के द्वारा पैसा के लेन-देन एवं साईबर फ्रॉड किया गया है, जिसके कारण इसे बंधक बनाये है एवं इससे जमीन अग्रीमेन्ट करवाने के लिए दबाव डाल रहे है। अग्रतर पूछ-ताछ में पता चला कि गिरफ्तार अभियुक्त अनिश कुमार, राहुल कुमार एवं शिलानाथ गुप्ता मिलकर हवाला का कारोबार करते है तथा स्थानीय व्यवसायियों को 30 प्रतिशत लाभ के नाम पर हवाला में पैसा लगाने को तैयार करते है। उसी क्रम में ये लोग व्यवसायियों को साईबर फ्रॉड का भी शिकार बनाते है। सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## स्वरोजगार के लिए मिल रहा पीएमइजीपी योजना का लाभ

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कम पूंजी अथवा पूंजी हीन योग्य लोगों को स्वरोजगार के लिए पीएमईजीपी योजना का लाभ मिल रहा है और लोग इसका भरपूर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इनमें हीं भोजपुर के आरा प्रखंड के धुधुआं पंचायत के संजीव फौजी हैं। संजीव फौजी ने पैसे का उपयोग मिल स्थापित करने में किया है जिसका उन्हें लाभ भी हुआ है। संजीव फौजी बताते हैं कि पूंजी के कारण लोगों को व्यवसाय करने में समस्याएं आती हैं मगर सरकार की पहल इस दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

## पृष्ठ 1 शेष

### बिहार में बनेंगे पांच एक्सप्रेस...

44 स्थानों पर आरओबी का निर्माण कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम तथा बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। इसके एलायनमेंट में बिहार स्थित पसराहा. अगुवानी घाट, सुल्तानगंज, कटोरिया व चानन है। वहीं नारायणी-गंगा कारिडोर की लंबाई 225 किमी है। यह बगहा के एनएच-727 ए से शुरू होकर भोजपुर जिले के पातर तक जाएगा। इसके बन जाने से भोजपुर, सारण, सिवान, गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण जिले को त्वरित संपर्कता मिलेगी। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि सड़क मार्ग से यात्रा शुरू करने के क्रम में अधिकतम 20 किमी की दूरी तय करने पर चार लेन सड़क पर पहुंच जाए इस दिशा में राज्य सरकार काम कर रही है।

### सीएम नीतीश ने बिहार की...

नबीन भावुक हुए और कहा कि हमेशा से कोशिश करता रहा हूं कि अपने पिता की छवि को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ूं। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी जनप्रतिनिधियों को जरुरत है कि जनता के साथ ऐसे जुड़े कि हम अगर नहीं भी रहें तब भी हमारे काम की बातें जनता के बीच हो। राजनीतिक रूप से हमें सफतला तब मिलेगी जब हमारे नहीं रहने पर भी उस सोंच के साथ लोग हमें याद करेंगे। इसके पूर्व बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार विधानसभा परिसर पहुंचे नितिन नवीन का विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत के दौरान प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को भगवान विष्णु के चरण चिन्ह, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और मां मंगला गौरी का प्रतीक चिन्ह भेंट किया तथा गया की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गया मोक्ष और ज्ञान की भूमि है, जहां भगवान विष्णु के चरणों की पावन धरा, भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली और शक्तिपीठ मां मंगला गौरी का आशीर्वाद समाहित है।अपने संबोधन में प्रेम कुमार ने कहा कि नितिन नवीन का नेतृत्व अनुभव, ऊर्ज़ा और संगठनात्मक दृष्टि का समन्वय है, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी और जनहित व विकास के कार्यों को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में बिहार प्रगति के नए आयाम हासिल करेगा। नितिन नवीन ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गया की भूमि उन्हें सदैव प्रेरणा देती रही है। उन्होंने राज्य के समग्र विकास, संगठन की सुदृढ़ता और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित बिहार सरकार के अन्य मंत्री भी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना...

के अवसरों में भी वृद्धि होगी। बेहतर सड़क संपर्क से आपातकालीन सेवाओं, स्वास्थ्य केंद्रों और शिक्षण संस्थानों तक पहुंच भी आसान होगी। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बिहार में ग्रामीण संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में यह सहायता राशि महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे ग्रामीण विकास को नई गति मिलने और राज्य के समग्र विकास में योगदान की उम्मीद जताई जा रही है।

## व्यवहार न्यायालय में नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने आज जिले के कहलगांव व्यवहार न्यायालय में नवनिर्मित एमेनिटी बिल्डिंग और हाजत भवन सहित व्यवहार न्यायालय भागलपुर, कहलगांव और नवगछिया के 9 ई-सेवा केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, न्यायाधीश सह भागलपुर के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा, न्यायाधीश सह रोहतास के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति पार्थ सारथी, न्यायाधीश सह जमुई के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति डॉक्टर अंशुमान, न्यायाधीश सह शेखपुरा के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति सौरेन्द्र पांडे, न्यायाधीश सह बांका के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति रितेश कुमार, न्यायाधीश सह शिवहर के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति अंशुल एवं पटना उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगण एवं रजिस्ट्रार जनरल मौजूद थे। कहलगांव के समारोह में भागलपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, नगर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के साथ भागलपुर व्यवहार न्यायालय के प्रथम एवं द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपस्थित थे। मुख्य न्यायाधीश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन भवनों के बनने से जहां एक ओर व्यवहार न्यायालय के आधारभूत संरचना का विस्तार हुआ है, वहीं आम जनता को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। न्यायलय के प्रति विश्वास बढ़ेगा और न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। समय से न्याय मिलेगा और सभी के लिए न्यायिक व्यवस्था में पहुंच कायम होगी।

## बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ ने 10वां स्थापना दिवस मनाया

### 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ का 10 वां स्थापना दिवस टेंपो स्टैंड रेलवे स्टेशन के पास स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव किरण प्रसाद ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माले नेताओं ने कहा कि आरा शहर में टेंपो चालकों के साथ नगर निगम सहित के शहर के पुलिस व असामाजिक तत्वों के द्वारा अत्याचार किया जाता था टेंपो चालकों से पूरे शहर में मनमानी तरीके से अवैध टैक्स की वसूली की जाती थी उनके साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा अक्सर मारपीट किया जाता था। पुलिस जुर्म भी जारी था ऐसे वक्त में पिछले 9 साल पहले बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ की स्थापना की गई थी और इस संगठन के बनने के बाद टेंपो चालकों पर जिला प्रशासन हो पुलिस या अपराधियों का तांडव हो इसके खिलाफ यह संगठन पिछले 9 सालों से संघर्ष कर टेंपो चालकों की प्रतिष्ठा को बनाए रखा आगे जारी रहेगा। आगे माले नेताओं ने चार श्रम कोड कानून को वापस लेने की मांग को लेकर बिहार राज्य ई-रिक्शा टेम्पू चालक संघ से 12 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल में बढ़-चढ़ हिस्सा लेते हुए सफल बनाने का आह्वान किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाकपा-माले नगर सचिव सुधीर कुमार,जिला कार्यालय सचिव सचिव दिलराज प्रीतम, अमित कुमार बंटी, राजू खान, राजू प्रसाद, चंदन कुमार, रोहित कुमार, शंकर कुमार, राहुल कुमार, परमात्मा पासवान, राहुल गांधी, मो0 पप्पू, अजीत कुमार, गणेश कुमार, गुड्डू कुमार, मो0 रुस्तम, मो0 सोनू, अरविंद कुमार, बंटी कुमार, भुअर कुमार, मो0 सलीम, मो0 मनी आदि कई लोग मौजूद थे।

## देश के कई राज्य व जिलों में खत्म हो चुका है फाइलेरिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड परिसर में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में फाइलेरिया मुक्त भविष्य की ओर कार्यक्रम अंतर्गत एम.डी.ए. अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अभियान का उद्घाटन करते हुए उपस्थित पदाधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं आमजनों को अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विदित है कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 10 फरवरी 2026 से औरंगाबाद जिला में एम.डी.ए. अभियान का संचालन किया जाना निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्धारित अवधि में लक्षित जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा, ताकि फाइलेरिया संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके तथा जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि फाइलेरिया उन्मूलन हेतु यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्य एवं जिले फाइलेरिया मुक्त घोषित हो चुके हैं, परंतु औरंगाबाद जिला में अभी भी फाइलेरिया के रोगी पाए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के लिए यह आवश्यक है कि इस बार सभी संबंधित विभागों एवं जनसामान्य के सहयोग से फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि अभियान अवधि के दौरान केवल दवा वितरण तक सीमित न रहते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी लाभार्थी दवा का सेवन अवश्य करें। दवा सेवन के संबंध में किसी प्रकार की भ्रांति, अफवाह अथवा संदेह की स्थिति में संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा तत्क्षण आवश्यक जानकारी प्रदान की जाए, ताकि अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा एम.डी.ए. अभियान की कार्ययोजना, दवा सेवन की प्रक्रिया, लक्षित समूह एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर निगरानी एवं समन्वय व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात भी कही गई। अंत में जिलाधिकारी द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी दवा सेवन हेतु प्रेरित करें, ताकि औरंगाबाद जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन डॉक्टर कृष्ण कुमार, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी हेमंत राजन, दाउदनगर डीसीएलआर, ओबरा प्रखंड प्रमुख, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूरे, 12 को छतरपुर के ग्राम डाली में होगा आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ट्री मैन ऑफ इंडिया, पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ. कौशल किशोर जायसवाल के शुरू किए गए ऐतिहासिक पर्यावरण आंदोलन पर स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने वर्ष 1967 में जंगल लगाओ- जंगल बचाओ अभियान की शुरुआत छतरपुर प्रखंड के ग्राम डाली से की थी। उस समय उन्होंने अपनी निजी भूमि की 7.72 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण किए थे। स्वर्ण जयंती समारोह 12 फरवरी को डाली बाजार, कौशल नगर में आयोजित होगा। मौके पर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क में विश्व के 22 देशों से लाए गए लगभग 200 प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। मौके पर पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन भी होंगे। पद्म विभूषण स्व. सुंदरलाल बहुगुणा की जीवनी पर आधारित पुस्तक का विमोचन डालटनगंज बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन, आकाश बाग में 3 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि नेपाल सरकार के सलाहकार व प्रख्यात पर्यावरणविद सरोज कुमार शर्मा होंगे। पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर एवं कार्यक्रम का उद्घाटन अमेरिकी लेखक, रिसर्चर एवं पर्यावरणविद जॉर्ज जेम्स करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिला से एपिको आंदोलन के प्रणेता पांडुरंग हेगड़े उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में डॉ. कौशल किशोर जायसवाल, ग्राम डाली की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, पार्क अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, शिशिर शुक्ला, मिट्ठू ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की जानकारी दी।

## पाइपलाइन से घर-घर स्वच्छ पेयजल होगा उपलब्ध : नम्रता त्रिपाठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नम्रता त्रिपाठी मेदिनीनगर निगम क्षेत्र की चातुर्दिक विकास करेंगी। ये समझदार व उच्च शिक्षा योग्यताधारी हैं। कानून की जानकार, एलएलबी में पीएचडी हैं। यही कारण है कि मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के युवक व युवतियों की आइकॉन हो गई हैं। अपने नाम से ही नम्रता को परिभाषित करती हैं। इसी कारण बुजुर्गों व भाइयों- बहनों का इन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। उक्त बातें पलामू जिला कंग्रेस कमेटी की पलामू जिला अध्यक्ष विमला कुमारी ने कही। वे मंगलवार को नम्रता त्रिपाठी के साथ जेलहाता व आरडीएस रमाडा होटल क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क कर रही थी। नम्रता त्रिपाठी घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। साथ ही बेंच छाप पर मुहर लगाकर विजयी बनाने का आह्वान किया।

कंग्रेस अध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि नम्रता त्रिपाठी अपने चुनाव प्रचार में केवल सड़क से नहीं गुजर रही हैं बल्कि एक-एक घर में जनसंपर्क कर रही हैं व आशीर्वाद ले रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद अपनी पूरी काबिलियत के साथ मेदिनीनगर नगर निगम का व्यापक ढंग से विकास करेंगी। मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के विकास की सोच इनके बड़े ही ऊंचे हैं। कहा कि वे नम्रता त्रिपाठी की सोच व समझ से बड़ी ही प्रभावित हैं। विमला कुमारी ने विश्वास जताते हुए कहा कि नम्रता त्रिपाठी मेयर बनेगी तो मेदिनीनगर वासियों का नगर निगम पर राज होगा। नम्रता त्रिपाठी जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से लगाम लगाएंगी। मौके पर मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की स्थिति काफी दयनीय है। निगम विकास से कोसो दूर है। नगर निगम में शामिल किए गए गांव व अन्य क्षेत्र में विकास की एक भी किरण नहीं पहुंची है। बदले में ग्रामीणों को दोहरा टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर वे मेयर बनती हैं तो निगम क्षेत्र को सुविधायुक्त करेंगी। एक सवाल के जवाब में नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि वे पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का काम करेंगी। इसके पश्चात नाली व सड़क का निर्माण कराएंगी। मौके पर बड़ी संख्या में नम्रता त्रिपाठी समर्थक मौजूद थे।




# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर भारतीय शिक्षा समिति एवं शिशु विद्या प्रबंध समिति की अनूठी पहल

## औरंगाबाद में आयोजित प्रधानाचार्यों के सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती के तत्वावधान में आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2026 के तृतीय दिवस शिक्षा के सामाजिक, संस्कारात्मक एवं शैक्षिक आयामों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। चार दिवसीय सम्मेलन के प्रथम सत्र का विषय सामाजिक समरसता रहा। प्रथम सत्र के उपरांत सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में नवनिर्मित 'माधव सेतु', ई-लाइब्रेरी तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिशु वाटिका परिसर का उद्घाटन किया गया। द्वितीय सत्र में किशनवीर सिंह शाक्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर मार्गदर्शन दिया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच स्तंभ- गुणवत्ता, समानता, वहनयोग्यता, सुलभता और उत्तरदायित्व को विद्यालय व्यवस्था का आधार बताते हुए इसे प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया। कहा यह नीति केवल पाठ्यक्रम या परीक्षा प्रणाली में बदलाव तक सीमित नहीं है बल्कि यह शिक्षा की सोच, उद्देश्य और संरचना तीनों को नए सिरे से परिभाषित करती है।

### शिक्षा सुधार से राष्ट्र निर्माण की दिशा



सरस्वती शिशु मंदिर, बंदीपुर रामगढ़ के प्रधानाचार्य राजीव रंजन ने कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से व्यापक सुधार की आवश्यकता महसूस कर रही थी। वैश्वीकरण, तकनीकी क्रांति, बदलते रोजगार के स्वरूप और सामाजिक अपेक्षाओं के बीच वर्ष 1986 की शिक्षा नीति समय की कसौटी पर पुरानी पड़ चुकी थी। ऐसे में वर्ष 2020 में लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भारतीय शिक्षा व्यवस्था में एक ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

### शिक्षा के मूल दर्शन में परिवर्तन



सरस्वती शिशु मंदिर, जम्होर के प्रधानाचार्य परशुराम ओझा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का केंद्रीय विचार यह है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति का समग्र विकास करना है। नीति ज्ञान, कौशल, नैतिकता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को समान महत्व देती है। रटंत प्रणाली के स्थान पर समझ, विश्लेषण, नवाचार और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना इसका मूल लक्ष्य है।

### स्कूल शिक्षा में संरचनात्मक बदलाव



शीतल प्रसाद कलावती देवी सरस्वती विद्या मंदिर, रजौली के प्रधानाचार्य धनंजय शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 के तहत लागू की गई 5+3+3+4 की नई शैक्षणिक संरचना भारतीय शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा परिवर्तन है। इसके माध्यम से पहली बार 3 से 6 वर्ष के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के दायरे में शामिल किया गया है। प्रारंभिक बाल्यावस्था को सीखने की नींव मानते हुए खेल, कहानी, संगीत और गतिविधि आधारित शिक्षा पर ज़ोर दिया गया है।

### मातृभाषा और भाषाई सशक्तिकरण



सरस्वती विद्या मंदिर, गुलाबबाग बाढ़ के प्रधानाचार्य जयंत कुमार चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का एक महत्वपूर्ण और चर्चित पहलू है प्रारंभिक शिक्षा में मातृभाषा या स्थानीय भाषा का प्रयोग। नीति मानती है कि बच्चे अपनी भाषा में अधिक सहजता से सोचते, समझते और अभिव्यक्त करते हैं। कक्षा 5 (और संभव हो तो 8) तक मातृभाषा में शिक्षा से न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि भाषाई और सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी मजबूत होगा।

### परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली में मानवीय दृष्टिकोण



पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर के उप प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली लंबे समय से परीक्षा और अंकों के दबाव से जूझती रही है। एनईपी 2020 इस मानसिकता को बदलने का प्रयास करती है। बोर्ड परीक्षाओं को कम तनावपूर्ण बनाने, साल में दो बार परीक्षा का विकल्प देने और परियोजना, प्रस्तुति तथा गतिविधि आधारित मूल्यांकन को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है।

### उच्च शिक्षा में लचीलापन और अवसर



सरस्वती विद्या मंदिर, नया गांव जमालपुर के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एनईपी 2020 ने कई क्रांतिकारी प्रावधान किए हैं। मल्टी-एंट्री और मल्टी-एग्जिट सिस्टम के तहत यदि कोई छात्र किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ देता है, तो भी उसका शैक्षणिक वर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। एक वर्ष पर सर्टिफिकेट, दो वर्ष पर डिप्लोमा और तीन या चार वर्ष पर डिग्री का प्रावधान छात्रों को सामाजिक और आर्थिक दबाव से राहत देता है।

### कौशल, तकनीक और शोध पर विशेष बल



चमन साह सरस्वती विद्या मंदिर, बांका के उप प्रधानाचार्य संजय कुमार नवनीत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा को सीधे रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने की बात करती है। डिजिटल साक्षरता, कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना का उद्देश्य भारत में शोध और नवाचार की संस्कृति को मजबूत करना है जिससे देश वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका सशक्त कर सके।

### शिक्षक : शिक्षा व्यवस्था की रीढ़



सरस्वती विद्या मंदिर, नबीनगर के प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्र ने कहा कि एनईपी 2020 यह स्वीकार करती है कि किसी भी शिक्षा सुधार की सफलता शिक्षकों पर निर्भर करती है। इसलिए शिक्षकों के लिए चार वर्षीय एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम, निरंतर प्रशिक्षण और पेशेवर विकास को अनिवार्य किया गया है। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर उन्हें शिक्षण और मार्गदर्शन पर केंद्रित करने की परिकल्पना की गई है।

### समावेशी और समान शिक्षा



सरस्वती शिशु मंदिर, संगत परिसर, रजौली के प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने कहा कि नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसका समावेशी दृष्टिकोण है। ग्रामीण क्षेत्रों, बालिकाओं, दिव्यांगों, अनुसूचित जातिऽजनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। लैंगिक समावेशन कोष, छात्रवृत्तियां और डिजिटल संसाधनों के विस्तार के माध्यम से शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने का प्रयास किया गया है।

### चुनौतियां और क्रियान्वयन की कसौटी



परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती विद्या मंदिर, बौंसी के प्रधानाचार्य जितेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा और उद्देश्य स्पष्ट हैं, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। राज्यों के बीच समन्वय, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या, डिजिटल अवसंरचना और वित्तीय संसाधन जैसी चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। यदि इन चुनौतियों का समाधान नहीं हुआ, तो नीति के कई प्रावधान कागज़ों तक सीमित रह सकते हैं।

### सामाजिक संरचना को दे सकती है नई दिशा



सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक खंड, औरंगाबाद के प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह ने कहा कि कुल मिलाकर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत को ज्ञान आधारित समाज से कौशल आधारित राष्ट्र में बदलने की आकांक्षा रखती है। यदि इसे राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और सामाजिक सहयोग के साथ लागू किया गया, तो यह नीति आने वाले दशकों में भारत की शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को नई दिशा दे सकती है।

### बुनियाद मजबूत करने पर विशेष ध्यान



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, महाराणा प्रताप नगर, औरंगाबाद के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि प्रारंभिक और मध्य स्तर पर भाषा, गणित और तार्किक सोच की बुनियाद मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कक्षा 6 से व्यावसायिक शिक्षा और इंटर्नशिप को शामिल करना इस बात का संकेत है कि नीति शिक्षा को जीवन और रोजगार से सीधे जोड़ना चाहती है। इसके साथ ही अकादमिक क्रेडिट बैंक की व्यवस्था छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से अर्जित क्रेडिट को जोड़ने की सुविधा देती है।

# शांति विद्या निकेतन की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा होगी आसान

## अभिभावकों को मिलेगी विशेष सुविधा, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर रहेगा जोर : पंकज सिंह

## कई हस्तियों की मौजूदगी में विद्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षा का उद्देश्य किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं अपितु चरित्र निर्माण करना है। भारतीय गुरु शिष्य की परंपरा जीवन की सार्थकता और संस्कार से जुड़ी हुई थी लेकिन लॉर्ड मैकाले ने भारतीय शिक्षा नीति को छिन्न-भिन्न कर दिया। उक्त बातें भारत के डॉल्फिन मैन और पद्मश्री से विभूषित डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा ने गौरेश्वर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर नवीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ गांव में शांति विद्या निकेतन के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। समारोह का उद्घाटन पद्मश्री डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा, पटना विश्वविद्यालय के डॉ. श्रीकांत सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत महाप्रबंधक शंभू किशोर मलिक, सेवानिवृत्ति सीएम एसबीआई नरेंद्र कुमार सिंह एवं सचिव पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। डॉ सिन्हा ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र




में समुचित शैक्षणिक व्यवस्था के साथ प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा पद्धति को लेकर वे चिंतित हैं वहीं भविष्य को लेकर आशान्वित भी हैं। डॉ. सिन्हा ने कहा कि 35 वर्षों तक गंगा नदी पर रिसर्च किया। गोमुख से गंगासागर तक कई महीने गंगा नदी में बिताएं। जब वे पढ़ाई के लिए पटना पहुंचे तब नाविकों ने बताया कि नदी के यह जीव (डॉल्फिन) पानी में बच्चे देते हैं और उन्हें पानी में ही दूध पिलाते हैं। नाविकों की बातें सुनकर उनके मन में उत्कंठा जगी। उन्होंने कहा कि शोध कार्य के लिए वे कई देशों का दौरा कर चुके हैं। विदेश से जॉब के कई ऑफर भी आए परन्तु वे गंगा मां को छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहते। डॉ. श्रीकांत सिंह ने कहा कि माता-पिता बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। पैसे कमाने की होड़ में अभिभावक का बच्चों के भविष्य निर्माण में योगदान कम हुआ है। मोबाइल की लत से बच्चों में एकाकीपन और डिप्रेशन का खतरा बढ़ गया है। आज हमारे समाज में बुजुर्गों और बच्चों का एक साथ बैठना लगभग बंद हो चुका है जिसका परिणाम है कि संस्कार का ह्रास हो रहा है। शांति विद्या निकेतन में बच्चों के चारित्रिक उत्थान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पंकज कुमार सिंह ने कहा विद्यालय का उद्देश्य भारतीय परंपरा के अनुसार उत्कृष्ट चरित्र का निर्माण, विश्व के बदलते परिवेश के अनुसार बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास कर कुशल, काबिल और कामयाब बनाना है। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा नाटक और सांस्कृतिक नृत्य व गीत की प्रस्तुति दी गई। मौके पर प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, विकास सिंह, सौरभ कुमार सिंह, संजीव सुमन समेत बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राएं, समाजसेवी व स्थानीय लोग मौजूद थे।

# औरंगाबाद में 52 प्रतिशत किसानों का बना फार्मर आइडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के अंतर्गत फार्मर आईडी कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव तथा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित करने हेतु पंचायतस्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में आयोजित इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं। विदित हो कि उक्त अभियान को तेजी से पूरा करने के लिए जिले में पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर पंचायत सरकार भवन एवं अन्य सरकारी भवनों में लगाए जा रहे हैं। शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर रहे हैं। मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि यह शिविर थर्ड मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है तथा इसकी तिथि को 11 फरवरी से बढ़ाकर 14 फरवरी तक कर दिया गया है। उन्होंने जिले को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मिशन मोड में कार्य करते हुए अभियान का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शिविरों के अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से शेष एवं लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूरी कराने तथा कार्य की सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। जिले में अभी तक 2,00,529 किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध 1,03,815 किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है, जो कुल 52 प्रतिशत है।

# साज़िश के तहत एएसआइ को बदनाम करने का आरोपित गृहरक्षक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साज़िश के तहत कुटुंबा थाना के एएसआइ महेंद्र पासवान को बदनाम करने वाले आरोपी गृह रक्षक विवेक कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुंडा गांव का रहने वाला है। वह कुटुंबा थाना में गाड़ी चलता था। आरोप है कि बीते दिनों आरोपी गृह रक्षक विवेक की गतिविधि संदिग्ध पाए जाने पर थाना से हटा दिया गया था। इसको लेकर बदले की भावना से उसने साज़िश के तहत एएसआई महेंद्र पासवान के कमरे में शराब की बोतले रख दिया और मामले की सूचना आइजी को दी। आइजी के निर्देश पर एएसआई के कमरे की तलाशी ली गई जिसमें शराब की बोतल बरामद होने पर एएसआई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जांच के दौरान मामले की खुलासा होने पर आरोपी विवेक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विवेक ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि साजिश के तहत एएसआई महेंद्र पासवान को बदनाम के आरोप में गृहरक्षक विवेक को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विधानसभा में देव प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापना की मांग

## भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शून्यकाल के दौरान उठाया मामला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा में शून्यकाल के दौरान औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड अंतर्गत देव नगर पंचायत क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना की लंबे समय से उठ रही मांग का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। औरंगाबाद के भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शून्यकाल सूचना के माध्यम से शिक्षा मंत्री से इस विषय पर सरकार की स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने सदन को अवगत कराया



कि देव नगर पंचायत क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने बताया कि देव नगर पंचायत की आबादी 5000 से अधिक है तथा यह क्षेत्र नगर निकाय के रूप में अधिसूचित है, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना एवं अन्य प्रशासनिक संस्थान संचालित हैं। इसके बावजूद उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र के युवाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देव प्रखंड नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है और इसे आकांक्षी प्रखंड के रूप में चिन्हित किया गया है। ऐसे क्षेत्र में उच्च शिक्षा संस्थान की कमी के कारण हजारों छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बाहर पलायन करना पड़ता है, जिससे विशेषकर गरीब और बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित होती है। विधायक श्री सिंह ने सरकार से यह जानना चाहा कि क्या राज्य सरकार देव नगर पंचायत क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने पर विचार कर रही है। यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किया जायेगा। इस मुद्दे के उठने से देव प्रखंड के लोगों में उम्मीद जगी है कि सरकार क्षेत्र की शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए सकारात्मक निर्णय लेगी।

# मृत अज्ञात बुजुर्ग की पहचान में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र अंतर्गत जनकोप मोड़ के समीप से बरामद बुजुर्ग व्यक्ति के शव को शिनाख्त नही हो सकी है। हालांकि, पुलिस प्रशासन उसकी पहचान में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह बारुण थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि जनकोप के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्परता से घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए गए। घायल अवस्था में मिले व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत अज्ञात शव को पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रख दिया गया है। पुलिस को वृद्ध की पहचान संबंधी दस्तावेज या स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

# सरकारी योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जा रहा : अभिलाषा शर्मा

## ओबरा प्रखंड परिसर में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड परिसर में 10 फरवरी 2026 को प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के गायन से हुआ जिसके बाद जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, वरीय पदाधिकारियों और प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर की ओर से जिला पदाधिकारी को पौधा भेंट किया गया। इसके साथ ही अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों का भी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिले की स्थापना के 54 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रशासन को सीधे आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रशासन गांव की ओर की भावना और सात निश्चय तीन के अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल और पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने नागरिकों से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने की अपील की और आश्वस्त किया कि आवेदनों का निष्पादन निर्धारित



समय सीमा में किया जाएगा। शिविर के दौरान उन्होंने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और आवेदकों से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में कुल 33 स्टॉल लगाए गए, जिनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, निःशक्तता पेंशन, बैंकिंग सेवाएं, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, नल जल योजना, कौशल विकास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाकर दवा वितरण, नेत्र जांच, चश्मा वितरण, रक्त जांच, आयुष्मान भारत कार्ड और यूडीआईडी कार्ड से जुड़ी सेवाएं दी गईं। अभियान के दौरान कुल 344 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 35 का निष्पादन मौके पर किया गया। शेष आवेदनों के शीघ्र और समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, वरीय उपसमाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, दाउदनगर भूमि उपसमाहर्ता प्रणव कुमार और बेबी प्रिया, प्रखंड प्रमुख शकुंतला देवी, स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार राजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

CMYK